# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 01 नवम्बर 2024
मार्गशीर्ष कृष्ण 15 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 69
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड, 26 पर लगाया मकोका

मुंबई। राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई पुलिस ने 26 आरोपियों पर मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) लगाया। इस मामले में अभी भी तीन आरोपी वांछित हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि बाबा सिद्दीकी को 12 अक्तूबर की रात उनके बेटे और कांग्रेस नेता जीशान सिद्दीकी के ऑफिस से बाहर निकलने के दौरान गोली मारी गई थी। जिसके बाद लीलावती अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

### भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार रोजगार कैलेंडर प्रकाशित

हाजीपुर। भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार रोजगार कैलेंडर प्रकाशित किया गया है। सभी रिक्तियों की अधिसूचना तय समय के मुताबिक जारी की गई। फरवरी 2024 में 18,799 पदों के लिए कैलेंडर प्लान के मुताबिक सहायक लोको पायलट (एएलपी) की रिक्तियां प्रकाशित की गई थी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इन भर्तियों के लिए एएलपी परीक्षा 5 दिनों तक 29 राज्यों के 156 शहरों में 346 केंद्रों पर तीन शिफ्टों में आयोजित की गई। कड़ी निगरानी में कंप्यूटर आधारित सीबीटी टेस्ट लिया गया। साथ ही उम्मीदवारों की प्रमाणिकता के लिए 92 प्रतिशत उपस्थित उम्मीदवारों का आधार कार्ड द्वारा पहचान सत्यापन किया गया। सहायक लोको पायलट के 18,700 रिक्तियों के लिए कुल 18.4 लाख युवाओं ने आवेदन किया था हालाँकि परीक्षा में टर्नअप प्रतिशत केवल 62 प्रतिशत रहा। विदित हो कि भारतीय रेलवे ने 2014-24 के दौरान 5 लाख लोगों की भर्ती की, जबकि पिछले दशक यानी 2004-2014 के दौरान यह संख्या सिर्फ 4 लाख थी। अर्थात पिछले दशक के मुकाबले 25 फीसदी ज्यादा लोगों को रेलवे ने रोजगार दिया है।

### अमृतसर में भारी मात्रा में हथियार बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर पाकिस्तान से तस्करी करके लाए गए हथियारों की खेप बरामद किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को बड़ा झटका देकर काउंटर इंटेलिजेंस, अमृतसर ने पाकिस्तान से तस्करी करके लाए गए हथियारों की खेप को सौंपने के लिए दूसरे ऑपरेटिव का इंतजार कर रहे अमृतसर के घरिंडा के पास नूरपुर पधरी से दो लोगों को गिरफ्तार किया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने आठ अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं जिसमें चार ग्लॉक पिस्तौल (मेड इन ऑस्ट्रिया), दो तुर्किये 9 मिमी पिस्तौल और दो एक्स-शॉट जिगाना.30 बोर पिस्तौल के साथ-साथ 10 राउंड शामिल हैं।

### कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में लगी आग, 200 बाइक जलकर खाक

वाराणसी। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर अचानक भीषण आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से 200 बाइकें जलकर खाक हो गई। आग उस क्षेत्र में लगी, जहां रेलवे कर्मचारी अपने वाहन पार्क करते हैं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और जीआरपी-आरपीएफ ने आग पर काबू कर लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

## महाराष्ट्र में सत्ता संग्राम...

**मुंबई। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री कौन सा चेहरा होगा, इस पर अभी तक सस्पेंस बना हुआ है लेकिन मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख सामने आ गई है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, 2 दिसंबर को भाजपा विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधायक अपने दल के नेता का चुनाव करेंगे। इसके बाद 5 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे मुंबई के आजाद मैदान में मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा। समारोह में पीएम मोदी समेत भाजपा के तमाम मुख्यमंत्रियों और अन्य दिग्गजों के जुटने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि किसको किसको क्या मंत्रालय मिलेगा ये तो तीनों पार्टियों के नेता तय करेंगे और आगे का फॉर्मूला भी तीनों दलों के नेता तय करेंगे। उधर, सूत्रों के अनुसार, एकनाथ शिंदे महायुति 2.0 सरकार में दूसरे नंबर का पद स्वीकार करने के बजाय महायुति के संयोजक बनने के इच्छुक हैं।**

# सीएम का पता नहीं... शपथग्रहण की तारीख तय

## भाजपा-शिवसेना में गृह मंत्रालय को लेकर पेंच फंसा, शिंदे की तबीयत बिगड़ी, मुंबई से गांव भेजे गए डॉक्टर्स, भाजपा विधायक दल की बैठक टली

सरकार के गठन को लेकर महायुति में चल रही माथापच्ची के बीच एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की पहली डिमांड सामने आई है। पार्टी ने गृह मंत्रालय की मांग की है। शिंदे सेना के नेता संजय शिरसाट का कहना है कि महाराष्ट्र की नई सरकार में शिवसेना को गृह विभाग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृह विभाग (आमतौर पर) उपमुख्यमंत्री के पास होता है। वहीं महायुति सीएम पद को लेकर अभीतक फैसला नहीं ले पा रही है। माना जा रहा है कि भाजपा हाईकमान जातीय समीकरण से लेकर एनडीए के सहयोगी दलों को भरोसे में लेकर निर्णय लेना चाहता है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिन से मुंबई से लेकर दिल्ली तक बैठकें चल रही हैं। उधर, 29 नवंबर को शिंदे दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुंबई लौटे और सभी कार्यक्रम रद्द कर अपने गांव सातारा निकल गए। गांव में उनकी तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, 1 दिसंबर को होने वाली बैठक अब 3 दिसंबर को होगी। इस दिन दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से सीएम फेस अनाउंस



### गृह मंत्रालय को लेकर पेंच फंसा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 सीटों में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब तक नई सरकार की शपथ पर सस्पेंस बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री का पद छोड़ कर डिप्टी सीएम का पद लेने को तैयार हो गए हैं, लेकिन वे गृह मंत्रालय पर अड़े हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, शाह से चर्चा के बाद भी विभागों को लेकर गठबंधन में खींचतान मची हुई है। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है।

### एक बार फिर होगी मीटिंग

शिंदे की नाराजगी की अटकलों के बीच शिवसेना नेता उदय सामंत ने कहा, शिंदे की कोई नाराजगी नहीं है। एकनाथ शिंदे की तबियत ठीक न होने चलते वह अपने घर गए हैं। 60 विधायकों ने मिलकर यह संदेश शिंदे जी को दिया है कि हम चाहते हैं वह डिप्टी सीएम बनें, इसका फैसला खुद एकनाथ शिंदे जी करेंगे। उनका सरकार में रहना जरूरी है। वहीं लाडली बहन योजना लाए। इसलिए उनका सरकार में रहना जरूरी है। एक बार फिर से देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार की मीटिंग होगी, जिसमें गहराई से मंत्री मंडल विस्तार पर चर्चा होगी।

### मंत्री पद बंटवारे का फॉर्मूला

सूत्रों के अनुसार, सरकार में विभागों के बंटवारे में प्रत्येक सहयोगी दल की हिस्सेदारी तय करने के लिए छह विधायकों पर एक मंत्री पद के फॉर्मूले पर विचार किया जाएगा। इसके अनुसार, भाजपा के पास करीब 21 से 22 मंत्री पद, शिवसेना शिंदे गुट को 10 से 12 मंत्रालय और अजित पवार एनसीपी गुट को करीब 8 से 9 मंत्रालय मिलेंगे। महाराष्ट्र में मंत्री पद का कुल कोटा मुख्यमंत्री पद सहित 43 से अधिक नहीं होना चाहिए।

केरल के वायनाड में राहुल गांधी बोले

# देश में अडाणी के लिए कानून अलग

वायनाड। प्रियंका गांधी सांसद बनने के बाद शनिवार को पहली बार केरल के वायनाड पहुंचीं। उनके साथ राहुल गांधी भी थे। राहुल ने यहां रैली को संबोधित करते हुए, एक बार फिर अडाणी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अडाणी के साथ हर दूसरे भारतीय से अलग व्यवहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भले अमेरिका में केस चले, भारत में हम उन पर केस दर्ज नहीं करेंगे। राहुल के अलावा प्रियंका ने भी रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने मलप्पुरम में भी रैली की। वहां उन्होंने कहा- पिछले एक हफ्ते से संसद नहीं चल रही है क्योंकि वे (केंद्र सरकार) कुछ मुद्दों पर चर्चा करने से भी डरते हैं। वे इस देश की सारी शक्ति और संसाधन अपने दोस्तों को देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हम संसद में सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि उससे भी बढ़कर हम वायनाड के लोगों के दिलों की भावनाओं को वहां रखते हैं। वायनाड के लोगों ने हम पर भरोसा किया है और माना है कि हम भारत की संसद में उनकी भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब मैं वायनाड में किसी बच्चे को देखता हूँ, तो मुझे याद आता है कि उसके माता-पिता ने मुझे लोकसभा में भेजा है, और उनकी देखभाल करना मेरी जिम्मेदारी है। अगर मैं उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकता हूँ, तो मुझे तुरंत ऐसा करना चाहिए।



### सरकार पर दबाव जरूर बनाएंगे

राहुल गांधी ने कहा कि मैं मुंडक्कई और चूरलमाला के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर अपनी बात शुरू करना चाहूंगा। हम सभी उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्ति को खो दिया है और जो पीड़ित हैं। जब मैं यहां आ रहा था, तो हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि हम उन लोगों के लिए क्या कर सकते हैं जो वायनाड लैंडस्लाइड के पीड़ित हैं। दुर्भाग्य से, चूंकि हम सरकार में नहीं हैं, इसलिए हम सत्तारूढ़ सरकार के समान कार्रवाई नहीं कर सकते। इसलिए, कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ के प्रत्येक सदस्य को पीड़ितों की मदद के लिए सरकार पर दबाव डालना चाहिए।

## भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया अडानी है-संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने फिर केंद्र सरकार और कारोबारी गौतम अडानी पर निशाना साधा है। आप सांसद सिंह ने अडानी को लेकर विवादित टिप्पणी की है। संजय सिंह ने कहा, भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया गौतम अडानी है। आप नेता सिंह ने कहा भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया कोई है तब वह अडानी है। वह हिंदुस्तानियों की बिजली बांग्लादेशियों को बेच रहा है। बांग्लादेश से लगती हुई सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के हवाले है, तब कोई बांग्लादेशी दिल्ली तक कैसे आया और कोई आया भी है, तब केंद्र उस बाहर क्यों नहीं निकाल रही है? सिंह ने मोदी सरकार पर हमला कर कहा कि बीजेपी अब भारतीय झूठ और झगड़ा पार्टी बन चुकी है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था और अपराध के खिलाफ आवाज उठा रहे, बीजेपी और अमित शाह अपराध को रोकने की बजाय केजरीवाल को रोकने का प्रयास कर रहे है। सिंह का यह बयान केंद्र सरकार की नीतियों और अडानी समूह के कारोबार को लेकर आलोचना के रूप में आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश को बिजली सप्लाई के नाम पर अडानी समूह भारत के संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है।



## दिल्ली विधान सभा चुनावों को लेकर गोयल ने किया जनमत संग्रह

### कहा- गंदा पानी, टूटी सड़कें, प्रदुषण, कूड़ा, बांग्लादेशी/रोहिंग्या व भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा

नई दिल्ली। फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनावों को देखते हुए शनिवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने 'लोक अभियान' के कार्यकर्ताओं के साथ राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली के चुनावों में जनता किन मुद्दों को उठाना चाहती है, उस पर जनमत संग्रह किया। जनमत संग्रह में करीब 3700 लोगों ने अपनी राय रखी। गोयल ने कहा 12 विषय - पानी-सीवर, प्रदूषण, टूटी सड़कें, कूड़ा व कूड़े के पहाड़, बदहाल अस्पताल, स्कूल, पार्किंग, कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, प्रदूषित यमुना, बांग्लादेशी/रोहिंग्या, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए गए थे और यह पूछा गया था कि इन समस्याओं को लेकर जिन्हें जनता ने चिह्नित किया है, आप किसे जिम्मेदार मानते हैं। 76 प्रतिशत लोगों ने गंदा पानी, टूटी हुई सड़कें, प्रदूषण, कूड़ा करकट, बांग्लादेशी/रोहिंग्या, और भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा माना। पूर्ण राज्य के दर्जे पर लोगों ने कोई मत व्यक्त नहीं किया। कुछ लोगों का कहना था कि हमें पूर्ण राज्य से मतलब नहीं है, हमें दिल्ली के अन्दर साफ हवा-पानी और कूड़ा मुक्त दिल्ली चाहिए। ज्यादातर लोग आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार समझ रहे हैं क्योंकि अधिकतर समस्याएं इन्हीं के कारण हैं। कानून-व्यवस्था पर 26 प्रतिशत लोगों ने अपना मत रखा और कहा कि केन्द्र सरकार और दिल्ली सरकार को मिलकर इस व्यवस्था को देखना चाहिए। गोयल ने कहा कि सभी पार्टियों को चाहिए कि अपने चुनावी घोषणा-पत्र में केवल समस्याएं न रखें, बल्कि उनका समाधान कैसे, करेंगे, यह भी रखें ताकि जनता को पता चल सके कि पार्टियां कितनी गंभीर हैं। गोयल ने कहा कि वे स्वयं दिल्ली भाजपा की चुनाव घोषणा-पत्र समिति के सदस्य हैं, इसलिए वे कोशिश करेंगे कि इन मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी खुलकर अपने विचार रखे और बताए कि कैसे समाधान करेगी। कुछ लोगों ने कहा कि मुफ्त की रेवड़ियां हमें बाद में चाहिए, पहले हमें अपने बच्चों का भविष्य देखना है, इसलिए प्रदूषण की समस्या सबसे पहले हल होनी चाहिए, नहीं तो हम दिल्ली छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे।



### देश में डब्ल्यूएचओ के मानकों से बेहतर डॉक्टरों की जनसंख्या के अनुपात में संख्या- नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बताया कि देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात 1:811 है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक 1:1000 से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अनुसार, नवंबर 2024 तक देश में 13,86,145 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि अगर आयुष डॉक्टरों की संख्या को भी जोड़ा जाए, तब देश में डॉक्टरों की उपलब्धता और भी अधिक है। उन्होंने बताया कि देश में 6.14 लाख आयुष डॉक्टर हैं, जिसमें से 80 प्रतिशत को काम में लगाया गया है। नड्डा ने बताया कि मोदी सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है। 2014 के पहले देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, जो वर्तमान में बढ़कर 780 हो गए हैं, यानि 102 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके परिणामस्वरूप, मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटों की संख्या भी बढ़ी है, जिससे मेडिकल शिक्षा के अवसरों में सुधार हुआ है। नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए सुधारों का उल्लेख कर दावा किया कि भारत में डॉक्टरों की संख्या और मेडिकल कॉलेजों की बढ़ोतरी डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं बेहतर है, जिससे देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है।

# महज राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे किसी चुनाव को नहीं जीता जा सकता

## खड़गे ने स्टेट पार्टी यूनिट के जरिए राहुल गांधी को दिया मैसेज

नई दिल्ली। नई दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्टेट पार्टी यूनिट को साफ कहा कि महज राष्ट्रीय नेता और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे किसी चुनाव को नहीं जीता जा सकता है। इसके लिए जमीनी स्तर पर नेताओं को लोकल मुद्दों पर काम करना होगा। कांग्रेस पार्टी हरियाणा में जीत की बड़ी दावेदार होने के बावजूद भी चुनाव हार गई। महाराष्ट्र भी कांग्रेस समर्थित महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ा। खड़गे यह बात तो स्टेट पार्टी यूनिट से कर रहे थे लेकिन इसमें राहुल गांधी के लिए भी एक बड़ा मैसेज छुपा था। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के बाद से राहुल फ्रंटफुट पर आ गए थे और राज्य चुनावों की लीड कर रहे थे। संविधान बचाओ और जातिगत जनगणना को तब बड़ा मुद्दा बनाया गया था। कांग्रेस को इसका फायदा मिला भी लेकिन चाहे हरियाणा, महाराष्ट्र हो या फिर जम्मू-कश्मीर और झारखंड, इन्हीं मुद्दों को फिर से बीजेपी को घेरने में लगी कांग्रेस को फायदा नहीं हुआ। बीजेपी ने पिछली गलती से सीख लेते हुए होमवर्क कर राज्य चुनावों में उतरी। वहीं, कांग्रेस राहुल गांधी और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे लोकल चुनाव जीतने की जुगत में लगी रही। बीजेपी बार-बार राज्यों में हार को राहुल गांधी की हार के तौर पर प्रोजेक्ट करती रही है। उधर राहुल गांधी के लिए भी एक साफ संदेश है कि उन्हें राज्यों के लिए अलग रणनीति के साथ चुनाव में उतरना होगा। हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार से आहत खड़गे ने कहा कि पार्टी को विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा राज्य स्तर के मुद्दों पर भी ध्यान देना होगा और लोगों के मूड को बदलना सीखना होगा। पार्टी राज्य चुनाव लड़ने के लिए कब तक राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं पर निर्भर रहेगी। राज्य के मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हरियाणा में पार्टी के लिए सबसे बड़ी निराशा वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच की अंदरूनी कलह बताई जाती है। खड़गे ने कहा कि हम चुनाव हार गए हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता बड़े मुद्दे हैं। जाति जनगणना भी आज एक मुद्दा है। संविधान, सामाजिक न्याय और सद्भाव जैसे मुद्दे लोगों के मुद्दे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम चुनावी राज्यों में स्थानीय मुद्दों को भूल जाएं। राज्यों के कई मुद्दों को समय रहते विस्तार से समझना और उनके इर्द-गिर्द एक ठोस अभियान रणनीति बनाना भी है। आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं की मदद से राज्य के चुनाव कब तक लड़ेंगे?



### चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस नेता की विवादित टिप्पणी, कुत्ता भी वफादार होता

पटना। बिहार में कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी की है। कांग्रेस नेता राठौड़ ने कहा है कि कुत्ता भी वफादार होता, भाई जगताप के ऐसा कहने से कुत्ते की बेइज्जती हो रही है। राजेश राठौड़ ने कहा, भाई जगताप के इस आरोप से कुत्ते की बेइज्जती हो जाएगी। उन्हें शब्दों के चयन में धोखा हो गया होगा। कुत्ता भी कुछ समझ कर काम करता है, हमें लगता है कि उनके बयान से कुत्ते जैसे वफादार पशु का अपमान हो रहा है। दरअसल महाराष्ट्र के विधान परिषद सदस्य भाई जगताप ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी करते हुए आयोग की तुलना कुत्ते से की थी। इस पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के नेता इस असंसदीय भाषा करार देकर उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता राठौड़ ने इसकी अलग अंदाज में व्याख्या कर रहे हैं। दरअसल भाई जगताप ने चुनाव आयोग पर विवादित टिप्पणी में कहा था, मैंने 45 से अधिक साल राजनीति में बिताए हैं और महाराष्ट्र में इस तरह के नतीजे नहीं आए हैं। इन्होंने ऐसा कुछ काम नहीं किया है। मैं पहले से कहता आया हूं कि आज नहीं तब कल इस पर बातचीत होनी चाहिए। कांग्रेस ने मांग की है कि चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। हमारा लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

## केजरीवाल का महिला कार्ड........जल्द शुरु होगा पंजीकरण, खाते में आएंगें हर माह 1000 रुपये

नई दिल्ली। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक मानदेय देने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत पंजीकरण जल्द शुरू होगा। आप के पदयात्रा अभियान के दौरान योजना के बारे में केजरीवाल ने कहा कि आवेदक महिला दिल्ली की पंजीकृत मतदाता होनी चाहिए। मार्च में प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट में आप नीत सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी, जिसमें 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक पात्र महिला को 1,000 रुपये प्रति माह भुगतान करने का वादा किया गया। पदयात्रा में केजरीवाल ने महिलाओं से कहा, "मैं आपके लिए काम कर रहा हूं...जल्द ही आपके खातों में 1,000 रुपये (प्रति माह) जमा हो जाएंगे। योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू होगी। लेकिन केवल एक शर्त है। आवेदक को दिल्ली में पंजीकृत मतदाता होना चाहिए। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी को 22 राज्यों में सरकारें हैं, फिर भी यह इनमें से किसी भी राज्य में लोगों को मुफ्त और निर्बाध बिजली, अच्छे स्कूल या गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में असमर्थ है। केजरीवाल ने आप नीत सरकार द्वारा दी जा रही छह मुफ्त सुविधाओं पर केंद्रित किया है। इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिश करते हुए केजरीवाल ने कहा कि विपक्षी पार्टी जिसे "मुफ्त रेवड़ी" कह रही है, वह कुछ और नहीं बल्कि महिलाओं को उनके ही टैक्स के पैसे से दी जा रही मुफ्त सुविधाएं हैं।



## विदेश मंत्रालय ने राहुल गांधी के बाइडेन और पीएम मोदी के याददाश्त कमजोर वाले बयान की निंदा की

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याददाश्त कमजोर होने की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण" करार देकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जो बहुआयामी साझेदारी है, वह कई वर्षों की मेहनत, आपसी सम्मान और दृढ़ता से बनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, हम ऐसी टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं। यह भारत और अमेरिका के मधुर और मैत्रीपूर्ण रिश्तों के अनुरूप नहीं है, और यह भारत सरकार के दृष्टिकोण को नहीं दिखाती है। राहुल गांधी ने 16 नवंबर को अमरावती में एक रैली के दौरान यह टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि "ऐसा लगता है कि बाइडन की तरह मोदी की भी याददाश्त कमजोर हो रही है।"



# डर के साये में आधा दर्जन गांव
# हिंसक वन्य प्राणी का उत्पात, करीब दर्जन भर पालतू मवेशियों का किया शिकार

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले की कटंगी तहसील के करीब आधा दर्जन गांवों में हिंसक वन्य प्राणी बाघ और तेंदुए की आमद से वन विभाग का पूरा महकमा सहम गया है. वहीं ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है. शाम होते ही ग्रामीण अपने घरों में कैद हो जाते है और हिंसक प्राणियों को अपने घरों और मवेशियों से दूर रखने के लिए घर के सामने लाइट के साथ आग जला रहे है. शनिवार को कालीमाटी के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों में हिंसक वन्य प्राणी ने कालीमाटी, टेकाड़ी, बोरीखेड़ा, रैयतवाड़ी, जोगाटोला, लिंगापौनार सहित अन्य दूसरे गांवों में पालतू मवेशियों को अपना शिकार बनाया है. हिंसक वन्य प्राणियों के आतंक से ग्रामीणों का दिन में चैन सुकून और रातों की नींद उड़ी हुई है. वनांचल के लोगों की मानें तो वे दिन किसी तरह से तो गुजार लेते हैं लेकिन रात होते ही उनके घरों के सामने बंधे पालतू मवेशियों पर हिंसक प्राणियों के हमले का डर सताते रहता है. हिंसक वन्य प्राणियों से अपनी जान की सलामती के लिए लोगों ने सामने छप्पर में सोना बंद कर दिया है। कालीमाटी के सरपंच उमेन्द्र चौधरी ने बताया कि तीन दिन पहले ही पंचायत भवन के पीछे वन्य प्राणी बाघ को देखा गया. यहां दिन-दहाड़े बाघ ने बकरी का शिकार कर लिया. फलस्वरूप अब लोग रात की बजाए दिन में भी सुरक्षा की दृष्टि से सूनसान इलाकों में जाने से बच




रहे हैं. ग्रामीणों का मानना हैं कि जब तक इन हिंसक वन्य प्राणियों का यहां से गमन नहीं हो जाता तब तक इस क्षेत्र में इनके हमले की आशंका बरकरार है. ऐसी स्थिति में वे किसी भी सूरत में जान जोखिम में डालकर कोई काम नहीं करना चाहते. ग्रामीणों ने जंगल के किनारे मवेशियों को चराने के लिए ले जाना बंद कर दिया है. ग्रामीण खेतों में ही मवेशी चरा रहे है लेकिन यहां भी वन्य प्राणी ने पालतू मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। प्रमिला चौहान नाम की महिला ने बताया कि गांव में भैंस, गाय, बैल, बकरी, बोदा, पालतू श्वान सहित आवारा श्वानों को वन्य प्राणियों ने अपना शिकार बनाया है. ग्रामीण पूरी तरह से इस बात की पुष्टि नहीं कर पाए है कि शिकार करने वाला हिंसक वन्य प्राणी बाघ है या फिर तेंदुआ. ग्रामीण बताते है कि कुछ लोगों ने पीली धारी वाला हिंसक प्राणी देखा तो किसी ने काले धब्बे वाला. ग्रामीणों की इन बातों को सुनने पर ऐसा लगाता है कि इन गांवों में बाघ और तेंदुए का आतंक है. मगर, सरपंच ने एक गाय के शिकार की तस्वीर दिखाई. तस्वीर में शिकार की प्रवृति देखने पर ऐसा लगा रहा है कि बाघ ने शिकार किया है. ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी शिकार की घटनाओं के बाद गांव में आते है पंचनामा की कार्रवाई करते है और समझाइश देकर चले जाते है. ग्रामीण यह भी बताते है कि अब तक विभाग का कोई बड़ा अफसर संज्ञान लेने के लिए नहीं पहुंचा है। जैसा कि ग्रामीण बताते है हिंसक वन्य प्राणी घर के सामने कोटे में बंधे मवेशियों को भी घरों के सामने से उठाकर ले जा रहे है. जिससे शाम में अंधेरा होते ही घर से बाहर निकलने में डर लगता है. शाम के वक्त तहसील मुख्यालय कटंगी और टेकाड़ी स्कूल जाने वाली छात्राएं बताती है कि अभी ठंड के मौसम में जल्दी अंधेरा हो जाता है. ऐसे में हिंसक वन्य प्राणी कहीं हमला ना कर दें इस बात से वह हमेशा ही भयभीत होकर अपने घर के तरफ लौटती है।

## इनका कहना है

हिंसक वन्य प्राणी ने कालीमाटी, टेकाड़ी, बोरीखेड़ा, रैयतवाड़ी, जोगाटोला, लिंगापौनार सहित अन्य दूसरे गांवों में पालतू मवेशियों को अपना शिकार बनाया है. जिससे इन गांवों के लोगों में भय का महौल है. वन विभाग को तत्काल उचित कदम उठाना चाहिए।

**सरपंच उमेन्द्र चौधरी**

गांव में भैंस, गाय, बैल, बकरी, बोदा, पालतू श्वान सहित आवारा श्वानों को वन्य प्राणियों ने अपना शिकार बनाया है. शाम होने पर घर से बाहर निकलने में डर लगता है।

**प्रमिला चौहान ग्रामीण**

24 नवंबर को मेरा बेटा खेत में मवेशी चराने के लिए गया था जहां हिंसक वन्य प्राणी ने हमला कर भैंस का शिकार कर लिया. वन विभाग को सूचना दी प्रकरण बनाया है लेकिन गांव में तो डर का माहौल बना हुआ हैं।

**मूलचंद तुरकर ग्रामीण.**

मेरी दो बकरियों को हिंसक वन्य प्राणी ने अपना शिकार बनाया. गांव में इतना डर का माहौल है कि लोग सुबह भी सुनसान इलाकों में नहीं जा पा रहे है. शाम में घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

**प्रभुदयाल सहारे ग्रामीण.**

## ब्लॉक स्तर पर दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र से प्रात निर्देशानुसार विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर विकासखण्ड बिरसा अंतर्गत अध्ययनरत समस्त दिव्यांग बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र बिरसा के नजदीक खेल मैदान में किया गया। इस अवसर पर रंगोली, चित्रकला कुर्सी दौड़ 100 एवं 50 मी. की दौड मटका फोड़, आदि प्रतियोगिताये आयोजित की गई। जिसमें विकासखण्ड बिरसा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के अस्थिबाधित मानसिक, श्रवण बाधित, सेरेब्रल पॉलसी, मूक बधिर, दिव्यांग बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया गया। इस दौरान जनपद शिक्षा केन्द्र के प्रभारी बीआरसी सुरेन्द्र सिंह धुर्वे योगेश कुमार ताम्रकार एम आई एस समन्वयक शिवेन्द्र कुमार तिवारी एमआरसी योगराज बिसेन श्रीमती रंजना बिसेन मध्यान्ह भोजन प्रभारी रामनिरंजन तिवारी, जनशिक्षक रमेश तुरकर उपस्थित रहे।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के स्काउट एवं गाइड ने जलवायु परिवर्तन कार्यशाला में दी प्रतिभागिता

किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के अंतर्गत युनिसेफ के सौजन्य से जिला स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26.11.24 से 30.11.24तक स्काउट एवं गाइड जिला प्रशिक्षण केन्द्र टिहलीबाई वारासिवनी में आयोजित किया गया। जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय के निर्देशानुसार, विधालय के प्राचार्य




अनिता तारन के मार्गनिदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर से स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरैशी स्काउट निखलेश देशमुख एवं साकेत बिजेवार एवं गाइड प्राची दान्दरे, ऋषिका तिरपुड़े ने अपनी प्रतिभागिता दी। इस पांच दिवसीय शिविर में क्लाइमेट चेंज के सम्बन्ध में जानकारी दी गई प्रशिक्षक द्वारा सात बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया सेव इनरजी,सेव वाटर, सिंगल युज प्लास्टिक,फुड सिस्टम,रेडयुज वेस्ट, एडाप्ट हैल्थी लाइफ स्टाइल पर विस्तार से बताया गया।इस शिविर में बालाघाट जिला के पचास स्काउट एवं गाइड ने भाग लिया। सभी स्काउट एवं गाइड ने इसे समझा और जाना तथा अपने गांव एवं विधालय मे नुक्कड़ नाटक,सभा, डोर टू डोर, समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से क्लाइमेट चेंज के प्रति जागरूक बनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।साथ में स्काउट एवं गाइड तथा विधार्थियों के साथ मिलकर काम करने कि बात कही। वही समापन कटंगी विधायक माननीय विधायक गौरव पारधी द्वारा किय गया।इस शिविर में शिविर संचालक डोलीराम भगत,डी.ओ.सी.इनेद्र डहरवाल, सचिव राजकुमार टेम्भरे, हरिप्रसाद चौधरी, रघुवीर सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष भैजेन्द्र चौधरी, लक्ष्मी पटले स्काउट गाइड सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित मिश्रा एवं प्रशिक्षक मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

## 08 घंटे की बिजली में कैसे पकेगी रबी की फसल
### विधायक को किसानो ने सौंपा ज्ञापन

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई, आवासीय/व्यावसायिक कनेक्शन को अलग-अलग करने और इसमें बिजली की चोरी को रोकने के लिए अपनाई गई फीडर सेपरेशन की तकनीक का बालाघाट जिले भर में किसानों की तरफ से विरोध किया जा रहा है. करीब 10 साल पहले जिले भर में शुरू हुआ फीडर सेपरेशन का काम अब लगभग अपने अंतिम चरण में है. तब किसानों की तरफ से इसका विरोध हो रहा है. फीडर सेपरेशन के बाद मिलने वाली बिजली के तय घंटों को लेकर किसान परेशान और चिंतित दिखाई दे रहे है. जिसके चलते शनिवार को कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम बाहकल, अतरी, सावंगी, कलगांव और नंदलेसरा के किसानों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी से अंसेरा उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर फीडर सेपरेशन के बाद 08 घंटे की बजाए 16 घंटे सिंचाई के लिए बिजली मुहैया करवाने की मांग सरकार से रखी। दरअसल, फीडर सेपरेशन के बाद प्रदेश भर के किसानों को सिंचाई के लिए केवल 08 घंटे ही बिजली मुहैया कराई जानी है. प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में बालाघाट जिले के कृषि कार्य में इसका व्यापक असर पड़ेगा. चूंकि बालाघाट जिले में सर्वाधिक धान की फसल पैदा की जाती है. जिले में किसान खरीफ और रबी दोनों ही सीजन में धान की खेती करते है. रबी के सीजन में धान उत्पादन करने के लिए किसानों को अत्यधिक मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती



है. ऐसे में जिन ग्रामीण इलाकों में नहर और तालाब जैसे साधन नहीं है वहां के किसान भूमिगत जल स्रोत (नलकूप, कुआं) पर आश्रित होते है और भूमि से पानी निकालने के लिए मोटर पंप का सहारा लेते है जिसके लिए उन्हें बिजली की आवश्यकता होती है. अगर किसानों को सिंचाई के लिए केवल 08 घंटे ही बिजली मिली तो ना सिर्फ रबी के सीजन में लगने की धान की फसल बर्बाद होगी बल्कि इसका व्यापक असर खरीफ की प्रमुख धान की फसल के उत्पादन पर भी पड़ेगा. क्योंकि खरीफ के दौरान भी अंतिम समय में किसानों को पानी की जरूरत पड़ती है। विधायक ने किसानों की मांग को सुनने के बाद सिर्फ इतना भरोसा दिया है कि इस सीजन तो वह कोशिश करेंगे कि किसानों को पर्याप्त बिजली मिले लेकिन वह सिर्फ प्रयास कर सकते है. उन्होंने किसानों से कहा कि वह फसल चक्र अपनाएं और रबी में कम पानी से पककर तैयार होने वाली फसलों को ही खेतों में लगाए. उन्होंने बताया कि किसानों को पहले दो अलग-अलग वक्त में बिजली मिलती थी लेकिन उन्हीं के प्रयासों से अब एक साथ एक ही समय में 10 घंटे तक किसानों को नियमित बिजली मिल रही है. विधायक ने किसानों को बताया कि इस विषय को मुख्यमंत्री के संज्ञान में पहले ही लाया जा चुका है. किंतु फीडर सेपरेशन पूरे प्रदेश में लागू होने वाली स्कीम है बालाघाट जिले के लिए अलग से कुछ भी किया जाना संभव नहीं है।

## नौकरी का झांसा देकर महिला के साथ भोपाल में बलात्कार और 1 लाख 28हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी अंतेश्वर मस्करे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। विद्वान द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती नौशीन खान की अदालत ने एक महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे भोपाल ले जाकर उसके साथ बलात्कार करने और नौकरी के नाम पर 1 लाख से अधिक रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी अंतेश्वर पिता रमेश मस्करे 42 वर्ष भरवेली निवासी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। यह व्यक्ति महिला पुलिस थाने में अपराध दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा है। ज्ञात हो कि यह 32 वर्षीय महिला घरेलू काम करती है। जिसने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई की है और उसके दो बच्चे हैं महिला को घर में पैसों की जरूरत होने से नौकरी की आवश्यकता थी ।अंतेश्वर मस्करे ने इस महिला को जनपद में काम करना बताकर उसे नौकरी लगाने का झांसा दिया था। इस महिला ने अंतेश्वर मस्करे के झांसे में आकर अपने जेवरात गिरवी रखकर उसे अलग-अलग तिथियां में 128000 रुपये दिए थे। किंतु अंतेश्वर मस्करे इस महिला को आश्वासन देता रहा किंतु नौकरी नहीं लगाई और रुपए भी वापस नहीं कर रहा था। इसके बाद 3 नवंबर को अंतेश्वर मस्करे ने इस महिला को फोन करके बताया की जनपद विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी के लिए बात कर लिया हूं,चार दिन की ट्रेनिंग के लिए भोपाल चलना पड़ेगा औरअंतेश्वर मस्करे ने इस महिला को भोपाल ले गया और भोपाल में एक होटल में रखकर अंतेश्वर मस्करे ने इस महिला के साथ चार दिन तक शारीरिक संबंध बनाएं। इस दौरान अंतेश्वर मस्करे ने इस महिला को किसी को बताने पर जान से मार डालने की धमकी दी थी और उसका मोबाइल भी अपने पास रख दिया था। 8 नवंबर को अंतेश्वर मस्करे ने इस महिला को बालाघाट लाया और तब महिला ने अपने घर चली गयी। अंतेश्वर मस्करे द्वारा दी गई धमकी के कारण इस महिला ने घटना के संबंध में किसी को नहीं बताई। किंतु घर आने के बाद उसका पति उसे नौकरी के बारे में बार-बार पूछने लगा था । तब इस महिला ने घटना के संबंध में परिजनों को बताई। 22 नवंबर को यह महिला अपने पति के साथ रिपोर्ट करने के लिए महिला थाना पहुंची।महिला पुलिस थाने में इस महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर अंतेश्वर मस्करे केविरुद्ध धारा318(4),69,64(2)एम,127(3),351(3) भारतीय न्याय सँहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। अपराध दर्ज होने के बाद अंतेश्वर मस्करे फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। फरार अंतेश्वर मस्करे द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से विद्वान अदालत में अग्रिम जमानत याचिका पेश की थी। 29 नवंबर को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती नौशीन खान की अदालत में अंतेश्वर मस्करे की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई ।विद्वान अदालत ने अपराध गंभीर प्रकृति और परिस्थितियों को देखते हुए अंतेश्वर मस्करे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

# पेड़ से टकराई बाइक 1 नवयुवक की मौत
### एक नाबालिक गंभीर दूसरे को आई सिर और पैर में चोट

**कटंगी ( पद्मेश न्यूज )। घर से बाइक उठाकर अपने छोटे और चचेरे भाई के साथ घूमने निकले 18 वर्षीय नवयुवक की भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई जबकि 07 वर्षीय छोटे भाई को गंभीर और 14 वर्षीय चचेरे भाई को सिर और पैर में चोट आई है. सड़क किनारे पेड़ से सीधे बाइक के जाकर टकराने की वजह यह भीषण सड़क हादसा हुआ है. दोनों ही घायलों का सरकारी अस्पताल कटंगी में उपचार जारी है.** सड़क हादसा तिरोड़ी थाना क्षेत्र के बोरीखेड़ा से लिंगापौनार मुख्य सड़क मार्ग में मोड़ाई पर हुआ है. मिली जानकारी अनुसार चांदाडोह निवासी परदेसी पन्द्रे का 18 वर्षीय पुत्र अर्जुन पन्द्रे अपने 07 वर्षीय छोटे





भाई आशीष और 14 वर्षीय चचेरे भाई रामप्रसाद पिता लोचन लाल पन्द्रे के साथ घूमने के लिए निकले थे. बाइक अर्जुन चला रहा था. जिसने बाइक को तेज रफ्तार से चलाते हुए सड़क किनारे पेड़ को जबरदस्त टक्कर मार दी. जिससे अर्जुन पन्द्रे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. सड़क हादसा शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे के आस-पास हुआ है. सड़क हादसे की सूचना मिलते ही संजीवनी 108 मौके पर पहुंची. जिसने घायलों को सीधे अस्पताल लाकर भर्ती करवाया. वहीं सड़क हादसे की सूचना मिलते ही तिरोड़ी पुलिस अस्पताल पहुंची. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है. वहीं मृतक का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है. सड़क हादसे में अर्जुन की मौत की खबर से पूरा परिवार सदमे में है. वहीं गांव में मातम छा गया है। चर्चा है कि घर पर कोई नहीं था इसी का फायदा उठाकर अर्जुन ने अपने घर की बाइक की चाबी उठाई और अपने दोनों छोटे भाईयों को साथ लेकर घूमने के लिए निकल गया. परिजनों को इस बात की बिलकुल भी जानकारी नहीं थी कि तीनों घूमने के लिए निकले है. सड़क हादसे की सूचना मिलने पर उन्हें इस बात की जानकारी मिली।

आवश्यकता है
सेल्समेन एवं सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें- घूंघट साड़ी
मेन रोड, बालाघाट, फोन-07632-357568

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है।
कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

आवश्यकता है
चपरासी की आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करे
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# प्रत्येक धान खरीदी केंद्र के सामने किसान करेंगे धरना प्रदर्शन

## किसान गर्जना संगठन ने किया ऐलान, कहा 8 दिनों तक सरकार को धान ना बेचे किसान, 3100 समर्थन मूल्य न देने को लेकर जताई नाराजगी, कहा कचरे के दाम में नहीं बेचेंगे धान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विधानसभा चुनाव के पूर्व किसानों को 3100 रु प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य देने की घोषणा सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में की गई थी। जिसके दम पर भाजपा ने पुनः राज्य में सरकार बना ली। लेकिन किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य नहीं दिया। जिसके बाद लोकसभा चुनाव के पूर्व सरकार द्वारा किसानों को लुभाने के लिए 917 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी गई धान का बोनस किसानों के खाते में दिए जाने का वादा करके केंद्र में भी सरकार बना ली। लेकिन किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 3100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान नहीं किया गया। तो वही बोनस के रूप में 917 रुपए प्रति क्विंटल की राशि भी किसानों की खाते में नहीं आई।अब एक बार फिर से प्रदेश में समर्थन मूल्य पर उपार्जन खरीदने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है लेकिन इस बार भी किसानों से किए गए वादों को सरकार पूरा नहीं कर रही है, तो वही अब तक सरकार द्वारा 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदने को लेकर किसी प्रकार की कोई घोषणा नहीं की गई है। जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए किसान गर्जना संगठन द्वारा 2 दिसंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी के दिन से आगामी 8 दिनों तक सरकार को धान न बेचने की अपील किसानों से की गई है। जिन्होंने जिले भर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए बनाए गए केन्द्रों के बाहर किसान गर्जना संगठन के बैनर तले किसानों के साथ धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी है।उक्त तमाम जानकारी




शनिवार को नगर के सर्किट हाउस में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों द्वारा दी गई। आयोजित इस पत्रकार वार्ता के दौरान किसान गर्जना संगठन प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष कविंद्र चौहान, जिला महामंत्री मनीष रहांगडाले और ब्लॉक सचिव मुकेश पटले सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कचरे की कीमत में नही बेचेंगे धान, सुनी रहेगी समिति मंडी मैदान

किसान गर्जना संगठन पदाधिकारियो ने बताया कि सरकार ने अब तक 3100 रु समर्थन मूल्य पर धान खरीदने को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किए हैं। जिसको लेकर किसान गर्जना संगठन ने अब नहीं बचेंगे कचरे की कीमत में धान, सुनसान रहेगी सरकारी समिति और मंडी मैदान के नारे के साथ धरना प्रदर्शन आंदोलन की रणनीति बनाई है। जिसके तहत जिले की सभी सरकारी समिति मंडियों के सामने किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारी और किसान अपनी इस मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए 1 तारीख से खरीदी केन्द्रों के सामने 3100 रु धान का भाव व बोनस दो मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए गांव-गांव से किसानों के साथ में बैठकर हुई सभी किसान इस लड़ाई में सहयोग प्रदान कर रहे हैं कोई भी किसान स्लाट बुक करने नहीं जाएगा। इस आवाज को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए जिले का किसान 8 दिन धान नहीं बचेगा।2 तारीख से धान खरीदी प्रारंभ होना है 3 तारीख को मुख्यमंत्री आ रहे हैं यह आवाज मुख्यमंत्री के कानों तक पहुंचाने के लिए बालाघाट जिले के किसान अब अपनी लड़ाई खुद मैदान में लड़ने के लिए तैयार है।

### आवेदन निवेदन की मियाद खत्म ,अब होगा धरना प्रदर्शन- अरविंद

आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान किसान गर्जना संगठन प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी द्वारा बताया गया कि किसान गर्जना संगठन द्वारा धान का समर्थन मूल्य 3100 रु और बोनस को लेकर पत्राचार कर सरकार से आवेदन निवेदन किया गया था। वही जिले के सभी 06 विधानसभा के विधायकों से मुलाकात कर उन्हें भी ज्ञापन सौपा गया था। साथ ही सरकार को 28 नवंबर तक 3100 रु समर्थन मूल्य देने की घोषणा कर ,नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की गई थी। लेकिन 28 नवंबर की तारीख तक सरकार ने 3100 रु समर्थन मूल्य को लेकर किसी प्रकार की घोषणा नहीं की, ना ही किसी प्रकार का नोटिफिकेशन जारी हुआ है। सरकार को दी गई मियाद अब पूरी हो गई है। इसीलिए अब किसान गर्जना संगठन द्वारा किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इन आठ दिनों तक किसान अपना धान नहीं बचेगा। 8 दिनों तक यदि सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आता तो फिर आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

# श्रम शक्ति सेवा संगठन की भरवेली में बैठक संपन्न

## खदान मजदूरो और कर्मचारियों को संगठित करने बुलाई गई बैठक

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। खदानों में काम करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं ,कार्यक्षेत्र में आने वाली उनकी परेशानियों को जानने और उनका निवारण करने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शनिवार को श्रम शक्ति सेवा संगठन की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर बैहर रोड स्थित भरवेली के श्री राम मंदिर में आयोजित इस बैठक में श्रम शक्ति सेवा संगठन मुख्यालय नागपुर सहित अन्य स्थानों ने आए संगठन के पदाधिकारियो ने मजदूर और कर्मचारी को संगठित होकर अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ने की बात कही। तो वही से माइंस के नए नियम और कानून की जानकारी से अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। जहां उन्होंने सर्वप्रथम मजदूर और कर्मचारियों से संगठित होने की बात कही, तो वही बैठक के दौरान उपस्थित सभी मजदूरों कर्मचारियों की बारी-बारी से समस्याएं सुनी। वही उनके निराकरण के उपाय भी बताएं। इसके अलावा आगामी समय में जल्द ही एक बैठक का आयोजन कर खदान मजदूरों व कर्मचारियों के हितों में बड़ा फैसला लेने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान रामटेक महाराष्ट्र से पधारे श्रम शक्ति सेवा संगठन अध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान ,बालाघाट मायल से दिनेश रतोले, रमेश कोहरे, जॉनसन सारभंग, मोहित मर्सकोले, अजीत साहू ,खिलावन साहू, नंदकिशोर साहू, श्री कोर्राम, बेनीराम ,जगलाल कटौते, राजकुमार बारमारे, गंगा सहारे और वेंकट किदरले सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जब तक संगठित नहीं होंगे, तब तक अधिकार नहीं मिल सकता- बी. चंद्रशेखर शिव

आयोजित इस बैठक को लेकर की गई चर्चा के दौरान



नागपुर से पधारे श्रम शक्ति सेवा संगठन महासचिव बी.चंद्रशेखर शिव ने बताया कि उनका संगठन वर्ष 2013 से खदान मजदूर और कर्मचारियों के लिए काम कर रहा है। उनके संगठन की बैठक कहीं ना कहीं होते ही रहती है। बालाघाट में भी मजदूर और कर्मचारियों द्वारा इस बैठक के लिए बुलाया जा रहा था। जिसको लेकर वे आए हैं। उन्होंने बताया कि बालाघाट में खदानों में काम करने वाले मजदूर और कर्मचारी असंगठित हैं। सबसे पहले उन्हें संगठित करना है। वही खदानों में मजदूरों और कर्मचारियों के लिए आए नियमों और कानूनो की उन्हें जानकारी देना है।क्यो की जब तक उन्हें नियमों और कानून की जानकारी नहीं होगी और जब तक मजदूर संगठित नहीं होंगे तब तक उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल सकता इस बैठक में पता लगाया जा रहा है कि मजदूर और कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र के दौरान कौन सी परेशानी और दिक्कतें आ रही है और उनका समाधान कैसे निकाला जा सकता है इसको लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई है। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई है।हम जल्द ही एक और बैठक का आयोजन कर मजदूर हित में कोई बड़ा निर्णय लेंगे।

# पीजी कालेज में कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन संपन्न

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के पीजी कालेज प्रबंधन को कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग से जागरूकता अभियान हम होंगे कामियाब पखवाड़ा दिनांक 25 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच मनाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसमें जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया है। जबलपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पीजी कालेज में 30 नवंबर शनिवार को हम होंगे कामियाब पखवाड़ा में कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.आर. चंदेलकर की अध्यक्षता में एवं विशेष अतिथि जितेन्द्र मोहन धुर्वे जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट बसंत डहाके चीफ लीगल एण्ड डिफेंस काउसिंल, चंद्रेश नागेश्वर अस्सिटेंट लीगल एण्ड डिफेंस काउसिंल एवं मेडम रचना चौधरी महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रशासक सखी सेंटर बालाघाट की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन से की गई।आयोजित कार्यक्रम में श्री गुर्जर द्वारा लैगिंक अपराधों से संबंधित अनुच्छेदों के बारे में



जानकारी दी गई। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने भी जानकारी विद्यार्थियों को प्रदाय की गई। जेंडर आधारित हिंसा पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान अनु टेकाम बी.एस.सी चतुर्थ वर्ष, द्वितीय स्थान किरण उईके बी.एस.सी चतुर्थ वर्ष, तृतीय स्थान रिद्धि गायधने बी.ए. तृतीय वर्ष का रहा। जेंडर आधारित हिंसा विषय पर आयोजित काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भारती यादव बी.ए. तृतीय, द्वितीय स्थान अंशिका नागवंशी बी.ए. तृतीय, तृतीय स्थान श्रृद्धा शिववंशी बी.एस.सी द्वितीय वर्ष का रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल अधिकारी डॉ. उषा सिंह, कानूनी जागरूकता कार्यशाला की संयोजक डॉ. आशा गोहे, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता संयोजक डॉ. सरिता खोब्रागड़े, काव्य प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. तेजेन्द्र सिंह शिव एवं मंच संचालन डॉ. साजिया तबस्सुम इनके साथ ही समस्त प्राध्यापकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय में डॉ. रचना कोरी, श्रीमती योगिता पटले, श्रीमती सविता गेड़ाम, डॉ. रानू रहांगडाले, संजय कुमार बिसेन, राकेश वैद्य, और डॉ. ताराचंद बड़घैया की प्रमुख उपस्थिति रहीं।

# 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से

## आमंत्रण देने नगर में निकाली गई 1008 कलश शोभायात्रा, कलश यात्रा में झांकी, गरबा सहित विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 1 दिसंबर रविवार से 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू की शुरुवात होंगी। गायत्री महायज्ञ और विराट संस्कार महोत्सव के तहत जिले में पहली बार हो रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पांच दिवसीय आयोजन को लेकर एक दिन पूर्व 30 नवंबर शनिवार को नगर में 1008 कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस कलश यात्रा की शुरुवात शनिवार दोपहर 01 बजे नगर के काली पुतली चौक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर से की गई। जिसमें पीले रंग के परिधान पहनी युवतियों व महिलाओ ने कलश को सिर पर लेकर सहभागिता की वही कलश के साथ नगर भ्रमण किया इस दौरान आकर्षक झांकी, व गरबा सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दु समाज के बच्चो से लेकर युवाओं व महिला पुरुषों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### इन मार्गो से होकर गुजरी कलश यात्रा

गायत्री शक्तिपीठ बालाघाट के नेतृत्व में आयोजित इस 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर शनिवार को नगर में आयोजित यह कलश झांकी शोभायात्रा नगर के कालीपुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर से निकाली गई। जो काली पुतली चौक से अहिंसा द्वार होते हुए मेनरोड से विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर सीधे हनुमान



चौक पहुची। जहा से सर्किट हाउस रोड होते हुए यह यात्रा आंबेडकर चौक पहुंची। जहां से कलश शोभायात्रा, वाहन यात्रा के रूप में परिवर्तित होकर, आयोजन स्थल, डोंगरिया विश्वविद्यालय पहुंची। जहां इस कलश शोभायात्रा का समापन किया गया।

### तीन चरणो में होंगे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ- खजांची

आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान गायत्री शक्तिपीठ बालाघाट के सहप्रबंध ट्रस्टी महेश खजांची ने बताया कि आज 30 नवंबर को कलश शोभायात्रा के साथ ही 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम की शुरूआत हो गई है। कल 01 दिसंबर से तीन चरणो में 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। जो प्रतिदिन प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 8 से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 12 से 4 बजे तक संस्कार कार्यक्रम, 04 से 5 बजे तक गायत्री परिवार के वरिष्ठों का प्रवचन और सायंकाल 06 से रात्रि 08 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 01 दिसंबर को महिला सम्मेलन, नारियो जागो-स्वयं को पहचानो विषय पर दोपहर 02 बजे से आयोजित होगा। जिसमें पीएचई मंत्री संपतिया उईके शामिल होगी। 02 दिसंबर को विराट संस्कार महोत्सव के तहत विभिन्न संस्कार महोत्सव कराए जाएंगे। 03 को युवा महोत्सव में डॉ. चिन्मय पांडेय का उद्बोधन, इसी दिन शाम को 04 बजे दीपयज्ञ का विशाल कार्यक्रम 51 हजार यज्ञ स्थल और पूरे जिले में 4 लाख, दीपों से दीपयज्ञ होगा। जिसमें सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। 04 दिसंबर को पूणाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसी दिन कनकी विसबल वाहिनी के कैंपस में जवानों को डॉ. चिन्मय पांडेय संबोधित करेंगे। जिन्होंने जिले के समस्त सनातन प्रेमियों से उक्त सभी कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

## भोपाल के सर बंधा जीत का ताज,छिंदवाड़ा को 4-3 से हराया, भोपाल संभाग ने ट्रायब्रेकर में दर्ज की जीत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के मुलना स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा को हराकर भोपाल ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। जहां प्रतियोगिता के अंत मे ट्रायब्रेकर से हुए इस फैसले में भोपाल की टीम ने छिंदवाड़ा को 4-3 मात देकर मैदान मार लिया।उधर फाइनल मैच के साथ ही आयोजित इस राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। जहां फाइनल विजेता भोपाल और उप विजेता छिंदवाड़ा टीम को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### दोनों टीमों के बीच कांटे का रहा मुकाबला

उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार नगर में 28 नवंबर से खेली जा रही राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 नवंबर को दोपहर 03 बजे से मुलना फुटबॉल मैदान में खेला गया। भोपाल संभाग और छिंदवाड़ा संभाग के बीच खेला गया फायनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। जहां खेल के शुरूआती दौर में छिंदवाड़ा ने भोपाल के खिलाफ एक गोल दागकर प्रतियोगिता में बढ़त बनाई, तो वही कुछ देर बाद भोपाल ने भी छिंदवाड़ा के खिलाफ एक गोल दागकर मैच को बराबर कर दिया। जहां काफी देर चले संघर्ष में दोनों ही टीम के खिलाड़ी एक दूसरे के खिलाफ गोल दागने में नाकाम रहे।उधर खेल के निर्धारित समय तक दोनो ही टीम एक-एक गोल ही कर सकी। जिसके चलते फायनल मुकाबले में जीत और हार का फैसला ट्रायब्रेकर से किया गया। जिसमें पांच-पांच गोल में भोपाल संभाग ने 04 तो छिंदवाड़ा संभाग ने तीन ही गोल किए। जिसके चलते भोपाल संभाग की टीम को 4-3 से विजयी घोषित किया गया।

### 12 संभागों की टीम में केवल 7 संभाग की टीम ने लिया था भाग

आपको बताए कि नॉकआउट पद्धति से हो रही राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में 12 संभाग की टीमों में केवल 07 संभाग की टीमों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जबकि 05 संभाग की टीमें अज्ञात कारणों के चलते इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकी। नगर के मुलना स्टेडियम में आयोजित इस राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में जबलपुर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, रीवा, छिंदवाड़ा और ग्वालियर संभाग की टीम ने ही प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।जबकि खरगौन, शहडोल, छतरपुर, सागर और गुना संभाग की टीमें प्रतियोगिता में नहीं पहुची थी।

### पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का किया गया समापन

प्रतियोगिता के फाइनल के बाद फाइनल विजेता, उपविजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी व प्रमाण पत्र वितरित कर प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान जिले सहित संभाग से आए क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झरवड़े, अधीर घोड़ेश्वर, के. बापू, डॉ. विनोद डॉ. ऋषिकेश पटेल, संजय मर्सकोले, डॉ. ललित कामले, डॉ. लीलाधर चचाने, विकास साहू, नवीन कोरट, कमलेश टेंभरे, डॉ. गुलाम कादिर खान, मनीष शिवहरे, डॉ प्रशांत डहाटे डॉ. राकेश पटले, डॉ. गजानंद कटरे, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. के.एल. अहिरवार, डॉ. एल.एस. सोलंकी, डॉ. पवन बागड़े, उप निरीक्षक अनिल चंदेश्वर, फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती उइके का बालाघाट आगमन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके शनिवार रात्रि बालाघाट पहुँचेगी। उनके निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे शनिवार शाम 3 बजे बैतुल से छिंदवाड़ा एवं शाम 5.45 बजे छिंदवाड़ा से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि करीब 9.45 बजे बालाघाट पहुँच कर रात्रि सर्किट हाउस में विश्राम कर अगले दिन रविवार सुबह 9.30 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन से भेंट कर 10 बजे विभागीय अधिकारियों से चर्चा सुनिश्चित करेंगे। दोपहर 1 बजे मंत्री श्रीमती उइके जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

# 20 किलो को गौ मांस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार- स्कूटी भी जप्त

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली पुलिस ने गर्रा रेंगाटोला रोड पर स्कूटी में सवार एक व्यक्ति को 20 किलो गौ मांस के साथ पकड़े। यह व्यक्ति मोहम्मद अली पिता शमशेर अली 58 वर्ष वार्ड नंबर 10 रजा नगर बालाघाट निवासी है। जिसे गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक 29 नवंबर को दोपहर में सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कूटी में गो मांस रखकर गोंदिया की ओर से बेनी रेंगाटोला रहोते हुए गर्रा आ रहा है। मुखबिर की इस सूचना पर नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रधान आरक्षक राहुल गौतम, प्रधान आरक्षक गजेंद्र माटे, आरक्षक अंकुर गौतम, आरक्षक मनीजर मरकाम ने गर्रा से रेंगाटोला रोड पर घेराबंदी की इस दौरान स्कूटी से गर्रा की ओर आ रहे व्यक्ति को रोक कर पूछताछ किये। जिसेव्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद अली पिता शमशेर अली 58 वर्ष वार्ड नंबर 10 रजा नगर बालाघाट निवासी बताया। स्कूटी की तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की में काले रंग की 15 पॉलिथीन में गो मांस पाया गया एवं स्कूटी के सामने भाग में एक खाकी रंग के थैले में पांच काले रंग की पॉलिथीन खुलवाकर चेक किया तो उसमें गो मांस पाया गया। इस व्यक्ति से गो मांस रखने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे तो इस व्यक्ति के द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। मौके पर वीडियोग्राफी कर गो मांस एवं गो मांस को लाने के उपयुक्त स्कूटी एमपी 50 एस ए 9078 एक्टिवा हौंडा को जप्त कर इस गो मांस जी अवैध रूप से रखने के आरोप में मोहम्मद अली पिता शमशेर अली 58 वर्ष वार्ड नंबर 10 रजा नगर बालाघाट निवासी को धारा 5/9 मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004 के तहत गिरफ्तार किये। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

## एमआरपी से अधिक दर पर मदिरा विक्रय करने पर हुए निलंबन के आदेश जारी

# 03 मदिरा शॉप होगी एक दिन के लिए निलंबित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला सहायक आबकारी आयुक्त एसके उरांव ने एमआरपी से अधिक दर पर मदिरा विक्रय करने पर 3 मदिरा शॉप को एक दिवस के लिए निलंबन के आदेश जारी किए है। जारी आदेशानुसार 26 मई 24 को कंपोजिट मदिरा दुकान समनापुर के विक्रयकर्ता को निर्धारित एमआरपी से अधिक दर पर मदिरा विक्रय करते पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। वहीं निर्धारित प्रारूप में साइनबोर्ड, रेट लिस्ट एवं दैनिक मदिरा स्कंध पंजी नही पाई गई। जिस पर संबंधित लायसेंसी को 21 नवम्बर 24 को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। इसी तरह के दो अन्य प्रकरण कंपोजिट मदिरा दुकान मोहगांव बी एवं मदिरा शॉप उकवा में भी इसी तरह का प्रकरण बनाया गया। इस कारण तीनो ही प्रकरण में सहायक आयुक्त श्री उरांव ने बताया की इस तरह का कृत्य मप्र राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 8/2/24 की कंडिका क्रमांक 20.2 एवं लायसेंस शर्त क्रमांक 14 का उल्लंघन है। जिस पर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए श्री उरांव ने कंपोजिट मदिरा दुकान समनापुर (उकवा) को 4 दिसम्बर, दुकान उकवा को 5 दिसंबर और कंपोजिट मदिरा दुकान मोहगांव बी को 6 दिसम्बर को एक दिवस के निलंबित के आदेश जारी किए है।

# 2 दिसंबर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, केन्द्रों में तैयारियां अधुरी

## कई खरीदी केन्द्रों में नही पहुंचे है बारदाने, समितियों को खरीदी करने में होगी परेशानी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलवाने एवं दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष मार्केटिंग एवं सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जाती है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष २०२४-२५ के लिए बालाघाट जिले सहित लालबर्रा विकासखण्ड में २ दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी कार्य शुरू होना है किन्तु कुछ केन्द्र जो पूर्व में जिस स्थान पर खरीदी करते थे। उस स्थान को परिवर्तित कर अन्य स्थान पर कर दिया गया है जिससे किसान परेशान नजर आ रहे है और पूर्व से जिस स्थान पर खरीदी होते आ रही है उसी केन्द्र व स्थान पर खरीदी करने की मांग किसान कर रहे है। जिसमें लालबर्रा वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति की उपशाखा ददिया में सोसायटी के समीप धान खरीदी विगत वर्ष से होते आ रही है परन्तु इस वर्ष उस स्थान को बदलकर ददिया से करीब २ किमी. दूर खामघाट में बने वेयर हाउस गोदाम को धान खरीदी का केन्द्र बनाया गया है। जिससे बम्हनी, ददिया, अमोली के किसानों को अपनी उपज ले जाने एवं विक्रय करने में परेशानी होगी इसलिए गत दिवस ददिया एवं बम्हनी के किसानों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ददिया में ही धान खरीदी किये जाने की मांग की है परन्तु प्रशासन के द्वारा अब तक किसानों की मांगे पूरी नही की गई है। जिससे ऐसा लग रहा है कि खामघाट के समीप स्थित गोदाम में ही खरीदी होगी। जिसका किसान विरोध भी करेगें। वहीं जिन सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी किया जाना है परन्तु अधिकांश खरीदी केन्द्र में बारदाने तक नही पहुंचे है। जिससे समर्थन मूल्य में धान खरीदी कार्य में परेशानियां बढ़ सकती है इसलिए समिति के प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारियों ने शासन-प्रशासन से जल्द बारदाने भेजने की मांग की है।

### लालबर्रा जिला सह. के. बैंक के ९ समितियों में बनाये गये १४ धान खरीदी केन्द्र

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ९ सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत १४ धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है जहां २ दिसंबर से सभी केन्द्रों में समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू की जायेगी और समिति के प्रबंधकों एवं खरीदी प्रभारियों के द्वारा धान खरीदी की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। लालबर्रा वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति लालबर्रा एवं सेवा सहकारी समिति मिरेगांव के द्वारा बकोड़ा स्थित कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जायेगी। इसी तरह मार्केटिंग सोसायटी मानपुर में भी खरीदी की जायेगी परन्तु समिति के द्वारा मंडी परिसर में तैयारी अब तक शुरू नही की गई है, न ही आसपास उग चुकी झाड़ियों की साफ-सफाई की गई है। इसी तरह अन्य समितियों में भी तैयारी पूरी नही हुई है और समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू होने को महज १ दिन शेष बचा है। वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि २ दिसंबर से शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ कर दिया जायेगा किन्तु इस आधी अधुरी तैयारी में कैसे धान खरीदी का कार्य शुरू हो पायेगा समझ से परे लग रहा है।

### सुविधानुसार किसान किसी भी केन्द्र में बेच सकेगे अपनी उपज

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों को मोबाईल पर मैसेज नही आयेगा बल्कि किसान अपनी स्वेच्छानुसार समिति से धान विक्रय करने की तिथि लेगा और उस तिथि पर अपनी उपज विक्रय के लिए लेकर आयेगा। जिसके लिए शासन के द्वारा स्लॉट बुक की सुविधा प्रदान की गई है। जिसमें किसान अपने-अपने क्षेत्र की खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर समर्थन मूल्य में धान विक्रय के लिए किये गये पंजीयन की प्रति, मोबाईल लेकर पहुंचेगें जिन्हे उनकी इच्छानुसार तिथि दी जायेगी कि किस तिथि में आप अपना धान विक्रय करने लायेगें। उसी दिन किसान उपज लेकर पहुंचेगा जिससे पूर्व की भांति खरीदी केन्द्रों में भीड़ नही होगी और किसानों को परेशानी भी नही होगी।

### २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर पर होगी धान खरीदी

किसानों के द्वारा लंबे समय से धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की जा रही ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके परन्तु सरकार घोषणा करने के बाद भी समर्थन मूल्य किसानों की मांग के अनुरूप नही बढ़ा रही है जिससे किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। शासन के द्वारा वर्ष २०२४-२५ में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ धान की फसल २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जायेगी। किसानों ने शासन-प्रशासन से धान का समर्थन मूल्य ३१०० रूपये प्रति क्विंटल किये जाने की मांग की है ताकि इस महंगाई के दौर में फसल उत्पादन में लगने वाली लागत निकल सके। वहीं किसान गर्जना संगठन के द्वारा सरकार को चेतावनी भी दी गई कि चुनाव में किये गये वादे के अनुसार ३१०० रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर पर धान की खरीदी करें नही तो प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में कोई किसान अपनी उपज विक्रय करने नहीं पहुंचेगें और विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। अब देखना है कि सरकार किसानों की मांग पूरी करती है या नही, अगर मांगे पूरी नही होगी तो किसानों को मजबूरी में २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से ही अपनी उपज विक्रय करना पड़ सकता है।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होगी २ से - ठाकरे

दूरभाष पर चर्चा में सेवा सहकारी समिति नेवरगांव ला. के प्रबंधक एमपी ठाकरे ने बताया कि शासन के निर्देश पर २ दिसंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जायेगी और लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत ९ सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत १४ धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है। जहां



समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी जारी है परन्तु अब तक सभी केन्द्रों में बारदाने उपलब्ध नही हुए है। श्री ठाकरे ने बताया कि समर्थन मूल्य में धान विक्रय करने के लिए किसानों ने पंजीयन करवाया गया और पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्लॉट बुक कर किसान किसी भी केन्द्र में अपनी उपज २ दिसंबर से लेकर २० जनवरी तक २३०० रूपये प्रति क्विंटल की दर से विक्रय कर सकते है।

# खबर प्रकाशन के बाद सड़क की भरी गई पटरी, आवागमन में होगी सुविधा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बेलगांव से बकोड़ा पहुंच मार्ग का खस्ताहाल होने के कारण आवागमन करने वाले ग्रामीणजन, राहगीर एवं स्कूली बच्चों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही जगह-जगह गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी। जिससे परेशान ग्रामीणजनों एवं राहगीरों ने बेलगांव से बकोड़ा पहुंच मार्ग का जल्द निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से किये थे। जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विगत दिवस बेलगांव से बकोड़ा पहुंच मार्ग का नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया था परन्तु सड़क की पटरी भराई का कार्य नही किया गया था। जिसके कारण आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई थी। उक्त समस्या को बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से उठाते हुए विगत दिवस सड़क निर्माण कर पटरी भरना भूला प्रशासन, दुर्घटना होने की बनी संभावना नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये और सड़क निर्माण कंपनी को निर्देशित कर सड़क की पटरी भराई का कार्य पूर्ण करवा दिया है। सड़क की पटरी भराई हो जाने से अब रोड़ किनारे से आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना नही करना पड़ रहा है यानि आवागमन में सुविधा होगी। अगर पटरी भराई नही होती तो सड़क से बड़े वाहन के गुजरते समय साईड से आने-जाने वाले लोग अनियंत्रित होकर दुर्घटना के शिकार हो सकते थे परन्तु पटरी भराई हो जाने से अब उक्त समस्या से निजात मिल चुकी है।



चर्चा में ग्रामीण एवं राहगीरों ने बताया कि बेलगांव से बकोड़ा कृषि उपज मंडी तक पहुंचने वाली डामरीकरण सड़क पूरी खराब हो गई थी जिसके कारण आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और लंबे समय से नवीन सड़क का निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद प्रशासन के अधिकारी हमारी समस्या को सुने और नवीन डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया है परन्तु गुणवत्तापूर्ण नहीं किया गया है। साथ ही सड़क निर्माण के बाद पटरी भरना भूल गये थे जिससे आने-जाने वालों को परेशानी हो रही थी एवं २ दिसंबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है और इसी मार्ग से किसान बकोड़ा स्थित कृषि उपज मंडी में अपनी उपज विक्रय करने जाते हैं। साथ ही ओवरलोड़ ट्रक से धान का परिवहन भी इसी मार्ग से होता हैं एवं स्कूल के बच्चें भी बकोड़ा इसी मार्ग से जाते है और ग्रामीणजन भी आवागमन करते है जिन्हे परेशानी हो रही थी। उक्त समस्या को लेकर विगत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्थल का निरीक्षण कर पटरी भराई का कार्य करवाया गया है और सड़क बन जाने एवं पटरी भराई हो जाने से अब आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल चुकी है।

# मोहगांव ध. में महात्मा फूले की पुण्यतिथि समारोह और सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई फूले की जीवंत झांकी रही आकर्षण का केन्द्र





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. स्थित बाजार चौक में माली-फुलमाली समाज सेवा संगठन मोहगांव ध. के तत्वाधान में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती मौसम हरिनखेड़े के मुख्य आतिथ्य, माली फूलमाली समाज सेवा संगठन जिलाध्यक्ष एलसी लांजेवार की अध्यक्षता एवं मोहगांव ध. सरपंच श्रीमती हिरकंता पवन नगपुरे, जनपद सदस्य धनेन्द्र नगपुरे, माली समाज संगठन लालबर्रा अध्यक्ष दादूलाल नंदरधने, प्रदेश सचिव नामदेव राउत के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्रीबाई फूले के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल से दोपहर में डीजे की धुन पर कलशों की शोभायात्रा निकाली गई और यह शोभायात्रा ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। जिसके बाद शाम ६ बजे से मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस शोभायात्रा में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाराव फूले सहित अन्य जीवंत झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही। साथ ही सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया और सामाजिक लोगों ने अपने विचार भी व्यक्त किये। वहीं मंचीय कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा नाटक, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के हस्ते पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती मौसम हरिनखेड़े ने कहा कि देश में यदि पूछा जाये कि महिलाओं को सामाजिक स्तर पर आगे बढ़ाने, शिक्षा दिलाने के लिए सार्थक कदम किसने उठाया, किसने महिलाओं के शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ी तो उसमें सबसे पहला नाम महात्मा ज्योतिबाराव फूले एवं माता सावित्रीबाई फूले जी का आता है। आज जो महिलाओं को डिग्रियां मिल रही है, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं तो उसका पूरा श्रेय महात्मा ज्योतिबाराव फूले एवं माता सावित्रीबाई फूले को जाता है। साथ ही यह भी कहा कि भारत सिर्फ एक भूमि का टुकड़ा नहीं है यह ऋषि मुनियों एवं महापुरुषों की भूमि है और हमारे सनातन धर्म ने भी हमें सिखाया है कि जहां नारियों की पूजा होती है, सम्मान होता है वहां देवता वास करते हैं इसलिए सभी को महिलाओं का सामान करना चाहिए और देश के महापुरूषों के बताये मार्ग पर चलकर समाजोत्थान एवं देशहित में काम करें। जिला माली फुलमारी समाज के जिलाध्यक्ष एलसी लांजेवार ने कहा कि कोई भी समाज या व्यक्ति तभी आगे बढ़ता है, जब वह सांगठनिक रूप से मजबूत हो, उनमें यूनिटी हो और साथ ही शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो। साथ ही यह भी कहा कि महात्मा ज्योतिबाराव फूले, माता सावित्रीबाई फूले ने गुलामी के दौर में भी ऐसे अनुकरणीय काम किये हैं जिसे पूरा विश्व आज उन्हें याद कर रहा है। श्री लांजेवार ने कहा कि आज बदलते दौर में आवश्यक है कि हम भी महात्मा फूले, माता सावित्रीबाई फूले के बताये रास्ते पर चलकर शिक्षित, संगठित बने एवं अच्छे संस्कारों के माध्यम से अपने परिवार और बच्चों को सही दिशा प्रदान करें। साथ ही कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष माली फूलमाली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है इससे न केवल सामाजिक चेतना और संगठन एकता की महत्वपूर्ण भावना पर बल मिलता है। बल्कि सामाजिक रूप से एक दूसरे को एक दूसरे से जुड़ने और अपने महापुरूषों के इतिहास एवं उनकी बताई शिक्षा व प्रेरणा को समझने का अवसर भी प्राप्त होता है इसलिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। इस अवसर पर माली फूलमारी समाज सेवा संगठन मोहगांव ध. कार्यक्रम संयोजक चतुर्भुज बनकर, महात्मा ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष पुनम राउत, उपाध्यक्ष गनपत बागड़े, सचिव निलेश बनकर, सहसचिव धर्मेन्द्र बागड़े, कोषाध्यक्ष हुकुमचंद देशकर, सहकोषाध्यक्ष अशोक बागड़े, महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती अनिता बागड़े, उपाध्यक्ष श्रीमती केसरबाई देशकर, सचिव अनुसैयाबाई बनकर, सहसचिव कु. माधुरी (रिंकी) बागड़े, कोषाध्यक्ष कु. भावना बागड़े, सहकोषाध्यक्ष कु. आरती गायधने सहित अन्य पदाधिकारी, ग्रामीणजन एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आज

## नगर के ३ परीक्षा केन्द्रों में १००३ छात्र-छात्राएं होगें शामिल

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा १ दिसंबर को आयोजित की जायेगी। लालबर्रा नगर मुख्यालय में राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा के लिए सीएम राइज शासकीय स्कूल लालबर्रा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोली, वैदिक कान्वेंट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है और प्रात: १०.४५ बजे से विकासखण्ड के कक्षा ८ वीं में अध्ययनरत १००३ छात्र-छात्राएं पर्चा हल करेगें। जिसकी तैयारी तीनों परीक्षा केन्द्रों में पुरी कर ली गई है। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार १ दिसंबर को राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन किया गया हैं। जिसके लिए नगर मुख्यालय में तीन परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसमें सीएम राइज शासकीय स्कूल लालबर्रा में ४०५ विद्यार्थी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोली में २६६ विद्यार्थी एवं वैदिक कान्वेंट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा में ३३२ विद्यार्थी शामिल होगें और यह परीक्षा प्रात: १०.४५ बजे से शुरू होगी किन्तु विद्यार्थियों की रिपोटिंग समय प्रात: १० बजे है। श्री तुरकर ने बताया कि राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में कक्षा ८ वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल होगें और जो विद्यार्थी उत्तीर्ण होगें एवं कक्षा ९ वीं में ६० प्रतिशत से अंक अंक लेकर उत्तीर्ण होगें उन्हे कक्षा ९ वीं से कक्षा १२ वीं तक शिक्षा अध्ययन करने पर प्रतिवर्ष १२०० रूपये छात्रवृत्ति मिलेगी। साथ ही यह भी बताया कि नगर के तीनों परीक्षा केन्द्रों में विकासखण्ड के स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के १००३ विद्यार्थी शामिल होगें एवं परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है और राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों को लेकर समय पर परीक्षा केन्द्र में पहुंचे।



# बुट्टा ह. में जारी श्रीमद् भागवत कथा का समापन आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा ह. स्थित नेहरू चौक में गत २४ नवंबर से जारी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का १ दिसंबर को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया जायेगा। वहीं गत दिवस से जारी श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक घनश्याम शुक्ला के द्वारा ७ दिनों से शाम ७ बजे से रात ११ बजे तक भगवान श्रीकृष्ण के जीवनलीलाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया गया और ग्रामीणजन कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। चर्चा में बुट्टा ह. के पूर्व उपसरपंच, श्री सत्य सांई सेवा समिति बुट्टा ह. के संयोजक लक्ष्मीनारायण झंझाड़े ने बताया कि ग्राम के नेहरू चौक में गत दिवस से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जारी हैं। जिसमें कथावाचक पंड़ित घनश्याम शुक्ला के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवनगाथाओं के बारे संगीतमय प्रवचन दिया जा रहा है जिससे पूरे ग्राम में ज्ञान की गंगा बह रही है और गत २४ नवंबर से जारी श्रीमद् भागवत कथा का १ दिसंबर को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में धार्मिक ज्ञान बताया जा रहा है जिसे ग्रामीणजन श्रवण कर धार्मिक आस्थाओं से जुड़कर सत्य के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को बेहतर बनाये। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील भजनलाल पगरवार, दौलत पगरवार, हेमराज पगरवार, मुन्नालाल पगरवार सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।



# कमरों की कमी से जूझ रहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालीवाड़ा

## विद्यार्थी एवं संस्था प्रबंधन के द्वारा अतिरिक्त कमरों के निर्माण करने की जा रही मांग







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन किया जाता है। जहां पर झालीवाड़ा ही नहीं आसपास की करीब आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के बालक बालिकायें शिक्षा अध्ययन करने के लिए उक्त विद्यालय में पहुंचते हैं। जहां पर कक्षा नर्सरी से १२ वीं तक कक्षा भी संचालित की जाती है। इसमें व्यावसायिक एवं आईसीटी के रूप में दो नए पाठ्यक्रम शासन के द्वारा प्रारंभ करवा दिया गया है। ऐसे में पूर्व से बनी हुई कमरों की समस्या अब गहरा गई है, इस दौरान स्कूल का संचालन हो पा रहा है परंतु काफी मशक्कत का सामना विद्यार्थी एवं प्रबंधन को करना पड़ रहा है। जिसके लिए अतिरिक्त कक्ष की मांग लगातार शासन प्रशासन से की जा रही है किंतु समस्या का समाधान वर्तमान तक नहीं हो पाया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है कि उनके ग्राम में बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने में समस्या का सामना करना पड़ता है।**

### ७२५ विद्यार्थियों के द्वारा की जा रही शिक्षा अध्ययन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालीवाड़ा एकीकृत शाला है जहां पर दो भवनों में नर्सरी से कक्षा १२वीं तक कक्षा संचालित की जाती है। जिसमें सांई मंदिर के सामने एक भवन में नर्सरी से कक्षा आठवीं तक कक्षाएं लगती है। जहां पर बच्चों की दर्ज संख्या २१३ है वहाँ बच्चों की संख्या आधार एवं बैठने के लिए पर्याप्त कमरों की व्यवस्था बनी हुई है। बिना किसी समस्या के विद्यालय संचालित हो रहा है वहीं मुख्य बिल्डिंग सांई मंदिर के पीछे स्थित है जहां पर कक्षा ९ से १२ वीं तक लगाई जाती है। जिसमें ५१२ विद्यार्थी दर्ज है जिनके बैठने एवं कक्षा संचालन करने की समस्या पहले से बनी हुई है। जहां शासन के द्वारा व्यावसायिक शिक्षा में इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर एवं इनफॉरमेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के नए विषय प्रारंभ किए गए हैं जिनकी स्थाई कक्षा वर्तमान में नहीं है। जिसके लिए व्यवस्था बनाकर कक्षा संचालित हो रही है इस दौरान प्रयोगशाला में भी कक्षाएं लगाई जा रही है। स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं और १२वीं में गणित विज्ञान कृषि एवं आर्ट इस प्रकार चार संकाय संचालित होते हैं जिसके कारण भी समस्या बनी हुई है। जहां काफी समस्या के बीच कक्षाएं संचालित हो रही है ऐसे में विद्यार्थियों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है । इसमें शासन प्रशासन से अनेकों बार आवेदन देकर अतिरिक्त कक्ष की मांग की जाती रही है। इसे वर्तमान तक पूरा नहीं किया गया है ऐसे में हर कोई अतिरिक्त कक्ष की मांग कर रहा है । ताकि हर किसी कक्षा को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा अध्ययन कराया जा सके जिसमें किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो सके।

### प्रयोगशाला में भी कक्षाएं हो रही संचालित

स्कूल में बालक बालिकाओं की कक्षाएं संचालित करने के लिए कमरों की इतनी कमी हो गई है कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मजबूरन स्कूल में प्रयोगशाला के कमरों को भी कक्षा में बदल दिया गया है। जहां पर आधे में प्रयोगशाला और आधे में कक्षा भी लगानी पड़ रही है। ऐसे में बड़ी समस्या बनी हुई है कि दोनों विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित होती नजर आ रही है। परंतु स्कूल संचालित करना है इसलिए व्यवस्था बनाई जा रही है ,स्कूल में फिजिक्स ,केमिस्ट्री एवं जीव विज्ञान की भी प्रयोगशाला बनी हुई है। जिसमें केमिस्ट्री की प्रयोगशाला में कक्षा १२ वीं कृषि की कक्षा लगाई जा रही है ,जिसमें ७४ विद्यार्थी शिक्षा अध्ययन करते हैं। फिजिक्स की प्रयोगशाला में गणित की कक्षा संचालित होती है जहां कक्षा ११वीं गणित के १६, १२ वीं के २८ विद्यार्थी अपनी कक्षा लगाने के लिए आते हैं। तो वहीं जीव विज्ञान की प्रयोगशाला है जिसमें कक्षा ९वीं संचालित की जाती है। इस दौरान तीनों प्रयोगशाला को जोड़कर एक प्रयोगशाला बना दी गई है। वह भी एक कमरे के आधे भाग में संचालित की जा रही है जहां प्रयोगशाला के उपयोग के समय छात्र छात्राओं को भी समस्या होती है।

### स्कुल में नये पाठ्यक्रम के लिए नहीं है कमरा

स्कूल प्रबंधन के द्वारा हर प्रकार की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल का संचालन किया जा रहा है। जिसमें ४० विद्यार्थियों की एक कक्षा होना चाहिए परंतु अधिक से अधिक विद्यार्थियों को बैठने का प्रयास किया जाता रहा है। तो वहीं उक्त नियम के तहत भी कक्षाएं संचालित हो रही है। परंतु शासन के द्वारा जो दो नए विषय संचालित किए जा रहे हैं उसके लिए अब कक्षा संचालित करने व्यवस्था नहीं है। जिस कारण से एक कमरे में कुछ कंप्यूटर लगाकर एलसीडी के माध्यम से उन्हें पढ़ाया जा रहा है बाकी खुले स्थान पर तीन साइड के नीचे बताया जाता है।

### स्कुल के लिये अतिरिक्त कक्ष की बहुत जरूरत है- मोनू देशमुख



ग्रामीण मोनू देशमुख ने बताया कि स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप कमरे नहीं है। यहां पर विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है क्योंकि हमारा गांव झालीवाड़ा केंद्र के रूप में है जिसके चारों तरफ आसपास में बहुत सारे ग्राम स्थित है। जहां से बालक बालिकायें शिक्षा अध्ययन करने के लिए हमारे इस विद्यालय में आते हैं जहां पर कमरा कम होने के कारण कई विद्यार्थियों को तो प्रवेश भी नहीं दिया जाता है। बच्चे वंचित हो जाते हैं फिर उन्हें शहर जाना होता है इसमें यदि देखें तो अभी एक नया विषय भी आया है जिसके लिए कमरा नहीं है एक कमरे में दो कक्षा लगाई जा रही है। जबकि कमरों की बहुत ज्यादा आवश्यकता है इस समस्या के लिए विधायक और सांसद सभी को आवेदन दिया गया है । विभागीय स्तर पर भी जानकारी देकर आवेदन दिया गया है परंतु अभी तक कुछ नहीं हो पाया है। ग्राम के छात्र छात्राओं की मांग उठ रही है कि हमारे यहां कॉमर्स विषय नहीं है जिसे चालू किया जाए ऐसे में अतिरिक्त कक्ष की बहुत जरूरत है।

### स्कुल में दर्ज संख्या के आधार पर नही है कोई सुविधा- बसंत देशमुख



ग्रामीण बसंत देशमुख ने बताया कि मेरा लड़का कक्षा दसवीं में झालीवाड़ा स्कूल में पढ़ता है जहां पर कक्षा लगाने के लिए कमरों की समस्या बताई जाती है। जिस कारण विद्यार्थी और स्टाफ को भी समस्या होती रहती है ,हमारा बच्चा भी जब घर आता है तो वह बताता है कि एक कमरे में दो कक्षा लगती है प्रयोगशालाओं में भी कक्षा लगती है। कुल मिलाकर समस्या सभी को है बच्चों को परेशानी हो रही है और इसका शिक्षा पर भी प्रभाव पड़ रहा है। भविष्य में किसी को समस्या ना हो इसके लिए व्यवस्था बनानी चाहिए क्योंकि अब संख्या बढ़ेगी तो समस्या होगी।

### वर्तमान में व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है-डी डी राहगंडाले

प्रभारी प्राचार्य डी डी राहंगडाले ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नर्सरी से १२ वीं तक की कक्षा संचालित होती है। जिसमें ७२५ विद्यार्थी दर्ज है इसमें विद्यार्थियों को बैठने की समस्या बनी हुई है अभी नए पाठ्यक्रम प्रारंभ हुए हैं आईटी और इलेक्ट्रॉनिक उनके लिए कमरा नहीं है। जिनकी कक्षा अर्यत्र लगाई जाती है फिजिक्स प्रयोगशाला में गणित केमिस्ट्री प्रयोगशाला में कक्षा १२वीं कृषि बायो प्रयोगशाला में कक्षा नवमी लगती है। विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है ठीक से प्रयोगशाला भी नहीं चलती और वहां लगने वाली कक्षायें भी प्रभावित होती है इसके लिए शासन से हमने मांग कियें है पत्र लिखे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी की बैठक में पांच अतिरिक्त कमरों की मांग भी की गई है वर्तमान में व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि कक्षा ९ से १२ में राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के तहत कमरों का निर्माण करवाया जाता है। जिसके लिए प्रतिवर्ष जानकारी ली जाती है जो जिला स्तर से इस बार भी ली गई है और प्रस्ताव बनाकर भेजा गया होगा। हालांकि इसमें और जानकारी ली जाएगी इसके बाद विद्यालय में कमरों की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।

**एनके डहाटे**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी**
**वारासिवनी**

# भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्तर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताएँ

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । म.प्र. शासन उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार शासकीय एसएसपी महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत नवबंर माह की गतिविधि के अन्तर्गत अन्तराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस १६ नवबंर का आयोजन ३० नवबंर को इंदिरा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं प्रभारी तथा सहयोगी साथियों के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की सौंक्षिप्त रूपरेखा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रक्षा निकोसे के द्वारा प्रस्तुत की गई। संयोजक श्रीमती सरिता नागवंशी के द्वारा भारत में सहिष्णुता विषय पर उद्बोधन दिया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा प्राचीन भारत सहिष्णुता की प्रति मूर्ति विषय पर भाषण प्रस्तुत किए गए। साथ ही सहिष्णुता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कु. अंजली बिसेन प्रथम स्थान, कु. प्रगति बोकड़े द्वितीय स्थान एवं झामेश्वर डहाटे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कु. मोहिनी चौहान बीएससी प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, कु. शिवानी मेश्राम बीए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान एवं कु. मुस्कान माहुरकर बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वीडियो क्लिप के माध्यम से सहिष्णुता विषय को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी कृष्णा पराते एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेन्द्र कुमार डोंगरे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रक्षा निकोसे के द्वारा आभार प्रगट कर किया गया।



# मुख्यमंत्री के आगमन पर किसानों की सभी समस्याओं पर की जायेगी चर्चा- प्रदीप जायसवाल

## मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री को प्रदीप जायसवाल ने लिखा पत्र

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । जिले सहित वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले २ दिसंबर २०२४ से समर्थन मुल्य पर धान की खरीदी सभी धान खरीदी केन्द्रो में प्रारंभ कर दी जायेगी। जिसके पूर्व, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने शनिवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है । और कहा है की गत विधानसभा चुनाव में पार्टी के द्वारा संकल्प पत्र में ३१ सौ रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदी की बात कही गयी थी। इसी तरह की बात लोकसभा चुनाव में भी दोहराई गयी थी किंतु यह राशि नही मिलने के कारण किसानो में असंतोष भी व्याप्त है। किसानों की इस समस्या को देखते हुये पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने धान खरीदी का मूल्य संकल्प पत्रानुसार वृध्दि कर ३१ सौ रूपये प्रति क्विंटल किसानो को दिये जाने की मांग की है। वहीं क्षेत्र के किसानों ने भाजपा कार्यालय में पहुंचकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को अपनी समस्या बताते हुये कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में किसानो को धान देने के लिये स्लॉट बुक करना अनिवार्य है। जो बिना किसी सूचना के इस वर्ष धान खरीदी केन्द्रो में खरीदी के पहले ही २९ नवबंर की शाम को स्लॉट बुकिंग पोर्टल चालु कर बंद कर दिया गया है। जिसमें बताया जा रहा है कि १० जनवरी २०२५ तक किसानो के स्लॉट बुक हो गये है। जबकी वर्तमान में करीब ७५ प्रतिशत किसानों के द्वारा स्लॉट बुक करने से वंचित रह गये है। किसानो ने बताया कि यह जो पंजीयन किया गया है वह व्यापारियों के द्वारा करवाया गया है जहां पर किसानों को भारी समस्या का सामना करना पडेंगा। किसानों की इन समस्या को संज्ञान में लेते हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने किसानों को प्रशासन से चर्चा कर व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया है। वहीं बालाघाट में ३ दिसम्बर से जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है जहां मेला आयोजन के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष सभी किसानों की मांगो को पूर्ण करने और ३१ सौ रूपये समर्थन मूल्य दिये जाने की बात रखेंगे। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने चर्चा कर बताया कि हमने इसके पूर्व भी मुख्यमंत्री सहित सभी बड़े नेताओं का इस विषय पर ध्यान आकर्षित कराया है। हमे पूर्ण विश्वास है की किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना जैसे वादो को हमारी पार्टी ने पूरा किया है और इस वादे को भी जल्द पूर्ण किया जायेगा। श्री जायसवाल ने कहा की प्रदेश सरकार भी इस विषय को लेकर गंभीर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान से जल्द ही मुलाकात कर वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य को और गति प्रदान करने , साथ ही क्षेत्र में रुके हुये कार्य को भी पूर्ण करने के लिये भी प्रयास करेंगे। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, पूर्व सरपंच सचिन बिसेन,संतोष आडे, शैलेन्द्र तिवारी, विनय सुराना, मोनू लिमजे, मिलींद नगपुरे, सोनू जायसवाल,विनोद मिश्रा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यार्थियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद भी सरकार नही कर रही भर्ती

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । एक तरफ प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के बारे में बड़ी.बड़ी बाते करती हैं तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के बेरोजगार युवा शिक्षक भर्ती परीक्षा में पात्र होने के बावजूद भर्ती नही होने से परेशान हो रहें है। जिसके चलते वे अब मानसिक तवान से जूझ रहें है। २०२३ के रोस्टर में पदवृद्धि परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थीयो को सरकार द्वारा वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। जबकि प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पांच हजार से ज्यादा वर्ग १ की पोस्ट खाली है। तो वहीं स्कूलों में शिक्षको की कमी होने के चलते एक टीचर दो दो क्लास के बच्चों को पढ़ाने में मजबूर है। मगर प्रदेश सरकार का इस ओर ध्यान कतई भी नही है जिसके चलते अपनी विभिन्न मांगो को जिले के अलग अलग ग्रेजुएट अभ्यर्थीयो ने वारासिवनी पहुँचकर विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान आशुतोष दुबे,जितेंद्र बिसेन,छगन मात्रे,शुभम बर्वे,मनीष राहंगडाले,पवन गोनाडे,विजय बघेले, आंनद रौतकर, नीलेश गौतम,आकाश चौबे,हर्ष पांडे,नरेश दमाहे,राजेश दुबे, प्रतिभा मात्रे,सावित्री ठाकरे,डीम्पी भगत,बिंदु नगपुरे,सपना मचिरके, पुष्पा डहारे मौजूद रहे। सावित्री ठाकरे ने बताया की वर्ग १ के लिए सरकार पदवृद्धि करे,पद वृद्धि इसलिए करे क्योंकि हम लोगो ने जो पेपर दिया हैं एक पात्रता परीक्षा और मुख्य परीक्षा और दोनों परीक्षा हम लोगो ने अच्छे नंबरों से पास किया है। फिर भी सरकार ने हम लोगो को वेटिंग लिस्ट में डाल रखी है। प्रदेश में लगभग २५ हजार से ज्यादा पात्र लोगो को वेटिंग में रखा है। सरकार ने जो दूसरी परीक्षा ली थीं उसका नाम दिया था चयन परीक्षा और चयन परीक्षा का मतलब यह होता की हम चयनित है। केंद्र सरकार भी कोई परीक्षा लेती है तो वो भी दो दो राउंड परीक्षा नही कराती। लेकिन हमने दोनों राउंड परीक्षा पास किये हैं और सरकार को जो चाहिए हम सभी में वह योग्यता है। प्रदेश सरकार जल्द से जल्द पद वृद्धि कर जो योग्यता हैं उनके साथ न्याय करें। विधायक विवेक पटेल ने कहा की सरकार के द्वारा नौकरी के नाम पर परीक्ष तो लेती है मगर रिजल्ट देने में कई वर्ष लगा देती हैं और जो परीक्षा में उत्तीर्ण हो भी जाता है। उसे समय पर जॉइनिंग नही देती जिसके कारण हमारे प्रदेश में लाखो युवा बेरोजगार पडे है। सरकार का उनके ऊपर कोई ध्यान नही हैं जिले के कुछ परीक्षा में पात्र लोगो ने ज्ञापन दिया है। हम विधानसभा में सरकार को जगाने का प्रयास करेंगे और विधानसभा में मुद्दा भी उठाएंगे शिक्षा विभाग सहित ऐसे कई विभाग है। जहाँ कर्मचारी नही है जिसके कारण आम नागरिकों को परेशानियों का सामना पड़ रहा है।



# बुरी नीयत से खींचतान करने के आरोपी को १ वर्ष का सश्रम कारावास

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय की न्यायधीश सुश्री नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने बुरी नीयत से खींचतान करने के आरोपी रोहित शिववंशी को १ वर्ष का सश्रम कारावास ५०० रुपये के अर्थदंड से दंडित कर सजा सुनाई गई। पीड़िता ११ अक्टूबर २०२१ की शाम लगभग ५.३० बजे बस्ताराम चौहान के घर के सामने नल पर पानी भरने गयी थी। नल पर कोई नहीं था तभी रोहित शिववंशी आया और बुरी नीयत से पीड़िता को पीछे से पकड़ लिया और उसका हाथ पकड़कर खींचातानी करने लगा तभी उसने उसको झटका दी तो वह वहां से भाग गया। पीड़िता अपनी खाली गुंडी लेकर भागते हुए अपने घर आयी और अपनी सास को घटना की बात बताई। फिर पीड़िता के पति घर आये तो उन्हें भी घटना की बात बताई तब पीड़िता के पति दिनांक ११ अक्टूबर २०२१ के रात्रि में ८ बजे रोहित को बोलने उसके घर गये तो रोहित घर के सामने मिला। तब पीड़िता के पति ने रोहित से बोले की उसने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ क्यों किया है तब रोहित बोलने लगा कि उसने कोई छेड़छाड़ नहीं किया है। आरोपी ने पीड़िता के पति के साथ मारपीट की जिससे पीड़िता के पति के दाहिने हाथ की कलाई में खरोंच लगी है जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना वारासिवनी के द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। जो वारासिवनी न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी की अदालत में विचाराधीन था। जहाँ आरोपी रोहित पिता सावनलाल शिववंशी उम्र २० वर्ष निवासी ग्राम पोण्डी थाना लालबर्रा का दोष सिध्द होने पर उसे भादवी की धारा ३५४ के तहत १ वर्ष के सश्रम कारावास एवं ५०० रूपये के अर्थदंड से दंडित कर अर्थदण्ड राशि अदायगी नही करने पर में ३ माह का साधारण कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी ऋतुराज कुमरे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई।

# समझदारी और त्याग में ही असली राजनीति

महाराष्ट्र की राजनीति में फिर एक बार महाठती को प्रचंड बहुमत के बाद भी सीएम के पद को लेकर खींचतान हो रहा है इससे आपस में अंदर से कलह होना ठीक नहीं होता है आपस में मिलकर शांति से आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर जनादेश का सम्मान करना चाहिए यदि सीएम पद के लिए तकरार हो रहा है तो घबराहट में नहीं शांति से काम लेकर आपस में मिलकर सहमति बनाने की आवश्यकता है सभी ने अच्छा किया है काम पर वोट मिला है अत: देश के लिए विकास की जरुरत है यदि इसमें कोई त्याग कर काम करता है तो लोग उसे पद से ज्यादा सम्मान देते हैं कुर्सी आती है जाती है लेकिन बंधन नहीं टूटना चाहिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा हैं कर्म करो फल की चिंता ना करो ऐसा बने की लोग आपको पद से ज्यादा आपके काम पर प्यार व सम्मान करें स्व बालासाहेब ठाकरे जी ने कभी सत्ता नहीं हासिल की लेकिन वो सभी के दिलों में राज करते हैं ऐ सब चुनाव से पहले ही घोषणा करना चाहिए आपस में लड़ने से अपना ही नुकसान होगा और विपक्ष को बैठे बिठाये एक मुद्दा मिल जायेगा अत: आपसी प्रेम से ही इसे हासिल किया जा सकता है और इसके लिए त्याग बहुत जरुरी है जहाँ तक बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का सवाल है नीतीश कुमार मझे हुए खिलाड़ी हैं इसलिए वहाँ एक अलग परिस्थिति है बिहार का समीकरण ऐसा है की वहाँ तीन पार्टी प्रमुख है बीजेपी , जेडीऊ (नीतीश कुमार की पार्टी ) और लालूजी की पार्टी आरजेडी इसमें से कोई दो भी मिल जाता है तो सरकार बन जाती है अत: जैसे ही नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री पद पर खतरा नजर आता है एक ही दिन में इस्तीफा भी देते है और उसी दिन सरकार भी बन जाती है और इसमें दोनों को ही अच्छा सीट मिल जाता है वो चुनाव में इसका जिक्र भी रहता है की नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडी चुनाव लड़ रही है अत: किसी भी परिस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे हालांकि केंद्र में उनके 12लोकसभा सीट भी है जो सरकार को बनाए रखने हेतु दोनों में तालमेल होना अच्छी है और बिहार में बिना जेडीयू के किसी भी पार्टी को सरकार बनाना मुश्किल है और विकास भी हो रहा है महाराष्ट्र में भी विकास हुआ और महायुती को प्रचंड बहुमत भी मिली है ऐ भी सच है महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे जी और देवेंद्र फडणवीस जी व अजित पवार जी ने जितना काम किया वैसे ही वोट मिला है अत: शांति समझदारी और आगे की राजनीति को ध्यान में रखकर ही कोई सही फैसला लेना चाहिए असली राजनीती तो केंद्र में है एक संघ के कार्यकर्त्ता के रूप में पहले मोदीजी को जाना जाता था बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और बाद में प्रधानमंत्री जैसे पद पर लगातार 3 सरे बार बनाना जरूर ही उनके मेहनत और संघर्ष का परिणाम है अत: विपक्ष को बैठे बिठाये कोई मुद्दा ना मिल जाए एक होकर ही शांति और समझदारी से काम लेना चाहिए और उसे पूर्ण करने का भी दम होना चाहिए।

अगर लम्बी राजनीति करना होता है तो किसी को तो इसमें कोम्प्रोमाईज करना चाहिए और मिलकर काम को पूर्ण कर ही जनता के जनादेश को सम्मान मिलेगा अत: जोड़ तोड़ की राजनीती से दूर होकर भविष्य में अपने काम को जनता का आशीर्वाद समझ कर करना चाहिए लोगों के बहकावे में ना आकर दूर की राजनीति पर कुछ खोना भी पड़ता है लेकिन अच्छा गेन होता है। याद रखना चाहिए जब चमकौर के युद्ध में मात्र 40सिख जो गुरु गोविन्द सिंहजी के भक्त की तरह सेना के रूप में थे जैसे ही औरंगजेब की सेना, वाजिर खान के नेतृत्व में 10लाख मुगलो सैनिक ने घेर लिया था तब गुरुगोविन्द सिंहजी ने पाँच पांच की गुट में सेना भेजी और जैसे ही उनका पुत्र अजित सिंह जी लड़ने के लिए आगे आते हैं वैसे ही गुरूजी का शिष्य ने बोला, महाराज ऐ तो आपका पुत्र है तभी गुरूजी ने उत्तर दिया क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो अत: उन्हें भी आशीर्वाद देकर भेजा और शहीद हो गए लेकिन उनका यह बलिदान आज भी लोगो के लिए एक प्रेरणास्त्रोत रहा है अत: जब किसी को अपना मानते हैं तो विरोध का सवाल ही नहीं।

# डिग्रीयां तो पढ़ाई के खर्चे की रसीदें है - ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके



गोंदिया - सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है।याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वतः संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्यवहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

साथियों भारत में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि कौशलता विकास पर जोरदार तरीके से फोकस किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय का भी गठन किया गया है जो अनेक राज्यों में विभिन्न स्तरोंपर कौशलता विकास का जन जागरण अभियान चला रहा हैं। इसके लिए हुनर हाट सहित अनेकों कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मेरा मानना है कि इनका सबसे सटीक कारण हर नागरिक को नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और जो कौशलता के रूप में ज्ञान प्राप्त करेंगे, उनके किरदार में भी झलकेगा जो हमारी सदियों पुरानी संस्कृति भी रही है। इसके विपरीत हम देखते हैं कि किताबी पढ़ाई वाली डिग्रियां जिसे हम पढ़ाई के खर्चे की रसीदें भी कर सकते हैं, प्राप्त करने के बाद भी इंटर्नशिप या प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेना जरूरी होता है। केवल डिग्री के बलपर हम अपने व्यवसाय में प्रैक्टिस नहीं कर सकते या किसी जॉब में शामिल होने के बाद भी उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है और हमारा किरदार उसमें झलकता है कि हम इसके विशेषज्ञ हैं फरि भी अक्सर देखा गया है कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करने के बाद जब सेवा करनें का मौका आता है तो अनेक लोग विदेशों में जाकर सेवाएं प्रदान करते हैं और वहीं बस जाते हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीदें हैं, परंतु ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके।

साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबी अशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेशन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ।

साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा।

साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबी अनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े-लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है।

साथियों बात अगर हम संस्कारों और विचारधारा की करें तो व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान के परिपक्व व्यक्ति अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पर चलकर संस्कारों का परिचय देते हैं। वहीं किताबी ज्ञान डिग्री लेने वाले कुछ अपवादों को छोड़कर संस्कारों और विचारधारा में साफ फर्क दिखा देने लगते हैं अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पुरानी और ढकोसली लगने लगती है रिश्ते नातों में कमजोरी को बल मिलता है और विवाहित होने पर सिर्फ अपने परिवार की जवाबदारी तक सीमित हो जाते हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों में ऐसा नहीं है परंतु यह हम जरूर कहेंगे के किताबी ज्ञान वालों से अधिक ज्ञान समझ रखने वाले व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों के दोनों हाथों में मलाई होती है जिससे स्थिति अनुसार प्रयोग में करते हैं स्थिति बिगड़ी तो तुम तो पढ़े लिखे हो!! हम ठहरे अनपढ़, हमको क्या समझता है!! और परिस्थिति का हमारे तरफ झुकाव रहा तो, देखो तुम तो पढ़े लिखे हो!तुम्हारी पढ़ाई लिखाई किस काम की? अच्छा हुआ हम तो अनपढ़ ही बहुत अच्छे है।

साथियों बात अगर हम व्यवहारिक ज्ञान के महत्व की करें तो स्कूल में जब बच्चों से हाथ से प्रोजेक्ट बनवाए जाते हैं तो बच्चे व उनके अभिभावक बहुत खुश होते है।जब वे खुद कैंची से कागज काटते हैं तब व्यवहारिक ज्ञान आता है। हाथ से किया हुआ कार्य हम कभी नहीं भूलते और वही जीवन में काम आता है। किताब साइकिल चलाना नहीं सिखा सकती पर हमने एक बार चला ली तो जीवन भर नहीं भूलते। अच्छे अच्छे सांइस पढ़ाने वालों को यह नहीं पता होता कि एक लोहे के टुकड़े को कैसे पता चलता है कि उसके आसपास एक चुम्बक है और उसे उसी ओर जाना है? या चुम्बक को कैसे मालूम कि मुझे लोहे के टुकड़े को अपनी ओर खींचना है? यह टीचर नें व्यवहारिक ज्ञान से सिखाया। एक स्कूल में बच्चों से लगभग 600 प्रोजेक्ट बनवाए, हाथ से नमकीन मिक्सचर केक, बिस्कुट इत्यादि बनाना व बेचना। यह व्यवहारिक ज्ञान उनके जीवन में बहुत काम आएगा।व्यवहारिक ज्ञान, अनुभव और अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। यहां कुछ तरीके हैं जिनसे आप व्यवहारिक ज्ञान को विकसित कर सकते हैं- (1)अभ्यास करें- ज्ञान को प्राप्त करने के लिए अभ्यास करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो, आपको नियमित अभ्यास के माध्यम से उसमें दक्षता प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।(2) गुरु से सीखें- अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए उन लोगों से संपर्क करें जो आपके क्षेत्र में एक्सपर्ट हैं।उनके मार्गदर्शन में आप अपने दक्षता को बढ़ा सकते हैं। (3) दूसरों के साथ अनुभव साझा करें- अपने दोस्तों, परिवार के सदस्यों या समुदाय के अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने से आप उनके अनुभव से भी सीख सकते हैं और अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। (4) समस्याओं का सामना करें- समस्याओं का सामना करने से आपको व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। समस्याओं के समाधान के लिए अपने दिमाग को चुनौतियों के सामना करने की अनुमति दें। (5) पुस्तकें और संसाधनों का उपयोग करें- अपने विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए पुस्तकें,आर्टिकल्स वेबसाइट्स और वीडियोस का उपयोग करें।

-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

## राज्यों पर ब्याज, वेतन, पेंशन का बढ़ता बोझ, कर्ज से खर्चों की भरपाई

केंद्र और राज्य सरकारों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती चली जा रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए लग रहा है, एक बार फिर हम 2000 की स्थिति में लौट रहे हैं। हिमाचल, पंजाब, केरल जैसे राज्य अपने बजट का 70 फ़ीसदी वेतन, ब्याज और पेंशन में खर्च कर रहे हैं। यह खर्च दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। पीआरएस लेजिस्लेटिव संस्था ने सभी राज्यों के बजट का विश्लेषण किया है। इस विश्लेषण के बाद यह तथ्य उजागर हुआ है। पेंशन वेतन और ब्याज के रूप में राज्यों में सबसे ज्यादा 79 फ़ीसदी खर्च हिमाचल कर रहा है। उसके बाद पंजाब 76 फ़ीसदी, केरल 71 फ़ीसदी, नागालैंड 68 फ़ीसदी, तमिलनाडु 64 फ़ीसदी, हरियाणा 60 फ़ीसदी, कर्नाटक 58 फ़ीसदी, पश्चिम बंगाल 58 फ़ीसदी, उत्तराखंड 57 फ़ीसदी, राजस्थान 55 फीसदी, महाराष्ट्र 55 फ़ीसदी, उत्तर प्रदेश 53 फ़ीसदी, मध्य प्रदेश 45 फ़ीसदी, गुजरात 45 फ़ीसदी, बिहार 41 फ़ीसदी, छत्तीसगढ़ 41 फ़ीसदी। सबसे कम झारखंड 30 फ़ीसदी और उड़ीसा 28 फीसदी राशि, पेंशन ब्याज और वेतन पर खर्च कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है, पिछले एक दशक से राज्यों ने अपने खाली पदों को नहीं भरा है। संविदा और दैनिकभोगी के रूप में युवाओं की नियुक्तियां की जा रही हैं। इन युवाओं को प्रतिमाह मात्र 12 से 18000 रुपए का वेतन दिया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से उनका पारिश्रमिक भी नहीं बढ़ाया गया है। नौकरी के साथ उन्हें जो बेनिफिट मिलने थे, वह भी राज्य सरकारों द्वारा उन्हें नहीं दिए जा रहे हैं। कई वर्षों की नौकरी के बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया गया है। जिसके कारण राज्यों की बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। शिक्षकों के और पुलिस के लाखों पद विभिन्न राज्यों में कई वर्षों से खाली पड़े हुए हैं। राज्य सरकारों द्वारा शिक्षा के बजट मे भी लगातार कटौती की जा रही है। विकास कार्यों के बजट पर कटौती हो रही है। चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी राज्य सरकारों के पास खर्च करने के लिए राशि नहीं है। स्वास्थ्य पर बिहार अपने बजट का 5.7 फ़ीसदी, गुजरात 6.5 फ़ीसदी, हिमाचल 6.4 फ़ीसदी, झारखंड 6.02 फ़ीसदी, महाराष्ट्र 4.6 फ़ीसदी, मध्य प्रदेश 6.7 फ़ीसदी, पंजाब 4.6 फ़ीसदी, राजस्थान 8.3 फ़ीसदी, छत्तीसगढ़ 7.1 फ़ीसदी तथा उत्तर प्रदेश 6.02 फीसदी खर्च कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों को जो राशि खर्च करनी चाहिए, वह नहीं कर पा रहे हैं। गुजरात में आश्चर्यजनक रूप से शिक्षा पर मात्र 5.1 फ़ीसदी खर्च किया जा रहा है। जो भारत के सभी राज्यों में सबसे कम और ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। राज्यों के ऊपर जिस तरीके से पेंशन ब्याज और वेतन का बोझ बढ़ता चला जा रहा है, उसकी भरपाई के लिए राज्यों ने पिछले कई वर्षों में बड़े पैमाने पर कर्ज उठाया है। अधिकांश राज्यों पर लाखों करोड़ रुपए का ऋण है। जिसके ब्याज के तौर पर राज्य के राजस्व का 20 से 25 फ़ीसदी राशि खर्च की जा रही है। यदि यही स्थिति रही, तो 24 साल पहले राज्यों की जिस तरह की आर्थिक हालत थी, वही स्थिति कुछ ही महीनो में देखने को मिल सकती है। राज्यों द्वारा जिस तरह से फ्री बिजली, फ्री राशन तथा तरह-तरह से लोक लुभावन योजनाओं को संचालित किया जा रहा है, उसके कारण राज्यों की आर्थिक स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है।

# महान रूसी गणितज्ञ -निकोलाई इवानोविच लोबचेव्स्की

निकोलाई इवानोविच लोबचेव्स्की का जन्म 1 दिसंबर 1792 को निज़्नी नोवगोरोड, रूस में हुआ था। वह एक रूसी गणितज्ञ और गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति के संस्थापक थे, जिसे उन्होंने जानोस बोल्याई और कार्ल गॉस से स्वतंत्र रूप से विकसित किया था। इस विषय पर लोबचेव्स्की का पहला प्रकाशन 1829 में हुआ था, बोल्याई का 1832 में गॉस ने गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति पर अपने विचार कभी प्रकाशित नहीं किए। लोबचेव्स्की एक मध्यम आय वाले परिवार में पले-बढ़े। हालाँकि, पारिवारिक रिश्ते स्पष्ट रूप से तनावपूर्ण थे। उनकी मां का वास्तव में 1791 के बाद अपने पति इवान लोबचेव्स्की से तलाक हो गया था। पहले से अज्ञात अभिलेखीय सामग्रियों के आधुनिक विश्लेषण से पता चलता है कि लोबचेव्स्की के पिता संभवत: मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के स्नातक सर्गेई शेबरशिन (डी। 1797) थे, जिन्होंने एक सर्वेक्षक के रूप में काम किया और रैंक तक पहुंचे। नाममात्र के पार्षद का. शेबरशिन की मृत्यु के बाद परिवार की वित्तीय स्थिति खराब हो गई। 1802 से लोबचेव्स्की कज़ान में रहे, जहां उन्होंने सरकारी छात्रवृत्ति पर जिम्नेजियम में अध्ययन किया, और 1807 के बाद कज़ान स्टेट यूनिवर्सिटी में अध्ययन किया, जिसे 1804 में ज़ार अलेक्जेंडर प्रथम द्वारा उसी इमारत में खोला गया था। लोबचेव्स्की के शिक्षक विश्वविद्यालय में आमंत्रित जर्मन प्रोफेसर थे, विशेष रूप से गणितज्ञ मार्टिन बार्टेल्स, जो गॉस के मित्र थे और गणित के अपने विश्वकोशीय ज्ञान के लिए जाने जाते थे। 1812 में लोबचेव्स्की ने विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री प्राप्त की। 1814 में उन्हें शुद्ध गणित में सहायक का पद और स्वतंत्र रूप से पढ़ाने की अनुमति प्राप्त हुई। उन्होंने संख्या सिद्धांत, अंकगणित, बीजगणित, त्रिकोणमिति, अभिन्न और अंतर कलन, समतल और गोलाकार ज्यामिति, यांत्रिकी, भौतिकी और खगोल विज्ञान में पाठ्यक्रम पढ़ाया। 1816 से वे एक असाधारण प्रोफेसर थे। 1819 में कज़ान क्षेत्रीय शिक्षा परिषद ने ज़ेनोफ़ोबिक नीति की स्थापना की और जर्मन संकाय चले गए। प्रोफेसरों की कमी के कारण लोबचेव्स्की का करियर तेजी से आगे बढ़ा; 1820 में उन्हें भौतिक-गणितीय कॉलेज का प्रिंसिपल नियुक्त किया गया और 1822 में वे पूर्ण प्रोफेसर और पुस्तकालय समिति के प्रमुख बन गये। 1827 में क्षेत्रीय शिक्षा बोर्ड में बदलाव के बाद, वह विश्वविद्यालय के रेक्टर बन गये। लोबचेव्स्की लगातार छह बार इस अवैतनिक पद के लिए चुने गए और 19 वर्षों तक इस पद पर रहे। उन्होंने व्यापक कज़ान जिले में शिक्षा के प्रसार को हर संभव तरीके से प्रोत्साहित किया। उन्होंने सख्त संगरोध के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के बीच घातक हैजा महामारी (1830-1831) के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और साहसिक व्यक्तिगत कार्रवाई से विश्वविद्यालय को 1842 में विनाशकारी कज़ान आग से बचाया। लोबचेव्स्की की मुख्य उपलब्धि है गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति का विकास (जानोस बोल्याई से स्वतंत्र), जिसे लोबचेव्स्की ज्यामिति भी कहा जाता है। उनसे पहले, गणितज्ञ अन्य सिद्धांतों से यूक्लिड की पांचवीं अभिधारणा प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। यूक्लिड की पांचवीं अभिधारणा यूक्लिडियन ज्यामिति का एक नियम है जो बताती है (जॉन प्लेफेयर के पुनर्रचना में) कि किसी भी दी गई रेखा और एक बिंदु के लिए जो उस रेखा पर नहीं है, केवल एक रेखा है जो उस बिंदु से होकर गुजरती है और उसे काटती नहीं है। इसके बजाय लोबचेव्स्की ने एक ज्यामिति विकसित की जिसमें पाँचवाँ अभिधारणा सत्य नहीं था। यह विचार पहली बार 23 फरवरी, 1826 को भौतिकी और गणित विभाग के एक सत्र में प्रस्तुत किया गया था, और यह शोध 1829 और 1830 के बीच कज़ान यूनिवर्सिटी कोर्स नोट्स पत्रिका में द ओरिजिन ऑफ ज्योमेट्री के रूप में प्रकाशित हुआ था। 1829 में लोबचेव्स्की ने अपने विचारों पर ज्यामिति के बुनियादी सिद्धांतों की एक संक्षिप्त रूपरेखा शीर्षक से एक लेख लिखा था, जिसे कज़ान मैसेंजर द्वारा प्रकाशित किया गया था, लेकिन प्रकाशन के लिए सेंट पीटर्सबर्ग एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रस्तुत किए जाने पर इसे अस्वीकार कर दिया गया था। लोबचेव्स्की द्वारा विकसित गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति को हाइपरबोलिक ज्यामिति कहा जाता है। लोबचेव्स्की ने प्लेफेयर के स्वयंसिद्ध कथन को इस कथन से प्रतिस्थापित किया कि



किसी भी बिंदु के लिए एक से अधिक रेखाएँ मौजूद होती हैं जिन्हें उस बिंदु से बढ़ाया जा सकता है और दूसरी रेखा के समानांतर चलाया जा सकता है जिसका बिंदु हिस्सा नहीं है। उन्होंने समांतरता का कोण विकसित किया जो किसी दी गई रेखा से बिंदु की दूरी पर निर्भर करता है। अतिपरवलयिक ज्यामिति में अतिपरवलयिक त्रिभुज के कोणों का योग 180 डिग्री से कम होना चाहिए। गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति ने विभेदक ज्यामिति के विकास को प्रेरित किया जिसके कई अनुप्रयोग हैं। अतिशयोक्तिपूर्ण ज्यामिति को अक्सर लोबचेव्स्की ज्यामिति या बोल्याई-लोबचेव्स्की ज्यामिति कहा जाता है। 1846 में लोबचेव्स्की ने रेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया और उन्हें क्षेत्रीय शिक्षा बोर्ड का सहायक प्रशासक नियुक्त किया गया। अपने अंतिम वर्षों में वह अंधे हो गए, और गंभीर रूप से बीमार हो गए, और अपने प्यारे बेटे (1852) को खो दिया, लेकिन अपना शैक्षणिक कार्य जारी रखा, 1855 में फ्रेंच में अपना आखिरी काम, पॅंगियोमॅट्रो लिखा।छद्ममंडल में निरंतर नकारात्मक वक्रता होती है; अर्थात्, यह अपनी संपूर्ण सतह पर निरंतर समतलता बनाए रखता है। संपूर्णता में नहीं दिखाया जा सका एक उदाहरण में, छद्ममंडल केंद्रीय डिस्क से दूर दोनों दिशाओं में अनंत रूप से सिकुड़ता है। छद्ममंडल गैर-यूक्लिडियन अंतरिक्ष के पहले मॉडलों में से एक था। ज्यामिति में, छद्ममंडल निरंतर ऋणात्मक गौसियन वक्रता वाला एक सतह है। प्रत्येक बिंदु पर वक्रता -1/ऋ2 होती है। इसका नाम त्रिज्या ऋके गोले के साथ समानता से आता है, जो वक्रता 1/ऋ2 की सतह है। इस शब्द को यूजेनियो बेल्ट्रामी ने हाइपरबोलिक ज्यामिति के मॉडल पर अपने 1868 के पेपर में पेश किया था। फरवरी 1826 में लोबचेव्स्की ने फिजिको-मैथमैटिकल कॉलेज को समानांतर रेखाएं प्रस्तुत कीं, उन्होंने समानांतर रेखाओं पर प्रमेय के कठोर विश्लेषण के लिए समर्पित एक ग्रंथ की पांडुलिपि लिखी, जिसमें उन्होंने यूक्लिड के पांचवें अभिधारणा का प्रमाण प्रस्तावित किया होगा। स्वयंसिद्ध समानांतर रेखाओं पर या उनके गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति के प्रारंभिक संस्करण पर, हालांकि, इस पांडुलिपि को कॉलेज द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रकाशित या चर्चा नहीं की गई है और इसकी सामग्री अज्ञात बनी हुई है इसमें 1826 की पांडुलिपि के अंश शामिल थे और 1829-30 में एक छोटे कज़ान अखबार में प्रकाशित किया गया था, लोबाचेव्स्की ने यूक्लिड के समानांतर अभिधारणा को त्याग दिया, उन्होंने अपनी ज्यामिति को निम्नलिखित धारणा पर आधारित किया- एक रेखा और एक बिंदु के माध्यम से बने विमान में उस पर झूठ बोलते हुए, उस बिंदु के माध्यम से मूल के समानांतर अनंत रेखाओं का संचालन करना संभव है। इसकी ज्यामिति को बाद में आत्मनिर्भर और, परिणामस्वरूप, सिद्धांत के रूप में दिखाया गया समानताएं यूक्लिड के अन्य सिद्धांतों से स्वतंत्र हैं - इसलिए इसे प्रमेय के रूप में उनसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इससे आखिरकार वह समस्या हल हो गई जो गणितज्ञों के दिमाग में 2000 से अधिक वर्षों से व्याप्त थी; कोई समानांतर प्रमेय नहीं हो सकता, बल्कि केवल एक समानांतर सिद्धांत हो सकता है। लोबचेव्स्की ने अपने काम को काल्पनिक ज्यामिति कहा, लेकिन फ्रांसिस बेकन (1561-1626) की अनुभवजन्य भावना के प्रति सहानुभूति रखने वाले के रूप में, नकारात्मक वक्रता की सतह पर लोबचेव्स्की की ज्यामिति ने एक भौतिक व्याख्या दी । इतालवी गणितज्ञ यूजेनियो बेल्ट्रामी, लेकिन केवल 1868 में। 1835 से 1838 तक लोबचेव्स्की ने काल्पनिक ज्यामिति, समानांतरों के संपूर्ण सिद्धांत के साथ ज्यामिति की नई नींव और कुछ अभिन्नों पर ज्यामिति का अनुप्रयोग प्रकाशित किया। 1842 में उनके काम को गॉस ने देखा और बहुत प्रशंसा की, जिनके कहने पर लोबचेव्स्की को उस वर्ष रॉयल सोसाइटी ऑफ गौटिंगेन का संबंधित सदस्य चुना गया। हालाँकि लोबचेव्स्की को मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के संकाय का मानद सदस्य चुना गया था, लेकिन उनके नवीन ज्यामितीय विचारों ने गलतफहमी और यहाँ तक कि उपहास भी पैदा किया। उस समय के प्रसिद्ध रूसी गणितज्ञ, सेंट पीटर्सबर्ग अकादमी के सदस्य मिखाइल ओस्ट्रोग्राडस्की और शिक्षाविद् निकोलस फस ने लोबचेव्स्की के विचारों के बारे में अपमानजनक बातें कहीं। एक साहित्यिक पत्रिका ने भी लोबचेव्स्की पर अस्पष्टता का आरोप लगाया। हालाँकि, लोबचेव्स्की ने अपने विचारों को विकसित करना जारी रखा, भले ही अलगाव में, क्योंकि उन्होंने अपने गणितीय सहयोगियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए नहीं रखे।अपनी ज्यामिति के अलावा, लोबचेव्स्की ने बीजगणित और विश्लेषण में दिलचस्प परिणाम हासिल किए, जैसे बहुपदों की जड़ों की गणना के लिए लोबचेवस्की-ग्रेफ़ विधि (1834) और अनंत श्रृंखला के अभिसरण के लिए लोबचेवस्की मानदंड (1834-36)। उनकी शोध रुचियों में संभाव्यता सिद्धांत, इंटीग्रल कैलकुलस, यांत्रिकी, खगोल विज्ञान और मौसम विज्ञान भी शामिल थे।पहले से ही 1927 में लोबचेव्स्की पुरस्कार यूएसएसआर की विज्ञान अकादमी (अब रूसी विज्ञान अकादमी) द्वारा प्रदान किया गया था, लेकिन 1992 में पदक का पुरस्कार कज़ान स्टेट यूनिवर्सिटी को वापस कर दिया गया। निज़्नी नोवगोरोड, रूस - 24 फरवरी 1856 को कज़ान में मृत्यु हो गई। महान जर्मन गणितज्ञ बर्नहार्ड रीमैन द्वारा ज्यामिति की नींव (1868) पर काम करने और 1871 में उनके हमवतन फेलिक्स क्लेन द्वारा गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति की अनुकूलता को लोबचेव्स्की की ज्यामिति का सही अर्थ पूरी तरह से समझा और सराहा नहीं गया था। अंतत: 19वीं शताब्दी में, कज़ान स्टेट यूनिवर्सिटी ने लोबचेव्स्की के नाम पर लोबाचेवस्की द्वारा दिया जाने वाला एक गणित और पदक देने के लिए प्रतिबद्ध था। 1972 में खोजा गया एक क्षुद्रग्रह, उनके सम्मान में नामित किया गया था। रोमानिया के प्लोएस्टी में एक सड़क का नाम उनके सम्मान में रखा गया था। चंद्र क्रेटर लोबाचेवस्की का नाम उनके सम्मान में रखा गया था रखा गया था। कज़ान स्टेट यूनिवर्सिटी का नाम लोबाचेवस्की विश्वविद्यालय का नाम उनके सम्मान में रखा गया था।

-संजय गोस्वामी

## 7 महीने में 50 प्रतिशत बढ़ गया गोल्ड लोन

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 के पहले सात महीनों में गोल्ड लोन में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई द्वारा जारी बैंक क्रेडिट के सेक्टोरल डिप्लॉयमेंट के आंकड़ों से पता चलता है कि 18 अक्टूबर, 2024 तक 1,54,282 करोड़ रुपए का गोल्ड लोन बांटा जा चुका है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 के शुरुआती 7 महीने में कुल 98.8 हजार करोड़ रुपए का लोन बांटा गया था। वहीं पिछले वित्त वर्ष में बैंक और एनबीएफसी द्वारा कुल 1,02,562 करोड़ रुपए का गोल्ड लोन बांटा गया था। ये इस वित्त वर्ष के शुरुआती 7 महीनों में बांटे गए लोन से 50 प्रतिशत कम है। पर्सनल लोन में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की ग्रोथ देखने को मिली है। वहीं बैंकों लेने की दर में 12.1 प्रतिशत की सालाना ग्रोथ देखने को मिली है। वहीं इस वित्त वर्ष के पहले 7 महीनों में क्रेडिट कार्ड लोन में 9.2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिलेगी। गोल्ड लोन में ये बढ़ोतरी का कारण गोल्ड की कीमतों का बढ़ना हो सकता है। इसके अलावा गोल्ड लोन आसानी और कम ब्याज पर मिल जाता है। वहीं कुछ विश्लेषक गोल्ड लोन की बढ़ती मांग को वित्तीय संकट का संकेत भी मानते हैं।

## ओडिशा में आलू की कीमतों में तेज बढ़ोतरी

भुवनेश्वर। ओडिशा में पिछले दो दिनों में आलू की कीमतों में तेज बढ़ोतरी की गई है और यह समस्या पश्चिम बंगाल द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से उत्पन्न हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल द्वारा राज्य में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते सैकड़ों ट्रक ओडिशा-बंगाल सीमा पर फंसे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि आलू की कीमत पहले 30-33 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो अब 40 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। यह स्थिति उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है और अगर आपूर्ति त्वरित नहीं हुई तो कीमतें और बढ़ सकती हैं। ओडिशा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है और खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्णचंद्र पात्रा ने बताया कि सरकार अब पंजाब और उत्तर प्रदेश से आलू आने की कोशिश कर रही है। अब ओडिशा को प्रतिदिन 4500 टन आलू की आवश्यकता है जिसका बड़ा हिस्सा पश्चिम बंगाल से आता है। सरकार ने आपूर्ति संकट को हल करने के प्रयास किए हैं, लेकिन इसकी समाधान से दूर होने की संभावना है। बढ़ी हुई कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की परेशानियों को बढ़ा दिया है और इस समस्या का समाधान जल्दी से जल्दी होना चाहिए।

## वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर की प्रभावशीलता की समीक्षा करेगा

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने अप्रत्याशित लाभ कर करने के नियमों के प्रभाव की समीक्षा करने का फैसला किया है, क्योंकि कच्चे तेल की निर्यात की कीमतें वैश्विक स्तर पर स्थिर रह गईं हैं। इस निर्णय के बाद पेट्रोल, डीजल, और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को शून्य किया गया है। जून 2022 में सरकार ने घरेलू उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को मिटाकर एसएईडी लागू किया था। इसमें पेट्रोलियम के निर्यात के लिए निर्धारित कीमतों में भी भारी कमी की गई थी। इस नए निर्णय के बाद सूत्रों का कहना है कि वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर से होने वाली सम्भावित लाभ की समीक्षा करने जा रहा है। इससे जुड़े करों का भी आंकलन किया जाएगा। अप्रत्याशित लाभ कर का निर्धारण पहले 31 अगस्त को किया गया था, जब कच्चे पेट्रोलियम के निर्यात पर 1,850 रुपये प्रति टन को तय किया गया था। अब इसे 18 सितंबर से शून्य पर यथावत रखा गया है। इस निर्णय के प्रभाव से एविएशन इंडस्ट्री को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि एटीएफ के निर्यात पर भी एसएईडी लागू है। देश की ऊर्जा क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो मंत्री निर्मला सीतारमण की नेतृत्व में लिया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से गृहित प्रस्तावों के परिणामस्वरूप पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जीएसटी के दायरे में प्राकृतिक गैस को शामिल करने के लिए पत्र भेजा है। इस परिषद में लेने वाले निर्णय से जल्द ही ऊर्जा सेक्टर में और बदलाव देखने की उम्मीद है।

## अब एटीएम से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा!

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक नई योजना शुरू की है, जिससे सब्सक्राइबर्स को अब अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी को और भी मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस नई योजना के तहत ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स को एटीएम से अपने पीएफ का पैसा उठाने की सुविधा उपलब्ध कराएगा। एटीएम से पैसा निकालने की लिमिट तय की जाएगी, जिससे सब्सक्राइबर्स अपनी जरूरत पर अनुकूल पैसे निकाल सकेंगे ईपीएफओ 3.0 योजना का हिस्सा बनकर। इसके अलावा श्रम मंत्रालय कर्मचारियों के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए 12 फीसदी की सीमा को हटाने पर विचार कर रही है। सब्सक्राइबर्स को जल्द ही ज्यादा राशि जमा करने की सुविधा मिल सकती है। यह नई योजना कर्मचारियों को अपने भविष्य के लिए और अधिक बचाव और सुरक्षा मिलने का अवसर देती है। इससे न केवल उनका रिटायरमेंट सुरक्षित होगा, बल्कि उन्हें इमर्जेंसी में भी जरूरत पड़ने पर आसानी से पैसे निकालने की सुविधा मिलेगी।

## जर्मनी- बांग्लादेश के बीच करोड़ों की डील

ढाका। जर्मनी के साथ बांग्लादेश ने 180 मिलियन यूरो (190.8 डॉलर) से अधिक के दो वित्तीय और तकनीकी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का लक्ष्य विकास कार्यों में सहयोग करना है। सूत्रों के मुता?बिक बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय के सचिव मोहम्मद शहरियार कादर सिद्दीकी और जर्मनी के राजदूत अचिम ट्रॉस्टर ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस भविष्य की लाभार्थियों के लिए, 45.8 मिलियन यूरो की राशि तकनीकी सहायता में लगाई जाएगी, जबकि 135 मिलियन यूरो वित्तीय मामलों में सहायता के लिए इस्तेमाल की जाएगी। इस समझौते के अंतर्गत नवीनीकरणीय ऊर्जा, सतत शहरी विकास, और समाजिक और पर्यावरणीय आपूर्ति श्रृंखला के लिए कार्य किया जाएगा। साथ ही इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ घरेलू हिंसा से निपटने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी मदद की जाएगी। यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है जो दोनों देशों के लिए साझेदारी और सहयोग का दरवाजा खोलेगा।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपकी कार्यक्षमता बढ़ाने से आपको खुशी होगी। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बनी रहेगी। आपको काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपकी संतान को नौकरी के लिए कहीं घर से दूर जाना पड़ सकता है।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पारिवारिक रिश्तों में प्रेम भरपूर रहेगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, लेकिन मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, इसलिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आने से आप उसे तुरंत ज्वाइन कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। यदि पिताजी से आपकी किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो उसके लिए आपको उनसे माफी मांगनी होगी। पारिवारिक दायित्व का आप आसानी से पूर्ति कर पाएंगे। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। लापरवाही के कारण आप परेशान रहेंगे।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे। पारिवारिक जीवन में शांति बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते पहले से बेहतर रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में भी आपको कोई सम्मान मिल सकता है। आपने यदि संतान से किसी काम को लेकर कोई उम्मीद लगाई थी, तो आप उस पर खरे उतरेंगे।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा, लेकिन परिवार में सदस्यों के बीच कुछ गलतफहमियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिनसे आपको बातचीत करके ही दूर करनी होंगी। यदि आपने नौकरी बदलने का सोचा था, तो वह आप बदल सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर यदि आपने लापरवाही दिखाई, तो बाद में वह कोई बड़ी समस्या बन सकती है।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। पठन-पाठन में आपका खूब मन लगेगा। विद्यार्थियों को किसी भी व्यर्थ के वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा और खुद की बुराइयों से दूर रखें। किसी पारिवारिक मामले को आप घर से बाहर न जाने दें। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें। कामों पर आप पूरा ध्यान देंगे। यदि आपको किसी काम को लेकर थकान चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में बेवजह ना बोले और आपकी सोच से आपके सहयोगी खुश रहेंगे। आप यदि काम को लेकर कोई सुझाव देंगे, तो आप उस पर अमल अवश्य करेंगे, जिससे आपको खुशी होगी।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर बातचीत चल सकते हैं। आपकी घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा, नहीं तो उनमें कोई गड़बड़ी होने की संभावना है।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए भाग-दौड़ से भरा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आपकी खुशियां भी दोगुनी होंगी। किसी घर और मकान आदि की खरीदारी करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर जिम्मेदारी से काम करना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई प्रोजेक्ट यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप किसी बडे इन्वेस्टमेंट की प्लानिंग कर सकते हैं। संतान के शिक्षा में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आपको उनके गुरुजनों से बातचीत करनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपको महिला मित्रों से सावधान रहना होगा। परिवार में छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपको अपने प्रतिद्वंदियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आप अपने आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको डूबा हुआ धन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन परिवार में कुछ खटपट रहने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपने मन में नकारात्मक विचारों को नहीं रखना है। नौकरी में आपके कामों की सराहना होगी और प्रमोशन की बात भी आगे कर सकते हैं।

## शब्दजाल - 7736

शब्द जाल में 10 जंगली जानवरों के नाम ढूंढिए, नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | ग | र | ग | द | रि | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| गि | स | शे | ल | बा | छ | ची | ता | रा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | ह | न | त | क |
| क | खु | दो | भा | लू | लं | का | म | ग | व | क |
| जी | द | ल | प | य | ख | पू | ना | हि | र | को |
| ती | लो | म | ड़ी | या | प | र | श | र | र | ल |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | गो | लो | श | ण |
| ने | बा | म | ल्व | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| तें | दु | आ | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

शेर, लोमड़ी, सियार, भालू, खरगोश, अजगर, चीता, तेंदुआ, हिरण, नीलगाय

### शब्दजाल - 7735 का हल

## दैनिक पंचांग

1 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.36 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 09.41 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.27 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.00 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.31 बजे से |
| शुक्र | धनु में | वृष | 16.11 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.22 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.38 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कन्या | 00.50 बजे से |
| | | तुला | 03.01 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.16 ब.से |

रविवार 2024 वर्ष का 336 वां दिन दिशाशूल पश्चिम ऋतु हेमन्त। विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946 मास मार्गशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) पक्ष कृष्ण तिथि अमावस्या 11.51 बजे को समाप्त। नक्षत्र अनुराधा 14.24 बजे को समाप्त। योग सुकर्मा 16.33 बजे को समाप्त। करण नाग 11.51 बजे तदनन्तर किंस्तुघ्न 00.21 बजे रात को समाप्त। चन्द्रायु 24.5 घण्टे रवि क्रान्ति दक्षिण 21° 50' सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872178‍0 जुलियन दिन 2460645.5 कलियुग संवत् 5125 कल्पारंभ संवत् 1972949123 सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123 वीरनिर्वाण संवत् 2551 हिजरी सन् 1446 महीना जमादि उलअव्वल तारीख 28 विशेष स्नानदान अमावस्या, विश्व एड्स दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6680

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे राखी को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'इक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं हूं दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेंद्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमित्रा सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अपूर्व खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'आंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा खोना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, बैंकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा वे देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चम्पा चम्पा चलखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाईं, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

फिल्म वर्ग पहेली- 6679

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः लोभ का फल

एक किसान के बगीचे में फलों के अनेक पेड़ लगे हुए थे। प्रत्येक वर्ष उनमें रसीले मीठे-मीठे फल लगते थे। किसान बड़ा सीधा-सादा था। उसने सोचा कि यह बगीचा तो मेरे श्रम की देन है किंतु जिस भूमि पर मेरा बगीचा है वह तो जमींदार की है। इस तरह इन फलों पर उसका भी हक बनता है। एक दिन वह रसीले फलों की टोकरी भरकर जमींदार को दे आया। जमींदार ने जब किसान के बगीचों के फल चखे तो वह दंग रह गया। इतने मीठे व स्वादिष्ट फलों का सेवन उसने आज तक नहीं किया था। उसने सोचा कि ऐसे मीठे फलों के पेड़ किसान के यहां नहीं, मेरे यहां होने चाहिए। उसी क्षण उसने अपने सेवकों को आदेश दिया कि किसान के यहां से पेड़ों की जड़ें उखाड़ लाएं। सभी ने जमींदार को समझाने का प्रयास किया किंतु उस पर लोभ का नशा चढ़ चुका था। उसने किसी की एक न सुनी। उसके सेवक भी कड़े मन से बेचारे किसान के यहां से जड़ें उखाड़ लाए और जमींदार के बगीचे में रोप दीं। जमींदार ने माली को सख्त आदेश दिया कि उनका रखरखाव ध्यान से करे। अगली बार वह खुद इन फलों को तोड़कर इनका रसास्वादन करेगा। एक दिन उन्होंने देखा कि किसान के यहां से उखड़वाई जड़ें लाख प्रयत्नों के बावजूद मुरझाती जा रही थीं। उन्होंने माली से इसका कारण पूछा तो वह डरते-डरते बोला, 'मालिक क्षमा कीजिएगा, किंतु यह लोभ का फल है। आपने लोभवश किसान के मीठे फलों की जड़ों को यहां लगवा तो लिया किंतु जो जड़ें प्रेम, सद्भावना व निःस्वार्थ भावना से वहां पनप रही थीं वे अब स्वार्थ के वशीभूत सड़ चुकी हैं।' माली की बात सुनकर जमींदार को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने किसान को बुलाकर क्षमा मांगी। कुछ ही समय बाद किसान ने अपनी मेहनत से दोबारा मीठे फल उगाकर जमींदार को भेंट किए।

## सूडोकु नवताल- 6989

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6988 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 8204

**बाएँ से दाएँ**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स, हाथ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित -4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2

शब्द पहेली - 8203 का हल

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी रही



मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों, महाराष्ट्र में स्थायी सरकार की उम्मीद और जियोपॉलीटिकल तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से शेयर बाजार में साप्ताहिक आधार पर लगातार दूसरे सप्ताह तेजी देखी गई। बीते पांच दिनों पर शेयर बाजार की चाल पर नजर डालें तो महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर अच्छी बढ़त दिखी। हफ्ते को पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स सेंसेक्स 1,249.86 अंक चढ़कर 80,315.02 पर खुला और 992.74 अंक उछलकर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 379.71 अंक मजबूत होकर 24,286.95 पर खुला और 314.65 अंक बढ़कर 24,221.90 अंक पर बंद हुआ। ताजा विदेशी फंड प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में मजबूत रुझानों के बीच मंगलवार के शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त जारी रही। बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 372.51 अंक चढ़कर 80,482.36 अंक पर खुला और 105.79 अंक गिरकर 80,004.06 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 121.4 अंक चढ़कर 24,343.30 अंक पर खुला और 27.40 अंक गिरकर 24,194.50 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में लगाए गए आरोपों को अदाणी समूह की ओर से नकारे जाने के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 166.1 अंक चढ़कर 80,170.16 अंकों पर खुला और 230.02 अंक चढ़कर 80,234.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 74.35 अंक की बढ़त के साथ 24,268.85 अंकों पर खुला और 80.40 अंक बढ़कर 24,274.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 95 अंक चढ़कर 80,329.08 अंकों पर खुला और 1,190.34 अंक गिरकर 79,043.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 48.15 अंक की बढ़त के साथ 24,323.05 अंकों पर खुला और 360.75 अंक गिरकर 23,914.15 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ कारोबार करता दिखा। शुक्रवार को सेंसेक्स 759.87 अंकों की बढ़त के साथ 79,837.50 पर खुला और 759.05 अंक चढ़कर 79,802.79 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 223.40 अंक चढ़कर 24,137.55 पर खुला और 216.95 अंक चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ।

## केईसी और जीईसी एंटरप्राइजेस के शेयरों में तेजी की संभावना

नई दिल्ली। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच चुनिंदा शेयर निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन रहे हैं। एक ब्रोकरेज फर्म के अनुसार केईसी इंटरनेशनल और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों में जोरदार तेजी की संभावना है। केईसी इंटरनेशनल के लिए ब्रोकरेज फर्म ने बाय रेटिंग और 1,250 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। कंपनी को 16,300 करोड़ रुपये के टीएंडडी प्रोजेक्ट्स के ऑर्डर मिले हैं और आने वाले तीन सालों में वृद्धि की संभावना है। जी एंटरटेनमेंट के लिए भी बाय रेटिंग दी गई है और 30 फीसदी की तेजी की संभावना है। कंपनी ने हाल ही में विज्ञापन रेवेन्यू में सुधार किया और सही दिशा में अग्रसर होने के लिए तैयार है। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि किसी संभावित अधिग्रहणकर्ता के लिए जी की एसेट, बाजार पहुंच और कंटेंट पोर्टफोलियो को अपने बिजनेस में जोड़ना फायदेमंद साबित होगा।

## आरआईएल ने खरीदी डब्ल्यूएचआई में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी

नई दिल्ली। हेलियम गैस के क्षेत्र में कदम रखते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने अमेरिकी कंपनी वावेटेक हेलियम इंक (डब्ल्यूएचआई) में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। रिलायंस ने डब्ल्यूएचआई में करीब रुपए 100 करोड़ के कुल निवेश पर यह हिस्सेदारी हासिल की है।

यह निवेश रिलायंस की पूरी तरह से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट्स यूएसए एलएलसी द्वारा किया गया है। डब्ल्यूएचआई, अमेरिका में हेलियम गैस के भंडारों की खोज, उत्पादन, और प्रबंधन में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी के पास अमेरिका के ईस्ट-साउथईस्ट कोलोराडो, वेस्टर्न कैनसस और नॉर्थवेस्ट मोंटाना जैसे क्षेत्रों में गैस भंडार का नियंत्रण है। हेलियम का उपयोग मेडिकल उपकरण, एयरोस्पेस, फाइबर ऑप्टिक्स, और सेमीकंडक्टर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में होता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा सेंटर के विस्तार के साथ इसकी मांग में और वृद्धि की उम्मीद है। रिलायंस ने बताया कि पिछले दो दशकों में हेलियम की मांग तेजी से बढ़ी है, लेकिन सप्लाई की कमी के कारण इसकी कीमत प्राकृतिक गैस से 100 गुना अधिक हो गई है। यह निवेश कंपनी की कम-कार्बन ऊर्जा समाधान और वैश्विक विस्तार की रणनीति का हिस्सा है।

डब्ल्यूएचआई के साथ यह साझेदारी रिलायंस को हेलियम की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करेगी। उद्योग विशेषज्ञ इसे कंपनी के वैश्विक विस्तार और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं। रिलायंस ने 2010 में अमेरिका के शेल गैस सेक्टर में साझेदारी के माध्यम से बड़ा निवेश किया था, लेकिन 2021 में वह कारोबार से बाहर निकल गई थी।

# विधायक ने आदर्श दिव्यांग संसाधन केन्द्र का फीता काटकर किया लोकार्पण

## विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग खेल-कुद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





लांजी (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी में दिव्यांग बच्चों की खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवम्बर को किया गया। इस दौरान दिव्यांग आदर्श संसाधन केन्द्र का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करांहे के मुख्यातिथ्य में एवं जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनिरे, बिसोनी सरपंच श्रीमती वर्षा विजय वारे की प्रमुख उपस्थिति में फिता काट कर किया गया। तत्पश्चात मचासीन कार्यक्रम विधायक राजकुमार करहि के मुख्यातिथ्य में एवं जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनिरे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, बिसोनी सरपंच श्रीमती वर्षा विजय वारे, उपसरपंच पवन कश्यप, कटंगी सरपंच महेंद्र बोरकर, पूर्व सरपंच विजय वारे, थानूराम मुन्ना बड़घैया, पंच बिसोनी मीरा बाई राउत, माया चौधरी, जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट से डीपीसी सी.एस. मरावी, एपीसी शिरीष थान थराटें, निलेश राठौर निपुण प्रोफेशनल एफएलएन, टी.डी. लिल्हारे प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, शिवेन्द्र उके बीआरसी, कन्हैयालाल बड़घैया पूर्व बीआरसी की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व अतिथियों के स्वागत उपरांत स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट के जिला परियोजना समन्वय अधिकारी सी एस मरावी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह आदर्श दिव्यांग संसाधन केन्द्र हमारे जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह बनाया गया है, यह हम सबके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह हमारे जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है, कि आपने हमारे दिव्यांग बच्चों के लिए इस ओर ध्यान दिया। हम शिक्षा विभाग की ओर से ह्रदय से आभारी हैं। आपने कहा कि बालाघाट जिला एक ऐसा जिला है जहां मध्यप्रदेश में पहला स्थान है जहां दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन किया गया है और सबसे ज्यादा छात्रवृत्ति या भत्ता प्रदान करने में बालाघाट जिला प्रथम स्थान पर है। दिव्यांग वे बच्चे हैं जिनमें विशिष्ट गुण होता है, उनको पहचाने की जरूरत है एवं उनके मोटेविशन की जरूरत है। यह कक्ष दिव्यांग बच्चों के लिए बाधारहित संसाधन उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया है।

### दिव्यांग बच्चों में दिव्य शक्ति होती है-राजकुमार करांहे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार करांहे ने कहा कि दिव्यांग संसाधन केन्द्र का आज लोकार्पण हुआ है यह आने वाले समय में हमारे बच्चों को यहां से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। यह पहली संस्था है जो इस जिले के अंदर में जहां पर हमारे लोगों को लाभ मिलेगा। इसके लिए आपने पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे को बधाई देते हुए कहा कि आपने बच्चों के लिए सोचा एवं इस भवन के लिए स्वीकृति दिलवाई। जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व भी होता है अपने क्षेत्र में आने वाली महत्वपूर्ण समस्या है उनका निराकरण करें और इस ओर उन्होंने ध्यान दिया और यह भवन बनकर तैयार हुआ। आपने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा सर्वप्रथम वो देश के प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने सबसे पहले जो नाम विकलांग था उसको बदल कर दिव्यांग किया। विकलांग एवं दिव्यांग में बहुत बड़ा फर्क है। दिव्यांग बच्चों में एक अंग कम होने के बावजूद उनमें दिव्य शक्ति होती है, ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं। अभी तो देश एवं विश्व में बहुत सारी ओलंपिक प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है, जिसमें हमारे देश के दिव्यांग बच्चों ने भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन किया व देश के लिए मेडम हासिल किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली, चित्रकला, पुष्पसज्जा, 100 मीटर दौड़ 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, मटकी फोड, गायन एवं नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले सभी बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया। एवं सभी बच्चों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी.ए.सी. युवराज टेम्भरे, अरूण भीमटे, लक्ष्मीकांत मडामें, एमआरसी खिलेश डोहरे, श्रीमती कल्पना खोटेले जनशिक्षक, विनोद नेवारे, सुरेश सुलाखे, राजेन्द्र धारणे, राधेश्याम सोनवाने, विजय दपरिया, मानिकराम ढेकवारे, ढाकचंद पारधी, नोहेश भटेरे, मदनलाल टाण्डेकर, मधुसुदन मस्करे, अनीष वैध (डाटा एंट्री ऑपरेटर), तोमेश्वर घासले (भृत्य), निर्णायक शिक्षक चन्द्रकुमार वैद्य, ईश्वरी सातपुते, कैलास वैद्य, गणेश यादव, यवगराज बोहने, संतोष कावड़े, श्रीमती रीता धोंगडे, श्रीमती सीमा मस्की, श्रीमती विद्या पटले, श्रीमती सुनिता सोनवाने सहित अन्य शिक्षकों, जनशिक्षकों एवं कार्यालय के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# माघी अमावस्या पर आज चौंडादेव मेला

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महाराष्ट्र सीमा पर बसे ग्राम लाड़सा में बाघ नदी के तट पर चौंडादेव जनकल्याण सेवा समिति लाड़सा द्वारा ग्रामीणजनों के सहयोग से माघी अमावस्या पर प्रतिवर्ष पारम्परिक रूप में मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी आज 1 दिसंबर 2024 को माघी अमावस्या पर मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मेला स्थल में जय दुर्गे जागरण एण्ड आर्केस्ट्रा ग्रुप के द्वारा प्रस्तुती दी जावेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक राजकुमार करांहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, दुलीचंद राजनीरे जिला पंचायत सदस्य, नीलकंठ ठाकरे जनपद सदस्य, सीताराम रावते, राजकुमार राणा, टीकाराम मेंढे, श्रीमती गीता बाई कालबेले सरपंच लाड़सा, राधेश्याम नखाते, रंजनाबाई मंगरूलाल कवरे सरपंच उमरी, मधुसूदन टेंभरे एवं समस्त पंच गण, ग्राम वासी ग्राम पंचायत लाड़सा, चौंडादेव समिति के अध्यक्ष सुशील टेंभरे, चुड़ामन कंकरायणे उपाध्यक्ष, कृष्णकुमार मेश्राम सचिव, कुँवरलाल नखाते कोषाध्यक्ष, राजू टेंभरे कार्यक्रम अध्यक्ष, सरंक्षक व्यवस्थापक समिति डुलेश्वर टेंभरे,, लक्ष्मीकांत रावते, सतीश कंकरायणे, होमेश्वर नखाते, हासीचंद उरोड़े, पारस टेंभरे, बृजलाल मर्सकोले, बसंत टेंभरे, सुकलाल टेकाम, शिवचरण नखाते, गणेश उइके, आलोक महिन्दे, ज्ञानीराम शांडे, छबीलाल ठाकरे, मोतीलाल नखाते,देवेन्द्र कंकरायेणे, देवाजी टेकाम, बालराम मेश्राम, थानेश्वर उरोडे, रूपचंद जांभुरे, अंगद कंकरायणे, रामचन्द्र मेश्राम, राजहंस मेश्राम, कैलाश कंकरायणे, रमेश मालाधारी, संतोष हरिणखेडे, शिवाजी दखने, मधु बावनथड़े, नामदेव दखने, प्रवीण मेंढे, यादोराव दखने, प्रेमलाल उइके, बुधराम बावन, धनकुमार कंकरायणे, विनोद मेंढे, बसंत रावते, देबीलाल रामटेके, यशवंत कुंभरे, जामवंत ककंरायणे, मुलचंद पटले, आशीष मेश्राम, विजय टेंभरे आलोक कंकरायने, देवेन्द्र नखाते, मोहन ठाकरे, अंकुश टेंभरे एवं समस्त ग्रामीण जन ग्राम लाडसा ने सभी से अपील की है उक्त मेले में पधारने हेतु।



# समर्थन मुल्य पर धान खरीदी के लिए सहकारी समिति के पदाधिकारियों की जनपद सभापति ने ली बैठक

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में आगामी 2 दिसंबर से समर्थन मुल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ हो रही है जिसको लेकर सहकारिता स्तर पर तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। साथ ही शासन के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशानुसार धान की खरीदी केन्द्रो में प्रारंभ की जावेगी। इसी क्रम में 30 नवंबर को जनपद पंचायत लांजी के सभा गृह में सहकारिता समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों गणो की बैठक जनपद के सभापति एवं जनपद सदस्यों की उपस्थिती ली गई। बैठक में युवराज पटले सभापति सहकारिता समिति लांजी, दिनेश लाड़े सभापति निर्माण, सुरेश नारनौरे जनपद सदस्य, श्रीमती नर्मदा मर्सकोले जपस की प्रमुख उपस्थिती में बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में सहकारिता विभाग से जुडे सभी कर्मचारियो के द्वारा संबंधित विषय रखते हुये कहा कि इस बार खरीदी अन्तर्गत शासन के निर्देशो के तहत एक सर्वेयर खरीदी स्थल पर मौजूद रहेगा जिसका कार्य केन्द्र में आने वाले धान की जांच करना होगा जिस पर समिति के द्वारा एक प्रकार से विरोध जताया गया है कि सर्वेयर नही होना चाहिये। तौल मे धान की कमतर होने की समस्या से अवगत कराया गया। धान कम होने की दशा में केन्द्र प्रभारी को ही चिन्हित किया जाता है जबकि ऐसा नही होना चाहिये। किसानों द्वारा लाये गये धान में 14 से 17 प्रतिशत नमी को लागू किया जा सकता है लेकिन इस के उपर धान में नमी की अधिकता होने से किसानों को अपना धान वापस ले जाना होगा। इसके अतिरिक्त वनांचल क्षेत्र के अधिकतर पंचायतो में फसलों को सावरदेही आर्मी कीट से जो नुकसान पंहुचा है जिसको लेकर भी चर्चा बैठक में हुई, इस सभापति दिनेश लाड़े ने कहा कि बीमा कंपनियों के द्वारा किसान बीमा के तहत बीमित किसानों का लाभ नही दिया गया। इसके अलावा अन्य विषयो पर चर्चा की गई धान खरीदी के संबध में तथा खरीदी करते समय आने वाली समस्याओं से भी जनपद को अवगत कराया गया। इस दौरान समिति एसबी रहांगडाले, प्रकाश साहू बैंक प्रबंधक, डीपी महेश्वरे, सीएन मचिया, मुन्नालाल जांमुरे, श्यामलाल राऊत, रमेश रावते, डी आर आसटकर, गिरीश दोनाड़कर, आई एल ऐडे, धर्मदास लिल्हारे, एम एल नगपुरे, साहेब लाल लिल्हारे, विलास चौरे, एन के धनवले, नोहरलाल समरीते, जी के बडघैया, आर एस लिल्हारे।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में बोलेगांव, किरनापुर के बच्चें हुए शामिल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। संभाग स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग का आयोजन 28 नवम्बर को पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर सभागार में संपन्न हुई। जिसमे जबलपुर संभाग के 9 जिलों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओ में भाग लिया। बालाघाट जिले से पी.एम.श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर की 07, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट07, सी.एम.राइस विद्यालय बोलेगाँव 14, सी.एम राइस लालबर्रा05, हाई स्कूल लवेरी 12 तथा अन्य विद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। बालाघाट जिले से कुल 59 प्रतिभागी तथा 12 शिक्षक उपस्थित हुए। जिसमें कव्वाली वरिष्ठ वर्ग में पीएम श्री विद्यालय किरनापुर की छात्राओं ने संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक खुमेश अजीत, शिक्षक सी.एल.चौधरी, एम. एल नागवंशी, मेडम वरकडे के निर्देशन में उक्त छात्राओं द्वारा प्रस्तुती दी गई। जिसमें राहुल नेवारे का सहयोग रहा। प्रश्न मंच, लोकनृत्य कनिष्ठ में लवेरी द्वितीय पर रहा, संयुक्त संचालक प्राचीश जैन तथा सहायक संचालक श्रीमती दर्शना झारिया द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया एवं द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं शुभकामनाएं दी।



भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# बापू आदर्श पब्लिक स्कूल बडगांव क में 3 दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता सम्पन्न



लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र के ग्राम बड़गाँव क में बापू आदर्श पब्लिक स्कूल बडगांव क मे के जी वन से लेकर आठवी तक के छात्रों की 28, 29 एवं 30 नवम्बर तक 3 दिवसीय खेल प्रतियोगिता की गई। जिसमें खो-खो, कबड्डी, दौड़ , ऊंची कूद, लम्बी कूद एवं कुश्ती खेल के अलावा सूर्य नमस्कार तथा अनेक आसनों का अभ्यास कराया गया तथा उसके फायदों के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता में खो-खो बालक 5 वी की टिम प्रथम, बालिका 5 वी द्वितीय, दौड़ में अवनी चौंरे प्रथम, अर्पणा द्वितीय, ऊँची कूद में रिशान्त दूसरी प्रथम, वीर पालेवार दूसरी द्वितीय। लम्बी कूद में वीर पालेवार प्रथम, इशान पंचेश्वर दूसरी द्वितीय। कुशती में दूसरी के मानव सिंघनधुपे ने चौथी तक के 6 पहलवानो को चित कर दिया। आसनो में सबसे अच्छा प्रदर्शन उध्देश मात्रे कक्षा दूसरी का रहा इसने नौकासन कर पीठ को धूरी बनाकर भौरे की तरह घुमा। मैदान में बच्चों को खेल खिलाने मे स्कूल संचालक डॉक्टर जे.एल.रणदिवे एवं शिक्षिकाएं मोनिका पाँचे, दिपिका मानकर, सपना मात्रे का प्रमुख योगदान रहा। अन्तिम दिन प्रधानाध्यापिका श्रीमति कमला खरे, वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमति राधिका रणदिवे, मीना बाहे एवं ललीता कावड़े पिकनिक के रूप में आलू पोहा खिलाकर खेल सम्पन्न किया।

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आधार कार्ड की तरह ही बनेगी प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री कार्ड

## दिसंबर माह से इसी कार्ड के आधार पर किसानों को मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ

**इन्दौर । इन्दौर जिले में राजस्व महा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस महा अभियान के तहत किसानों के फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड बनाने का कार्य जारी है। फार्मर रजिस्ट्री कार्ड, आधार कार्ड की तरह बनाया जा रहा है। यह कार्ड किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अत्यंत जरूरी है। इस कार्ड से किसानों को सुलभता और पारदर्शी रूप से शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा किसानों से आग्रह किया गया है कि वे 15 दिसंबर तक अपना यह कार्ड अनिवार्य रूप से बनवा लें। फार्मर रजिस्ट्री का प्रबंधन mpfr.agristack.gov.in पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।**



कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां राजस्व महा अभियान विशेषकर फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए राजस्व अधिकारियों की विशेष बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की 15 दिसंबर तक सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा हो जाए। इस कार्य को पूर्ण गंभीरता से लिया जाए। इसके लिए गांव-गांव शिविर आयोजित किए जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, ज्योति शर्मा, रोशन राय तथा राजेन्द्र रघुवंशी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने राजस्व महा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी बिंदुओं के लक्ष्यों को अति शीघ्र पूरा किया जाए। महा अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी अपर कलेक्टर अपने-अपने क्षेत्राधिकार के पटवारियों की बैठक लें और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें तथा अभियान को गति प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री के फायदे के बारे में किसानों को जागरूक किया जाए। यह ध्यान दिया जाए की आगामी 15 दिसंबर तक सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से बन जाएं।

### कैसे बनेगी फार्मर आईडी

कृषक स्वयं उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से फार्मर आईडी बनाये जाने की कार्यवाही कर सकते हैं। आगामी समय में फार्मर आईडी अन्य योजनाओं में भी अनिवार्य होगी। वर्तमान में प्रत्येक ग्राम में राजस्व महा अभियान के तहत संबंधित ग्राम के पटवारी एवं युवा कृषक द्वारा ग्रामवार शिविर लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन निर्देशानुसार निशुल्क किया जा रहा है। जिन कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री किया जाना शेष है वे शिविर में उपस्थित होकर अपने ग्राम के पटवारी या युवा कृषक से संपर्क कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री निःशुल्क बनवा सकते हैं। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में भी कृषक फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं।

### किसानों के लिए कई लाभ

फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ होंगे। इससे पीएम किसान योजना की किस्तें सही समय पर और बिना किसी परेशानी के मिल सकेंगी। किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, कृषि लोन और फसल बीमा जैसे लाभ भी आसानी से मिल सकेंगे। आपदा की स्थिति में किसानों को राहत राशि देने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी के लिए भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आसान होगी।

### बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं

बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को मिलने वाली योजनाओं में पारदर्शिता आएगी और योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी होगा। किसानों को हर योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज एक ही कार्ड में मिल जाएंगे, जिससे उन्हें बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया के माध्यम से किसानों के हित में सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंच सकेगा।

### 15 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

फार्मर रजिस्ट्री के तहत, किसानों को एक यूनिक आईडी दी जाएगी और उनके खेतों का रिकॉर्ड भी डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा। इस प्रक्रिया को 15 दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दिसंबर माह से पीएम किसान सहित अन्य योजनाओं का लाभ केवल फार्मर आईडी के माध्यम से ही मिलेगा। इसके अलावा किसानों की खतौनी भी ऑनलाइन होगी, जिससे योजनाओं के लिए सत्यापन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

# प्रदेश में 7 नए वन स्टॉप सेंटर खुलेंगे- मंत्री सुश्री भूरिया



भोपाल। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बताया कि प्रदेश में छः नये वन स्टॉप सेंटर जल्द खोले जाएँगे । केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा इसके लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर झाबुआ जिले के पेटलावाद, इंदौर के रसूलिया, धार के पीथमपुर और मनावर सहित नए जिले पांढुर्ना, मऊगंज और मैहर में खोले जाएँगे ।

मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि इन जिलों में वन स्टॉप सेंटर खुलने से पीड़ित महिलाएं उनके साथ हुए अत्याचार अथवा घरेलू हिंसा के बारे में बता पाएंगी और व्यवस्था अनुसार अपने जीवन को एक नई दिशा दे सकेंगी। उन्होंने कहा कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही इन केंद्रों पर सभी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को अस्थाई रूप से रहने की सुविधा दी जाती है।

मंत्री सुश्री भूरिया के अथक प्रयासों से झाबुआ के पेटलावद में नवीन वन स्टॉप सेंटर खुलने से इस क्षेत्र की महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा के पश्चात न्याय पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रदेश में अब तक 57 ओएससी सेंटर्स संचालित किये जा रहे थे। इन 7 नये वन स्टॉप सेंटर की स्वीकृति मिलने से अब इनकी संख्या 64 हो जाएगी।

## हेमंत मोराने बनें मीडिया प्रभारी

इन्दौर। गुरव समाज के प्रादेशिक संगठन गुरव समाज कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बलराम काले ने समाज विकास और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश स्तर पर कार्य करने के लिए आमंत्रण देकर नये सदस्य बनाने के साथ अपनी कार्यकारिणी का विस्तार भी किया। जिसके चलते प्रदेश अध्यक्ष काले ने हेमंत पिता मनोहरलाल मोराने को गुरव समाज प्रदेश कल्याण संघ में प्रिंट मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। उन्होंने मोराने की इस नियुक्ति का पत्र जारी करते कहा कि मोराने द्वारा पूर्व में भी जिला स्तर पर समाज संगठन के कार्यों में सहभागिता निभाई है और आगे भी प्रदेश संगठन के साथ समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# डायबिटीज जागरूकता के लिए हुई साइकिल रैली और वॉकथान

## हाई ग्लाइसेमिक फूड से दूरी और प्रतिदिन 40 मिनट का व्यायाम जरूरी - सीएमएचओ

भोपाल। मधुमेह जागरूकता शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय से शाहपुरा लेक तक साइकिल रैली और वॉकथान का आयोजन किया गया है। रैली में डायबिटीज के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में प्ले कार्ड, बैनर्स, पोस्टर्स के माध्यम से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, उपसंचालक एनसीडी कार्यक्रम डॉ.नमिता नीलकंठ, डॉ. ज्योति बनवारी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों एवं ग्रीन प्लेनेट साइकिलिंग राइडर्स एसोसिशन के साइकलिस्ट ने भाग लिया। जपाईगो, वर्ल्ड डायबिटीज फाउंडेशन एवं रिसॉल्व टू सेव लाइव्स इंडिया द्वारा कार्यक्रम में सहयोग दिया गया।

जागरूकता रैली के माध्यम से बताया गया कि डायबिटीज की सही समय पर पहचान कर स्वस्थ जीवन शैली एवं चिकित्सक की सलाह से दवाइयों का नियमित सेवन कर सामान्य जीवन जिया जा सकता है। कमजोरी या थकान महसूस होने, वजन के अचानक कम होने या बढ़ने , तेज भूख लगने, बार-बार पेशाब, बार-बार प्यास लगना, घाव बनने में देरी, धुंधलापन जैसे लक्षण मधुमेह के भी हो सकते हैं। परिवार में पहले से किसी सदस्य को डायबिटीज होने, अनियमित खानपान, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, अधिक वजन होने पर मधुमेह की नियमित जांच करवाया जाना आवश्यक है।

इस अवसर पर उप संचालक असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. नमिता नीलकंठ ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार दुनिया भर में 537 मिलियन से ज्यादा वयस्क मधुमेह से पीड़ित है और अनुमान है कि 2045 तक यह संख्या बढ़कर 783 मिलियन हो जाएगी , इसलिए इस बीमारी के में बारे में जागरूकता फैलाना जरूरी है । मधुमेह हर तबके को प्रभावित करता है, हालांकि विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ज्यादा प्रचलित है । जहां मधुमेह से पीड़ित 75% से ज्यादा लोग रहते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.प्रभाकर तिवारी ने बताया कि प्री डायबिटिक स्टेज को रोकने के लिए हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड जैसे आलू , तरबूज, पाइनएप्पल, सफेद शक्कर, चावल, कॉर्न फ्लेक्स, व्हाइट ब्रेड के सेवन से बचना चाहिए। प्रतिदिन न्यूनतम 40 मिनट का व्यायाम डायबिटीज की संभावना को कम करता है।

असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत भोपाल जिले में 4 लाख 22 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है , इनमें से लगभग 60 हजार लोगों में डायबिटीज पाई गई है । जिनका उपचार एवं फॉलोअप स्वास्थ्य संस्थाओं एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जा रहा है ।

# सभी पात्र ई-श्रम कार्डधारी श्रमिक स्थाई पात्रता पर्ची के लिए कराएं सत्यापन

## आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने वार्ड, ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर राशन मित्र पोर्टल पर जल्द करें प्रक्रिया पूरी

**भोपाल। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत जिले के श्रमिकों की पात्रता पर्ची जारी किये जाने के लिए जिले में सर्वे अभियान चलाये गये। राज्य स्तर से भी श्रमिकों के दिये गये मोबाईल नम्बर पर आवेदन करने के लिए समय-समय पर एसएमएस किये गये है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा भोपाल जिले के लगभग 52 हजार ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज श्रमिकों की अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, जिसके संबंध में आगामी प्रक्रिया निम्नानुसार है।**

जिला आपूर्ति नियंत्रक, भोपाल सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि अस्थाई पात्रता पर्ची भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर जारी की गई है, जिसमें श्रमिक का यूएएन नवंर, श्रमिक का नाम, जिले का नाम, पता, पिन कोड नबंर एवं मोबाईल नबंर का विवरण उपलब्ध है। ई-श्रम पोर्टल पर केवल श्रमिक का ही पंजीयन होता है, परिवार के शेष सदस्यों की जानकारी उपलब्ध नही होती है इसलिये अस्थाई पात्रता पर्ची केवल एक श्रमिक की ही जारी की गई है जिसके नाम से भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन है। अस्थाई पात्रता पर्ची, यूएएन नम्बर से डॉउनलोड करने की सुविधा राशन मित्र पोर्टल लॉगीन पर उपलब्ध है। श्रमिक अपने ई-श्रम कार्ड के साथ जब अपनी अस्थाई पात्रता पर्ची वार्ड, ग्राम पंचायत कार्यालय में लेने जाएगा तब संबंधित कार्यालय के कर्मचारी, अधिकारी राशन मित्र पोर्टल पर श्रमिक के यूएएन नबंर से अस्थाई पर्ची सर्च करेगा तत्पश्चात निर्धारित प्रक्रिया अनुसार वैध दस्तावेज परिवार समग्र आई.डी,आधार कार्ड एंव ई-श्रम कार्ड को राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करते हुये सत्यापन करेगा इसके बाद श्रमिक की स्थाई पात्रता पर्ची जारी की जाएगी।श्रमिक का सत्यापन एवं स्थाई पात्रता पर्ची जारी होने के उपरान्त ही राशन सामग्री की पात्रता होगी। अस्थाई पात्रता पर्ची जारी होने से 3 माह के अंदर यदि श्रमिक स्थाई पात्रता पर्ची लेने हेतु वार्ड, ग्राम पंचायत कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी अस्थाई पात्रता पर्ची स्वतः ही निरस्त हो जायेगी।

उन्होंने सभी पात्र पंजीकृत ई-श्रम कार्डधारी श्रमिकों से अपील की है कि वह स्थाई पात्रता पर्ची प्राप्त करने के लिए शीघ्र समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने वार्ड, ग्राम पंचायत कार्यालय में जाकर स्थाई पात्रता पर्ची के लिए राशन मित्र पोर्टल पर सत्यापन कराएं।

# यातायात और अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए बैठक

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सर्किट हाउस में शहर में बढ़ती यातायात और अतिक्रमण की समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में शहर के विभिन्न इलाकों में यातायात की अव्यवस्था और अतिक्रमण के मुद्दे पर चर्चा की गई और समाधान के लिए ठोस उपायों की योजना बनाई गई। बैठक में विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री प्रभात साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव, एडीशनल एसपी ट्रैफिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए निर्देश

मंत्री सिंह ने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले दुकानदारों से संवाद किया जाए और उन्हें समझाया जाए। इसके बाद ही कार्यवाही की जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की जाए, जिसमें उन्हें अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया और इसके पीछे के कारणों के बारे में समझाया जाए। श्री सिंह ने यह भी कहा कि पूरे शहर में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए और पार्किंग



की समस्या का समाधान किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया कि हेलमेट चेकिंग के नाम पर वसूली की घटनाओं को रोका जाए और ट्रैफिक पुलिस को उचित ट्रेनिंग प्रदान की जाए ताकि वे यातायात को व्यवस्थित करने में सक्षम हो सकें।

### डायवर्जन पर ध्यान देने की आवश्यकता....

बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान मार्ग डायवर्जन को लेकर भी निर्देश दिए गए। श्री सिंह ने कहा कि रूट डायवर्जन के दौरान आम नागरिकों को पहले से सूचित किया जाना चाहिए और डायवर्जन के संकेतकों को स्पष्ट रूप से लगाया जाए ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

### विधायकों और महापौर के सुझाव...

बैठक में भाग लेते हुए विधायक अशोक रोहाणी ने गणेश चौराहा, पेंटीनाका, बिलहरी, खंदारी नाला, गोकलपुर जैसे प्रमुख इलाकों में अतिक्रमण की समस्या को उठाया और इसे हटाने की जरूरत पर जोर दिया। विधायक इंदु तिवारी ने कहा कि उनके क्षेत्र में भी यातायात जाम की समस्या है और शहर में बसों के प्रवेश पर भी नियंत्रण किया जाना चाहिए। उन्होंने बाईपास से ही बसों को गंतव्य तक भेजने का सुझाव दिया। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने आईटीआई से दीनदयाल चौक, उखरी चौक जैसे इलाकों में ट्रैफिक की भारी समस्या की बात की और कहा कि इन क्षेत्रों में ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएं। साथ ही, ई-रिक्शा को व्यस्त क्षेत्रों में जाने से नियंत्रित किया जाए। महापौर जगत बहादुर सिंह ने नगर निगम के पुलिस विभाग के साथ मिलकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने की दिशा में हर संभव सहायता देने की बात कही। नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू ने शहर की बेहतरी के लिए सभी को मिलकर काम करने का आह्वान किया और एक स्वच्छ तथा सुंदर शहर बनाने की दिशा में सहयोग देने का आग्रह किया।

# टेट बार ने 2000 नामांकनों पर लगाई मुहर

## शेष का एक सप्ताह में होगा निराकरण

जबलपुर, । हाई कोर्ट के निर्देश पर शनिवार को स्टेट बार की नामांकन समिति की बैठक आहूत की गई। इसमें 2000 आवेदकों के नामांकन पर मुहर लगा दी गई। वाइस चेयरमैन व नामांकन समिति के सदस्य आरके सिंह सैनी व कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि नामांकन समिति एक व बी की बैठक में आवेदनों की जांच हुई। शेष नामांकनों पर एक सप्ताह के भीतर निर्णय ले लिया जाएगा। भविष्य में जितने भी नामांकन किए जाएंगे वे हाई कोर्ट के आदेश के अधीन होंगे। कुछ प्रपत्र अधूरे पाए गए हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए संबंधित आवेदकों को पत्र जारी कर दिए गए हैं। ऐसा इसलिए ताकि वे समय पर कमियां दूर कर दें। इससे हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में उनकी शिकायत दूर हो जाएगी। शनिवार के बैठक के दौरान स्टेट बार के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता भी उपस्थित थे। दरअसल, विधि स्नातकों के नामांकन न होने से वे हलकान थे। इसे लेकर हाई कोर्ट में एक याचिका दायर होने के बाद दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिसके बाद से राहत मिलने लगी है।

# चोटिल यात्रियों की रेलवे ने की मदद

जबलपुर। मैसूर से वाराणसी जंक्शन जाने वाली ट्रेन में, चित्रदुर्ग से वाराणसी जा रहे 10-12 रेल यात्रियों का ग्रुप में से दो रेल यात्री की रेलवे की मदद से बचाई गई जान। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा ने बताया कि कल रात लगभग 11:50 बजे दो बुजुर्ग रेल यात्री सुंदर कुमार उम्र 64 वर्ष एवं रामाचंद्र उम्र 68 वर्ष जो गाड़ी संख्या 22687 मैसूर- वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे जो इटारसी स्टेशन पर चलती गाड़ी में चढ़ते हुए उन्हें पैर में चोट लगने के कारण खून निकल रहा था जिसकी सूचना 139 के माध्यम से दी गयी की कोच बी-5 में दो यात्री जिसको चोट लगने से ब्लड निकल रहा है जिससे यात्रियों को बहुत दर्द हो रहा है जिसके लिए मरीज को अर्जेंट मेडिकल हेल्प चाहिए जांच करने पर पाया गया कि यात्री को काफी चोट लगी हुई है । सीनियर डीसीएम के निर्देशन पर स्टेशन ड्यूटी पर उपस्थित उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य ) आशीष कुमार चड्ढा की सहायता से जबलपुर स्टेशन आने पर डॉक्टर कल्पना की टीम को स्टेशन पर बुलाकर टीम द्वारा मरीज को स्टेशन पर प्राथमिक उपचार करने के पश्चात आरपीएफ स्टाफ अजय पांडे के साथ सरकारी हॉस्पिटल भेजा गया इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

# विद्यालयों में बच्चों की हो शत प्रतिशत उपस्थिति

जबलपुर, । जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा निरीक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साथ बच्चों की उपस्थिति पर भी जोर दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रायः देखा जा रहा है बच्चों की परीक्षा का समय अत्यंत समीप है और विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम दिख रही है। जिला शिक्षा अधिकारी सोनी ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार निरीक्षण किए जा रहे है। आज सिहोरा विकासखंड के शास हाइ स्कूल बेला,शास उमावि गांधीग्राम ,शास यशोदाबाई कन्या उमावि सिहोरा,शास उमावि मझगवा,शास कन्या हाइस्कूल मझगवा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के शास हाइ स्कूल बेला में बहुत ज्यादा अनियमितता मिली, विद्यायल में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की परीक्षा की कोई तैयारी नहीं मिली।बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई।शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा पाठ्यवस्तु एवं गृहकार्य पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्राचार्य के द्वारा शासकीय कार्य को के पालन में गंभीरता नहीं दिखाई जाती है,जिसके लिए डीईओ श्री सोनी ने सभी छह शिक्षकों की दो दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया ।

शासकीय उमावि गांधीग्राम में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां के उच्च माध्यमिक शिक्षक अरविंद तंतुवाय जो कि जिले स्तर पर अंग्रेजी विषय के मास्टर ट्रेनर भी है के द्वारा स्वयं की डेली डायरी एवं स्टूडेंट डेटा रजिस्टर का सही ढंग से संधारित नहीं पाया गया,जिस पर डीईओ श्री सोनी ने अप्रसन्नता व्यक्त की। डीईओ श्री सोनी ने कहा कि जब मास्टर ट्रेनर ही कार्य को गंभीरता से नहीं लेंगे तो अन्य किस प्रकार कार्य करेंगे। उमाशि अरविंद तंतुवाय की एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। विद्यालय की शिक्षिका पूजा द्विवेदी के द्वारा बालसभा में साइबर सिक्यूरिटी विषय को बहुत ही अच्छे ढंग से पढ़ाया जा रहा था जिस पर डीईओ ने इसकी प्रशंसा भी की। शास यशोदा बाई उमावि सिहोरा में मासिक टेस्ट के नंबर नहीं भरे पाए गए,राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की परीक्षा की तैयारी भी सही ढंग से नहीं हो रही है। विद्यालय का प्यून श्री बृजेंद्र भूमिया लंबे समय से विद्यालय में अनुपस्थित है, जिसके लिए प्यून का पूरा रिकॉर्ड लेकर कार्यालय बुलाया गया,जिससे परीक्षण करके आगे की कार्यवाही की जा सके।

# भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर की संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के दूसरे चरण हेतु जिला कार्यशाला का आयोजन भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजन किया गया।

जिला कार्यशाला की प्रस्तावना नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने रखी एवं कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्यता की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है एवं महानगर के सभी 100 प्रतिशन बूथों में बूथ अध्यक्ष बना दिए गए हैं इसके लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि संगठन पर्व के दो चरण की कार्यशाला में आप सभी ने सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूर्ण किया है यहां तक कि अल्पसंख्यक बूथों में भी चुनाव सम्पन्न हुए हैं, अब हमें हर बूथ में कम से कम 50 सदस्य बनाना है एवं बूथ का रजिस्टर भी बनाना है। आगामी कार्ययोजना के तहत अब मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन किया जाना है जिसके हेतु संगठन के





शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं एवं साथ ही साथ प्रभारी के रूप में 1 वरिष्ठ नेता को भी नियुक्त किया गया है जो कि इसे संपन्न करवाएंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी जैसा कार्यकर्ता कहीं नहीं मिलेगा जिन्होंने हमारे मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष की संरचना बनाई है एवं नीचे बूथ समितियों तक की नियुक्तियों को किया गया है और पूरे उत्साह के साथ लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ा है अब हमें इसे आगे बढ़ाते हुए मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन करना है जिसमें जो भी अध्यक्ष बने वो पार्टी का एक उत्कृष्ट कार्यकर्ता हो और मजबूती से इसे आगे बढ़ाए।

कार्यशाला में विधायक अशोक रोहाणी,अभिलाष पांडेय,प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन,सह चुनाव अधिकारी आनंद बर्नाड,शरद अग्रवाल,निगम अध्यक्ष रिंकू ब्रिज अंचल सोनकर,राजेश मिश्रा,रजनीश यादव,रंजीत पटेल,राजकुमार मेहता,अरविंद पाठक,चित्रकात शर्मा, आदि महानगर पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में आग उगलने को तैयार ये ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज

मुंबई। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगामी एडिलेड टेस्ट में हिस्सा लेने पर कहा कि वे अच्छी स्थिति में हैं। 6 दिसंबर से शुरू होने वाले एडिलेड टेस्ट में जोश हेजलवुड की जगह लेने के लिए बोलैंड पसंदीदा खिलाड़ी हैं। बोलैंड वर्तमान में कैनबरा में हैं, जहां भारत के खिलाफ पीएम एकादश का दो दिवसीय अभ्यास मैच होना है। बोलैंड ने माना कि उन्होंने सीजन में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है, हालांकि, अब उनका शरीर अच्छा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से पहले सामान्य तैयारी होगी। जाहिर तौर पर मैंने सीजन की शुरुआत में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने इतना क्रिकेट खेला है कि मुझे लगता है कि मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं। मेरा शरीर अब वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा है। कुछ हल्की-फुल्की चोटें थीं, लेकिन घुटने और पैर वास्तव में अच्छे लग रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि गेंद कैसे बाहर आ रही है।




पर्थ टेस्ट में भारत से 295 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने पुष्टि की कि उनकी टीम के चेंजिंग रूम में कोई पैनिक स्टेशन नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे चेंजिंग रूम में निश्चित रूप से घबराहट की कोई स्थिति नहीं है। जाहिर तौर पर व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में कुछ बातचीत होगी और हर कोई अपने द्वारा खेले जाने वाले प्रत्येक खेल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। बता दें कि न्यूजीलैंड से 3-0 से टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद भारतीय टीम पर्थ में पहली पारी में महज 150 रन पर आउट होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराने में कामयाब रही थी।

# जोश हेजलवुड का एडिलेड टेस्ट से बाहर होना टीम इंडिया के लिए अच्छा - अजय जडेजा

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान अजय जडेजा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का एडिलेड टेस्ट से बाहर होना टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। हेजलवुड के बाहर होने के बाद अनकैप्ड पेसर सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को टेस्ट टीम में कॉल-अप मिला है। पर्थ में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की भारत से 295 रन की हार में तेज गेंदबाज ने 5 विकेट लिए थे। साल 2020 में जब भारतीय टीम ने पिंक डे टेस्ट खेला था, तब हेजलवुड ने 5 ओवरों में 8 रन देकर 5 विकेट चटका लिए थे जिससे भारतीय टीम दूसरी पारी में 36 रन पर आउट हो गई थी। बहरहाल, जडेजा ने कहा कि हेजलवुड के 5 विकेट लेने के बावजूद, हम (पर्थ में) जीते। अगर वह आगामी टेस्ट नहीं खेलता है, तब ये हमारे लिए अच्छी खबर है। जब तक कि आपको कोई दूसरा नया सितारा नहीं मिल जाता। जडेजा ने कहा कि कभी-कभी प्रतिभाओं को भी एक दिन शुरुआत करनी पड़ती है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि उन्हें कोई दूसरी प्रतिभा नहीं मिलेगी अन्यथा यह एक अच्छा संकेत है।



भारत के लिए, एडिलेड में शीर्ष क्रम में बदलाव की संभावना है क्योंकि पितृत्व अवकाश के कारण पर्थ टेस्ट से चूकने के बाद कप्तान रोहित शर्मा वापस लौट आए हैं, जबकि शुभमन गिल भी चोट से उबर गए हैं। जडेजा ने कहा कि यह कम से कम कप्तान और कोच के लिए सिरदर्द है। अगर कप्तान अंदर आता है, तब उसके लिए बड़ा सिरदर्द है कि वह किसे बाहर बैठाए। मेरा मतलब है कि इसतरह के लोगों की तलाश करने के बजाय जो मुझे गेम जिताएंगे, अब आपको किसी इसतरह के व्यक्ति को छोड़ना होगा जिसने आपको गेम जिताया है।

# कोहली की तारीफ कर अजय जेडजा..... प्रतिभाएं रातों-रात पैदा नहीं होती

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने पर्थ में अपने शानदार शतक के बाद विराट कोहली की प्रशंसा की है, जिन्होंने पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 295 रन की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जडेजा की टिप्पणियां कोहली के उल्लेखनीय प्रदर्शन के मद्देनजर आईं, इन टिप्पणियों ने आलोचकों को चुप करा दिया और क्रिकेट के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि की।

पूर्व क्रिकेटर जडेजा ने कोहली की असाधारण प्रतिभा और अवसर पर आगे बढ़ने की क्षमता पर जोर देकर कहा कि संदेह करने वाले लोग शांति से आराम कर सकते हैं... नाम ही सब कुछ कहता है। प्रतिभाएं रातों-रात पैदा नहीं होती हैं। पर्थ में कोहली का शतक न केवल उनकी तकनीकी क्षमता का दिखाता था, बल्कि उनके लचीलेपन और



दृढ़ संकल्प का भी जाहिर करता था। कुछ हलकों से आलोचना और संदेह का सामना करने के बाद, कोहली की शानदार पारी के साथ फॉर्म में वापसी उनके विरोधियों के लिए एक करारा जवाब था।

पहले टेस्ट में भारत की व्यापक जीत ने श्रृंखला के लिए माहौल तैयार कर दिया है, जिसमें टीम की सफलता में कोहली की पारी का महत्वपूर्ण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से दबाव में प्रदर्शन करने और आगे बढ़कर नेतृत्व करने की उनकी क्षमता फिर रेखांकित हुई है। पर्थ में जीत से न सिर्फ भारत को सीरीज में अहम बढ़त मिली बल्कि टीम का मनोबल भी बढ़ा।

बहरहाल, जडेजा ने रोहित शर्मा की वापसी को भी टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर माना। जडेजा ने कहा कि नियमित टेस्ट कप्तान रोहित की छह दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए वापसी से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उनके (रोहित शर्मा) टीम में वापस आने से निश्चित रूप से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा। वह एक नेतृत्वकर्ता हैं। जब टीम मुश्किल में थी तब उन्होंने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली और अब जब टीम जीत रही थी तब भी उन्होंने अपनी भूमिका को अच्छे से निभाई।

# अपने शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में वापसी की जगी थी उम्मीद

## फिर चोटिल हुए मोहम्मद शामी, भारतीय टीम प्रबंधन के माथे पर चिंता की लकीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इनदिनों ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर एक नई चिंता सामने आ गई है। लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद शमी ने रणजी ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ वापसी की थी। हालांकि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान बंगाल के लिए खेलते हुए उन्हें फिर चोट लग गई।

29 नवंबर को सौराष्ट्र के निरंजन शाह स्टेडियम में बंगाल और मध्य प्रदेश के बीच हुए मैच में शमी गेंदबाजी के दौरान चोटिल हो गए। यह घटना तब हुई जब शमी अंतिम ओवर फेंक रहे थे और एक गेंद को रोकने की कोशिश में असहज तरीके से गिर पड़े। इसके बाद, उन्होंने तुरंत अपनी पीठ के निचले हिस्से को पकड़ा और दर्द से कराहते हुए दिखाई दिए। शमी की स्थिति को देखकर मेडिकल टीम, जिसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल पैनल के प्रमुख नितिन पटेल भी शामिल थे, तुरंत मैदान पर पहुंची।




उन्होंने शमी की चोट का प्रारंभिक आकलन किया। हालांकि, चोट की गंभीरता को लेकर अब तक कोई बयान नहीं आया है। चोट के बावजूद, शमी ने हिम्मत दिखाते हुए अपना ओवर पूरा किया, लेकिन उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने की संभावना पर सवाल खड़े हो गए है।

गौरतलब है कि शमी 2023 में भारत में हुए आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के दौरान भी चोटिल हुए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद से ही वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर 7 विकेट झटके थे, जिससे उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी की उम्मीदें बढ़ गई थीं। मेडिकल टीम फिलहाल शमी की रिकवरी पर नजर रख रही है। इस चोट ने भारतीय टीम प्रबंधन के लिए एक नई चुनौती पेश कर दी है, खासकर ऑस्ट्रेलिया के कठिन दौरे के बीच। टीम पहले ही जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी के कारण तेज गेंदबाजी विभाग में दबाव महसूस कर रही है। इसके बाद शमी की फिटनेस को लेकर बढ़ी चिंता टीम के प्रदर्शन पर असर डाल सकती है। शमी की वापसी भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दे सकती है, लेकिन उनकी हालिया चोट ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या वह बड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह से फिट हो पाएंगे। आने वाले दिनों में उनकी मेडिकल रिपोर्ट टीम इंडिया की रणनीति को काफी हद तक प्रभावित कर सकती है।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर अभी भी संशय........क्या पाकिस्तान से बाहर होगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली । आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर चल रहा विवाद बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान को मेगा टूर्नामेंट की मेजबानी दी गई



थी, न केवल मेजबानी खो सकता है, बल्कि खुद टूर्नामेंट से भी बाहर हो सकता है। शुक्रवार, 29 नवंबर को आईसीसी द्वारा आयोजित बैठक में टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। बीसीसीआई ने भारतीय टीम को सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान भेजने से इंकार कर टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने की मांग की है।

दरअसल हाइब्रिड मॉडल के तहत भारतीय टीम के मैच पाकिस्तान के बजाय किसी अन्य तटस्थ देश में कराए जाएंगे। वहीं, टूर्नामेंट के बाकी मैच पाकिस्तान में आयोजित किए जा सकते हैं। इस मॉडल के तहत सेमीफाइनल और फाइनल की मेजबानी भी पाकिस्तान के हाथ से जा सकती है। आईसीसी और अन्य सदस्य देश इस मॉडल के पक्ष में हैं, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस स्वीकार करने से मना कर रहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक आयोजित होनी है। अगर पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को नहीं मानता, तब आईसीसी टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टूर्नामेंट को यूएई या दक्षिण अफ्रीका में स्थानांतरित करने पर विचार हो रहा है। ऐसा होने पर टूर्नामेंट के कार्यक्रम में बदलाव संभव है, क्योंकि आयोजन स्थल बदलने में काफी समय लगेगा।

### भारत-पाकिस्तान विवाद की जड़

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबलों पर पूरी दुनिया की नजर रहती है। इसकारण मैच ब्रॉडकास्टर और आयोजकों के लिए भारी राजस्व लेकर आते हैं। पीसीबी को चिंता है कि भारतीय टीम के बाहर खेलने से उनकी मेजबानी का महत्व कम हो जाएगा और उन्हें राजस्व में बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।

# केन विलियमसन के 9 हजार टेस्ट रन पूरे, न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बने

क्राइस्टचर्च। स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। क्योंकि वे 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले क्रिकेटर बने हैं। केन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। चोट से वापसी के बाद विलियमसन ने क्राइस्टचर्च टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया है। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 86 गेंदों पर 61 रन बनाए। 36वें ओवर में वह क्रिस वोक्स के हाथों आउट हुए। इससे पहले पहली पारी में कीवी बल्लेबाज ने 197 गेंदों पर 47.21 की स्ट्राइक रेट से 93 रन बनाए थे।



### न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट में सर्वाधिक रन

9035 रन = केन विलियमसन
7683 रन = रोस टेलर
7172 रन = स्टेफिन फ्लेमिंग
6453 रन = ब्रैंडन मैकुलम
5711 रन = टॉम लैथम

वहीं इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। विलियमसन के 93 रन और 87 गेंदों में 6 चौकों और फिलिप्स के एक छक्के की मदद से 58 रन की पारी ने कीवी टीम को 348 रन के कुल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्से (4/64) और शोएब बशीर (4/69) शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। हैरी ब्रूक की 197 गेंदों में 171 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च टेस्ट की पहली पारी में वापसी की। बेन स्टोक्स ने पहली पारी में 146 गेंदों में 80 रन की पारी खेलकर सहायक भूमिका निभाई।

नाथन स्मिथ (3/141) और मैट हेनरी (4/84) ने कीवी गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया और थ्री लायंस को 499 पर समेट दिया। केन विलियमसन (61) और डेरिल मिशेल (31) की मदद से न्यूजीलैंड तीसरे दिन 4 रन की बढ़त लेने में सफल रहा।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड** = टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, नाथन स्मिथ, टिम साउदी, मैट हेनरी, विलियम ओरूर्के

**इंग्लैंड** = जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप (विकेटकीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्से, शोएब बशीर

# भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा घायल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना संदिग्ध

ब्रिस्बेन,। भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच में ब्रिस्बेन हीट को सिडनी थंडर पर जीत दिलाने के बाद रिटायर हर्ट हो गईं हैं। संभावना है कि उनके बाएं हाथ की कलाई की चोट आ गई है। इस चोट के कारण पांच दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में उनका खेलना चिंता पैदा कर रही है। ब्रिस्बेन हीट ने सिडनी थंडर को 9 विकेट से हराकर मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ एमसीजी पर होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है।



जेमिमा ने 30 गेंद में 43 रन बनाए जिसके बाद वह रिटायर्ड हो गईं। ब्रिस्बेन हीट का 134 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए यह 10वां ओवर था। सिडनी थंडर की क्षेत्ररक्षकों ने तीन बार जेमिमा का कैच आउट करने का मौका गंवा दिया। पिछले मैच में चौका बचाने की कोशिश में जेमिमा को कलाई में चोट आ गई थी, शायद यही चोट उभर गई है। वह बाएं हाथ की कलाई में पट्टी बांधकर बल्लेबाजी कर रही थीं और उन्हें कुछ देर बाद परेशानी हुई और वह ड्रिंक्स ब्रेक के बाद मैदान से बाहर चली गईं।

जॉर्जिया रेडमायने (नाबाद 51 रन) ने अर्धशतक बनाया जिससे ब्रिस्बेन हीट ने यह लक्ष्य 28 गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। जेमिमा को भारतीय महिला टीम में चुना गया है जिसमें टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 दिसंबर, 8 दिसंबर (ब्रिस्बेन) और 11 दिसंबर (पर्थ) में तीन वनडे खेलेगी।

# दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सके श्रीलंका के शेर

## दूसरी पारी में 103 रन पर गंवाए पांच विकेट, जीत के लिए बनना है 413 रन

डरबन। ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान टेम्बा बावुमा की शतकीय पारियों के बाद कगिसो रबाड़ा और मार्को यानसन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के दूसरी पारी में 103 रन पर पांच विकेट गिराकर जीत की तरह अपना कदम बढ़ा दिया है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 366 रन बनाकर पारी घोषित कर श्रीलंका को जीत के लिए 516 रनों का लक्ष्य दिया था। ट्रिस्टन स्टब्स (122) और कप्तान टेम्बा बावुमा (113) रन बनाकर शतक पूरे किए और टीम को बड़े लक्ष्य की ओर ले गए। दक्षिण अफ्रीका को श्रीलंका को पहली पारी में उसके न्यूनतम स्कोर 42 रन पर ऑलआउट कर 149 रनों बढ़त बना ली थी।

श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या और विश्वा फर्नांडो ने दो-दो विकेट लिए। असिता फर्नांडो ने एक विकेट लिया। इसके बाद 516 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम के शीर्ष बल्लेबाज कगिसो रबाड़ा और मार्को यानसन की गेंदबाजी के आगे कुछ खास नहीं कर सके। पथुम निसंका (23), दिमुत करुणारत्ने (4), एंजलो मैथ्यूज (25), कामिंडु मेंडिस (10) और प्रभात जयसूर्या (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दिन का खेल खत्म होने के समय श्रीलंका ने दूसरी पारी में 103 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिए थे और दिनेश चांदीमल (नाबाद 29) और कप्तान धनंजय डिसिल्वा (नाबाद शून्य) क्रीज पर मौजूद थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा और मार्को यानसन को दो-दो विकेट झटके। गेराल्ड कोएत्जी ने एक विकेट लिया।

# टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च, हरमनप्रीत कौन को आई पसंद

## 22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में टीम पहनेगी नई जर्सी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मुंबई में बीसीसीआई दफ्तर में टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी का अनावरण किया। इंडिया टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने एक वीडियो में कहा कि आज जर्सी का अनावरण करना सम्मान की बात है और मुझे वास्तव में खुशी है कि आप जानते हैं, हम पहले व्यक्ति हैं जो वेस्ट इंडीज टीम के खिलाफ इस जर्सी को पहनने जा रहे हैं। जर्सी का लुक पसंद आया। यह वास्तव में सुंदर है हमें एक विशेष वनडे जर्सी मिली है। टीम इंडिया 15 दिसंबर से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की




श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगा। इसके बाद नवी मुंबई और वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वन-डे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। जनवरी में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टीम इंडिया 15, 17 और 19 दिसंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन टी20 मैचों में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, जिसके बाद 22, 24 और 27 दिसंबर को वडोदरा में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया 10, 12 और 15 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में तीन वनडे मैचों की सीरीज आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। ये दोनों वनडे सीरीज आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगी, जो भारत में अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन प्लेटफॉर्म है।

# रोहित की वापसी के बाद भी राहुल ही करें पारी की शुरुआत - पुजारा

कैनबरा । बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करें। रोहित के पहले टेस्ट में नहीं होने के कारण राहुल ने यशस्वी के साथ पारी शुरु की थी। इस जोड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करने वाले पुजारा का मानना ??है कि सीरीज के पहले मैच में 295 रन की जीत के बाद सलामी जोड़ी में कोई बदलाव नहीं होना चाहिये।



उन्होंने कहा कि यशस्वी ने पहली पारी में शानदार शतक लगाया। वहीं राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पर्थ में दो पारियों में 26 और 77 रन बनाए। पुजारा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम इसी बल्लेबाजी क्रम को जारी रख सकते हैं तो रोहित तीसरे नंबर पर आ सकते हैं और शुभमन पांचवें नंबर पर आ सकते हैं। अगर रोहित शुरु करना चाहते हैं, तो राहुल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके बाद कुछ नहीं। मुझे लगता है कि उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि यह उनके खेल के लिए बहुत अच्छा है। मुझे उम्मीद है कि इसमें बदलाव नहीं होगा।

वहीं पुजारा ने कहा, आदर्श रूप से शुभमन के लिए 5 वां स्थान अच्छा है इससे उन्हें एक समय में आने का मौका मिलता है, भले ही हम दो विकेट जल्दी खो दें, वह ऐसा खिलाड़ी है जो नई गेंद से निपट सकता है। लेकिन अगर वह 25 या 30 ओवर के बाद आता है, तो वह अपने शॉट खेल सकता है। वह अपना स्वाभाविक खेल खेल सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम पहले तीन विकेट जल्दी खो देते हैं, तो शुभमन आता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत को बचाता है। पंत को नई गेंद का सामना नहीं करना पड़ता है। पुजारा ने कहा, मैं नहीं चाहूंगा कि वह तब बल्लेबाजी के लिए आए जब गेंद सख्त और नई हो।

# कानूनी पाठशाला में बड़ी संख्या में बालिकाओ ने ई-बॉक्स व शी-बॉक्स का मतलब जाना

## हम होंगे कामयाब अभियान में कानूनी पाठशाला में बालिकाओं ने की भागीदारी



**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। जिले में हम होंगे कामयाब पखवाडे की गतिविधियां निरंतर क्रियांवित है। जिसमे जेंडर आधारित हिंसा और जेंडर संवेदीकरण के लिए निरंतर संवाद किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को कानूनी कार्यशालाएं आयोजित की गई। शहर के महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय में कार्यशाला आयोजित कर पॉक्सो अधिनियम जो कि बच्चों के साथ होने वाली लैंगिक उत्पीड़न के लिए बनाया गया कानून है जिसने मृत्यु दंड तक का दंड का प्रावधान है के बारे में बच्चों को बताया गया। पॉक्सो ई-बॉक्स जो कि एक मोबाइल ऐप लैंगिक हिंसा होने पर सरलता से जानकारी देने के लिए बनाया गया है। शी-बॉक्स जो कि कामकाजी महिलाओं के लिए कार्यक्षेत्र में लैंगिक हिंसा से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा बनाया गया सहायता पोर्टल है की जानकारी दी गई। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर, अशासकीय संस्था रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन के समन्वय से 200 से ज्यादा छात्राओं को कानूनी जानकारी दी गई ।**

### शी-बॉक्स व ई-बॉक्स महिलाओं व बच्चों के लिए है महत्वपूर्ण

शी-बॉक्स - कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन रोकथाम, निषेध,और निवारण अधिनियम 2013 अंतर्गत कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान के लिए भारत सरकार के द्वारा यह पोर्टल सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं के लिए बनाया गया है । इस पोर्टल पर शिकायतों की निगरानी के लिए जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस पोर्टल पर महिलाएं ऑनलाइन रूप से शिकायत दर्ज करा सकती हैं। जिस पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही शिकायतकर्ता की गोपनीयता और निजता का ध्यान रखा जाएगा। ई-बॉक्स - यह बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। जिसके जरिए बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध की सीधे रिपोर्ट की जा सकती है। ई-बॉक्स का इस्तेमाल करना बहुत ही आसान होता है। यह मोबाइल ऐप में भी उपलब्ध होता है। इसमे भी शिकायतकर्ता की गोपनीयता बरकरार रखी जाती है।

# पालडोंगरी कैप पहुंच मार्ग खस्ताहाल

## यहां 5 से अधिक खरीदी केन्द्रों में कैसे पहुंचेंगे वाहन



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में 2 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ हो रही है। वंही पालडोंगरी स्थित धान कैप में सभी समितियों के द्वारा खरीदी गई धान पंहुचाई जाती है तथा पालडोंगरी कैप मे भी धान खरीदी केन्द्र बनाये गये है इस बार तो 5 से अधिक खरीदी केन्द्र पालडोंगरी कैप में होंगे जिसके चलते और भी अधिक व्यवस्थाऐं उक्त स्थान पर करनी होंगी। जिन समितियों को पालडोंगरी कैप में धान खरीदी करना है उनके द्वारा तैयारियाँ तो पूर्ण कर ली गई है लेकिन आज भी एक समस्या इस पालडोंगरी कैप में बनी हुई है वह है कैप पंहुच मार्ग जो कि खस्ताहाल हो चुका है। बडे बडे वाहनों के आवागमन के चलते मार्ग पर गड्डो में परिवर्तित हो चुका है। किसान जब भी पालडोंगरी कैप में अपनी अपनी धान लेकर बैलगाड़ी, ट्रैक्टर, मैटाडोर आदि से लेकर आते है तो दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ रहता है गड्डो में कभी भी वाहन पलटने का डर भी बना रहता है। अनेको बार इस संबध में शिकायतें हो चुकी हैं कि धान खरीदी करने के पूर्व ही इस मार्ग को दुरस्त कर लिया जाये लेकिन आज दिनांक मार्ग दुरस्त नही किया जाता है। यह भी बतादे कि प्रतिवर्ष धान खरीदी के समय मौसम विभाग भी करवट लेता है बारिश का आगमन होता ही है बारिश के चलते यह मार्ग और अधिक खराब हो जाता है पानी से भरे गड्डे दिखाई नही देते जिसके चलते बडी दुर्घटना का अंदेशा बन जाता है। इस समस्या पर कलेक्टर महोदय स्वयं संज्ञान लेवे यह निवेदन किसानों के द्वारा किया गया है तथा अतिशिघ्र उक्त मार्ग को दुरस्त किया जाये।

### धान खरीदी केन्दो मे की जाये व्यापक व्यवस्थाऐ

धान खरीदी के समय मौसम भी परिवर्तित होता है बारिश जैसा मौसम बन जाता है 2 से 4 दिनों तक हालात सामान्य नही हो पाते हैं इस विषय को भी ध्यान में रखते हुये किसानो ने शासन प्रशासन से कहा कि धान खरीदी केन्द्रो मे किसानो की धान रखी जाती है खरीदी केन्द्रो मे धान की सुरक्षा के लिये व्यापक व्यवस्था की जाये ताकि धान को किसी प्रकार का कोई नुकसान ना होवे, हमेशा से देखा जा रहा है धान की खरीदी के दौरान वर्षा किसी ना किसी समय होती ही है जो कि सीधे तौर पर धान को नुकसान पंहुचाती है इस हेतु शासन प्रशासन से निवेदन है कि समस्त धान खरीदी केन्द्रो में धान की सुरक्षा के लिये व्यापक इंतजाम किये जाने चाहिये।

# हम होंगे कामयाब बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलाई शपथ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और महिला आधारित योजनाओं को जन - जन तक पहुंचने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देशन में विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 29 नवम्बर को सामुदायिक भवन रिसेवाड़ा में एवं 30 नवम्बर को ग्राम पंचायत भवन रिसेवाड़ा में खुशबू महिला मंडल की अध्यक्ष हाफिजा मिर्जा के द्वारा विशेष जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। उन्होंने ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। सामुदायिक भवन में स म प न्न कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती सुषमा फूलसुंगे, एवं बहेला क्षेत्र के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, रोजगार सहायक दिनेश मानकर उपस्थित रहे। इसी तरह 30 नवम्बर को ग्राम पंचायत भवन में ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन, रोजगार सहायक, सचिव उपस्थित रहे।



# मार्ग पर पड़े लकड़े से टकराई मोटरसाइकिल 3 लोग घायल





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत देवरबेली के उलटनाले के समीप 30 नवंबर को शाम करीब 6ः30 बजें एक मोटर सायकल मार्ग पर पड़े लकड़े के टकराने से अर्नियंत्रित होकर गिर पड़ी जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू उइके उम्र 21 वर्ष निवासी दड़कसा, गुलाब पिता मंगरू पन्द्रे उम्र 40 वर्ष निवासी दड ?सा, रोहित पिता गुलाब पन्द्रे उम्र 7 वर्ष निवासी दड़?कसा अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एमटी 6644 से सालेटेकरी से दड़कसा अपने ग्राम जा रहे थे जैसे देवरबेली उलटनाले के पास पंहुचे जहां सामने से आ रहे वाहन की लाईट के चलते आंखे चौंधीयाने के चलते अकस्मात वाहन पर नियंत्रण खो दिया मार्ग में एक लकड़ा गिरा पड़ा हुआ है जिससे वाहन टकरा गया एवं मोटर सायकल सहित तीनों सवार नीचे गिर पड़े जिन्हे गंभीर चोटे आई है। घटना घटित होते जो राहगीर उस स्थान से गुजर रहे थे उनके द्वारा 108 एंबुलेंस को फोन कर सूचना दी गई जिस पर एंबुलेंस के पायलट सुनील कालबेले एवं डॉ प्रमोद गायधने एंबुलेंस लेकर पंहुचे एवं घटना स्थल से तीनो ही घायलों को लेकर सिविल अस्पताल लांजी पंहुचकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा घायलों का उपचार किया गया। घटना में राजू उइके को गंभीर चोटे आई जिसका पैर फ्रैक्चर होने की जानकारी प्राप्त हुई है प्राथमिक उपचार कर गोंदिया रिफर किये जाने की जानकारी मिली है। वहीं अन्य घायलो का भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वहीं दुर्घटना के संबध में यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि उलट नाले के समीप पड़े लकड़े के चलते और भी दुर्घटनाऐं घटित हुई। वन विभाग को चाहिये की उक्त स्थान से लकड़े को अतिशिघ्र हटाया जाये ताकि और अधिक दुर्घटनाऐं ना घटित हो।

# क़ानूनी जागरूकता पर हम होंगे कामयाब का दिया संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यकारी अधिकारी श्रीमति दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा में जेंडर आधारित हिंसा और जेंडर संवेदीकरण के लिए निरंतर संवाद किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कानूनी जागरूकता कार्यशालाये गतिविधि के अंतर्गत पीएमश्री ज ट ा श ं क र त्रिवेदी महाविद्यालय, एकीकृत माध्यमिक शाला कटंगी बैहर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुमादेहि, एकीकृत माध्यमिक शाला सोनपुरी, शासकीय हायरसेकण्ड्री स्कुल पंडरापानी एवं आगनबाडी केंद्र टेमनी, चिचगांव, पलहेरा, लालबर्रा तहसील में संवाद कार्यक्रम महिला बाल विकास विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस विभाग, के सम्वन्य से आयोजित किया गया। जिसमे कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के तहत देश में हर संस्था कम्पनी को 10 सदस्यों की एक कमिटी बनाने की बाध्यता है। जो की कम्पनी में काम कर रही महिलाओं की शारीरिक और यौन उत्पीड़न, की समस्या को सुनेगी। वहीं जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में जेंडर आधारित हिंसा रोकथाम थीम पर शोर्ट फिल्म दिखाकर काव्य एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।



# छेड़छाड़ के आरोपी को सश्रम कारावास

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय की न्यायधीश सुश्री नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने छेड़छाड़ के आरोपी चेतनलाल सिंधराज को १ वर्ष का सश्रम कारावास ५०० रुपये के अर्थदंड से दंडित कर सजा सुनाई गई। पीड़िता २८ जून २०२० की सुबह १० बजे गाय, बकरी चराने के लिए खेत तरफ जा रही थी। वहीं आरोपी साइकिल लिये हुये था जैसे ही पीड़िता उससे थोड़ा आगे गयी तो आरोपी ने पीछे से उसकी साड़ी का पल्ला पकड़कर खींचा और उसे जमीन पर गिरा दिया। जैसे ही वह पीठ के बल गिरी तो चेतन छेड़छाड़ करने लगा। वह जोर से चिल्लाई तो उसने उसका मुंह दबा दिया तो पीड़िता अपने बचाव के लिए उसके हाथ में रखी लकड़ी उसके पैर में मारी तो चेतन उठकर भागने लगा। उतने में उसकी नंनद वहां आयी दोनों ने आरोपी को वहां से भागते हुये देखी थी। आरोपी ने उसे गाली दी थी। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना रामपायली द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। जो वारासिवनी न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी की अदालत में विचाराधीन था। जहाँ आरोपी चेतनलाल पिता रामजी सिंधराज उम्र ५५ वर्ष निवासी ग्राम परवाटोला थाना रामपायली का दोष सिध्द होने पर उसे भादवी की धारा ३५४ के तहत १ वर्ष के सश्रम कारावास एवं ५०० रूपये के अर्थदंड एवं अर्थदण्ड राशि अदायगी के व्यतिक्रम में ३ माह का साधारण कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी ऋ तुराज कुमरे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई।

# झारखंड से लूट की गाड़ी और ढाई करोड़ के मोबाइल फोन बरामद

नूंह। नूंह जिले की अपराध जांच शाखा तावडू को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने झारखंड से लूटी गई एक गाड़ी से करीब ढाई करोड़ रुपए के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह मोबाइल फोन नूंह के गांव सकारस से मिले, जिनकी कुल संख्या 1300 बताई जा रही है। इस दौरान आरोपी फरार हो गए लेकिन पुलिस ने चार नामजद आरोपियों समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नूंह डीएसपी के मुताबिक तावडू सीआईए की एक टीम गश्त पर बॉडी कोठी मोड़ के पास तैनात थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोगों ने झारखंड के धनबाद जिले के गांव गहिरा से एक अमेजॉन की गाड़ी से लूट की थी। इस गाड़ी में रेडमी के मोबाइल फोन की करीब 63 पेटियां थीं, जिनमें से करीब 1300 मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपी ने गाड़ी का लॉक तोड़कर इसे लूटा और मोबाइल की पेटियों को गांव साकरस के इरफान के मकान में छिपा दिया था। यह लूट की वारदात 30 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच झारखंड के धनबाद जिले में हुई थी। गाड़ी चालक ने गाड़ी पर नकली सील लगा दी गई और पेट्रोल पंप पर इसे लावारिस हालत में छोड़ दिया गया। गाड़ी मालिक ने गुरुग्राम फरुखनगर से शिकायत की, जिसके बाद धनबाद पुलिस ने जांच शुरू की। इस मामले में धनबाद पुलिस ने नूंह पुलिस से सहयोग मांगा और तावडू सीआईए ने इस बड़े अपराध का खुलासा किया। नूंह पुलिस ने आरोपी इरफान के घर पर दबिश दी, लेकिन सभी आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से 63 पेटियों में भरे मोबाइल फोन बरामद किए। इस पूरे मामले में फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डालने का दावा किया है।

# महाराष्ट्र में सरकार के गठन में देरी, एमवीए नेता शरद पवार और संजय राऊत ने कहा ये जनादेश का अपमान

पुणे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए 8 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस लेकर महायुति में फैसला नहीं हुआ है। इस अनिर्णय की स्थिति ने विपक्षी गठबंधन, महा विकास अघाड़ी के नेताओं को महायुति पर निशाना साधने का मौका दे दिया है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में जनादेश का सम्मान नहीं हो रहा, जो अच्छी बात नहीं है।

एनसीपी (एसपी) प्रमुख पवार ने कहा, दिलचस्प बात ये है कि इतना स्पष्ट बहुमत होने के बाद भी अभी तक सरकार नहीं बन सकी है। इससे साफ है कि जनता द्वारा दिया गया बंपर बहुमत उनके (महायुति) लिए कोई मायने नहीं रखता। जो कुछ भी चल रहा है वह महाराष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में हाल फिलहाल में जो चुनाव हुए हैं उससे लोगों में काफी बेचैनी है, लोगों में निराशा है। शरद पवार ने आरोप लगाया कि इस बार महाराष्ट्र चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग और पैसे का इस्तेमाल बखूबी हुआ है। इसके चलते लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। जब विपक्षी नेता संसद में इस मुद्दे पर सवाल उठाते हैं, तब उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। हर दिन सुबह 11ः00 बजे विपक्षी नेता संसद में अपनी बात रखने के लिए आकर कहते हैं कि उन्हें अपने मुद्दों पर बोलने दिया जाए। लेकिन उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं। अब जनता को खुद एक जन आंदोलन शुरू करना चाहिए। बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आढाव ने पुणे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के खिलाफ एक आंदोलन शुरू किया है और चुनावों में इसके इस्तेमाल को धोखाधड़ी बताया है। 90 वर्षीय बाबा आढाव ने 28 नवंबर को प्रतिष्ठित समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के निवास फुले वाडा में अपना 3 दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। इस विरोध के आखिरी शनिवार को शरद पवार उनसे मिलने पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान पवार ने कहा, सत्ता जिनके हाथों में है उन्हें इस बारे में कोई चिंता नहीं है। यह पूरे देश का प्रश्न है। संसद में विपक्ष के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो रही और इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि संसदीय लोकतंत्र का ठीक से पालन नहीं हो रहा है। सच कहूं तब जनता जागरूक है और इसीलिए उसे खुद एक जनआंदोलन शुरू करना चाहिए। आज बाबा आढाव जो आंदोलन कर रहे हैं, यह वैसा ही एक जन आंदोलन है। मुझे विश्वास है कि यह जो आंदोलन है, उसका परिणाम आज नहीं तब कल जरूर दिखेगा। इधर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन में हो रही देरी पर कहा, बीजेपी की क्या मजबूरी है। मोदी और शाह से सब डरते हैं। लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी सीएम क्यों नहीं बन रहा है? एकनाथ शिंदे अपने गांव जाकर बैठ गए हैं। शपथ ग्रहण कब होगा, किसी को जानकारी नहीं है। वहीं शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा, सीएम शिंदे को जब भी कुछ सोचना होता है, सोचने के लिए जब वक्त चाहिए होता है, तब वह अपने गांव जाते हैं। बड़ा निर्णय लेना होता है, शिंदे वह गांव जाते हैं।

# कोलकाता के एक अस्पताल ने किया बांग्लादेशी मरीजों का इलाज से इनकार

कोलकाता। कोलकाता के उत्तरी हिस्से माणिकतला स्थित जेएन रे अस्पताल ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज देने से इंकार कर दिया है। यह कदम बांग्लादेश में अल्पसंख्यक पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध जताने के लिए उठाया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि यह फैसला तब लिया गया जब भारतीय ध्वज का बांग्लादेशी नागरिकों ने अपमान किया। अस्पताल ने अपनी अधिसूचना में कहा कि आज से अगले आदेश तक हम किसी भी बांग्लादेशी मरीज का इलाज नहीं करेंगे। यह उनके द्वारा भारत के प्रति दिखाए गए अपमान के कारण है। उन्होंने इस व्यवस्थापन का पालन करने के लिए शहर के अन्य अस्पतालों से भी उनका समर्थन करने का आग्रह किया है। अधिकारी ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन इसके बावजूद आज हम भारत-विरोधी भावनाओं को देख रहे हैं। हम आशा करते हैं कि अन्य अस्पताल भी हमारा समर्थन करेंगे और इसी प्रकार के कदम उठाएंगे। यह फैसला एक गंभीर मुद्दे को प्रदर्शित करता है, जहां अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं को राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों के साथ जोड़ा जा रहा है। इससे दोनों देशों के बीच की जटिलताएं और बढ़ सकती हैं। अब यह देखना होगा कि क्या अन्य अस्पताल भी इस फैसले को मानते हैं या नहीं और भविष्य में इसका क्या असर होता है।

# कलश यात्रा में भारी भीड़ का अज्ञात चोरों ने उठाया फायदा

## दिनदहाड़े 3 महिलाओ के गले से मंगलसूत्र, सोने की चैन पार कर हुए फरार, महिलाओ ने थाने में की शिकायत, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे जिले में उचित कानून व्यवस्था और मुस्तैद प्रशासन होने का दावा किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर पूरे जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।जिस पर अंकुश लगाना पुलिस प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। जहा चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें ना तो पुलिस का डर है और ना ही कानून की परवाह। जो बेखौफ होकर आए दिनों चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जिले में लगातार बढ़ते जा रहे चोरी के इन मामलों के चलते जिले का क्राइम ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। इसी बीच शनिवार को दिनदहाड़े करीब 1 बजे के बीच नगर में निकाली गई कलश शोभायात्रा की भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर से तीन महिलाओं के गले से सोने के जेवरात, पार कर फरार हो गए। जिसकी शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



### दर्शन के समय हुई चोरी की वारदात

प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री महायज्ञ और विराट संस्कार महोत्सव के तहत जिले में पहली बार हो रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पांच दिवसीय आयोजन को लेकर एक दिन पूर्व 30 नवंबर शनिवार की दोपहर नगर में 1008 कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। इस कलश यात्रा की शुरुवात शनिवार दोपहर 01बजे नगर के काली पुतली चौक स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर से की गई थी। इस धार्मिक आयोजन में भटेरा चौकी वार्ड नंबर 01,नाग मंदिर गली निवासी निवासी 60 वर्षीय श्रीमती पुनवंता पति भोजलाल नगपुरे, और मोती नगर बालाघाट निवासी 59 वर्षीय यशोदा पति वीर सिंह भगत सहित अन्य महिलाएं शामिल हुई थी। बताया जा रहा है कि जब पुनवंता नगपुरे, यशोदा भगत और एक अन्य महिला मंदिर में दर्शन कर रही थी और एक एक कर दर्शन करके बाहर निकल रही थी इसी दरमियान भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने उनके गले से आभूषण पार कर, फरार हो गए। जहां किन्हीं अज्ञात चोरों महिला पुनवंता नगपुरे के गले से 31 ग्राम की सोने की चेन और यशोदा भगत के गले से डेढ़ तोले का मंगलसूत्र पार कर दिया। इसके अलावा एक अन्य बुजुर्ग महिला के भी आभूषण चोरी होने की बात सामने आई है।

### घटना के बाद मचा हड़कंप, माईक से इनाम का भी किया गया ऐलान

उधर जैसे ही महिलाओ को आभूषण चोरी जाने का पता चला, उन्होंने आसपास खड़े लोगों से पूछा और तलाश की, लेकिन आभूषणों का कोई पता नही चला। इसके बाद वहां कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। वही अपने आभूषण वापस पाने के लिए पीड़ित महिलाओं ने मंदिर परिसर में लाउडस्पीकर माईक से अलाउंस कराकर आभूषण मिलने वालों या लौटाने वालो को 11 हजार रु नकद सहित अन्य इनाम दिए जाने की भी घोषणा करवा दी। लेकिन आभूषणों का कहीं कोई पता नहीं चल पाया।

### देर शाम पुलिस से की शिकायत

कोतवाली क्षेत्र की भटेरा निवासी पुनवंता नगपुरे और मोती नगर की यशोदा भगत के साथ ही एक अन्य महिला भी है, जिनके गले से किसी अज्ञात ने सोने की चेन और सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही महिलाओं ने इसकी काफी तलाश की और अन्य लोगों को भी बताया लेकिन इसका कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद देरशाम पीड़ित महिलाओं ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस में की है। जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने आवेदन को जांच में लिया है।

### घटना के वक्त सिर्फ महिलाएं मौजूद थी

इस पूरे मामले को लेकर शनिवार देर शाम शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुची पीड़ित महिलाओं ने सँयुक्त रूप से बताया कि हम लोग गायत्री यज्ञ की कलश यात्रा में गए थे। मंदिर में पूजा में बैठे थे इसके बाद कलश लेकर बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान किसी ने मंगलसूत्र गले की चेन काट ली है। केवल वे ही नही बल्कि तीन महिलाओं के साथ ऐसी घटना हुई है। किसी के डेढ़ तो किसी की ढाई तोले की चेन थी। वहीं एक महिला का मंगलसूत्र भी चोरी गया है ।हमने घटना के बाद वहां अलाउंस भी कराया है कि यदि किसी को आभूषण मिले हो तो वह वापस कर दें उन्हें 11000 रु का इनाम दिया जाएगा लेकिन किसी ने आभूषण वापस नहीं किए। उन्होंने आगे बताया कि जिस दौरान यह घटना हुई, उस दौरान, वहां केवल महिलाएं ही मौजूद थी। उन्हें शक है की चोरी की इस वारदात को किसी महिला ने ही अंजाम दिया है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस मामले में मंदिर और चौक में लगे सीसीटीव्ही को देखा जा रहा है, फिलहाल पुलिस ने पीड़ित महिलाओं के शिकायती आवेदन को जांच में लिया है।

# ये चोर, मचाए शोर... ?

# कथित चोरी के पैसे और शराब बटवारे को लेकर चोरों के बीच मचा बवाल

## हिस्से बंटवारे को लेकर हुई आपसी में जमकर मारपीट, हंगामा मचा रहे कथित चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल, नगर के कालीपुतली चौक का मामला

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शनिवार को नगर के काली पुतली चौक में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। जहां कथित चोरी के पैसे और शराब के बंटवारे को लेकर तीन लोगों के बीच बवाल मच गया।जहां कथित चोरी के बैग से निकाले रुपए और शराब के बंटवारे को लेकर कथित चोरों ने एक दूसरे पर जमकर लात घुसे चलाए। जिससे वह काफी हंगामा मच गया। उधर कथित चोरों के इस शोर, भारी हंगामें और उनके बीच शुरू मारपीट को देख काली पुतली चौक में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जहां मारपीट और विवाद की वजह जानकर हर कोई इन कथित चोरों की हरकत पर ठहाके लगाता हुआ नजर आया। उधर उनके के बीच शुरू आपसी में विवाद और मारपीट को बढ़ता देख बस स्टैंड में ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों को स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी दी। जहां पहुंची यातायात पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। जहां कोतवाली पुलिस ने हंगामा मचाकर मारपीट कर रहे सभी आरोपियों को कोतवाली ले गई।जहा पुलिस ने धारा 151 के तहत कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया है।



### शराब का पैग, कम ज्यादा बनाने को लेकर हुई मारपीट

हालांकि इस पूरे मामले की स्पष्ट जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। लेकिन स्थानीय लोगो द्वारा बताया गया कि शनिवार की सुबहा कहीं बाहर से आए किसी व्यक्ति का एक बैग तीन लोगो ने मिलकर चुरा लिया था। जहां इस बैग को लेकर वे लोग काली पुतली चौक एटीएम के पास पहुंचे। जहां बैग की तलाशी लेने पर उन्हें बैग में कपड़े, अन्य दस्तावेज सहित कुछ रुपए और एक अंग्रेजी शराब की बड़ी बोतल मिली। जहां पहले तो सभी ने शराब पीकर बाद में पैसों का बंटवारा करने की बात कही। इस दौरान वे शराब का पैग बनाने लगे। जहां महंगी शराब का पैग किसी को कम,तो किसी को ज्यादा होने की बात को लेकर उनके बीच आपसी विवाद हो गया। शराब के बंटवारे को लेकर शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ़ गया कि वे लोग आपस में ही तू तू मैं मैं करने लगे। जहां तू तू मैं मै से यह विवाद जल्द ही हाथापाई में बदल गया और उनके बीच जमकर लात घुसे चलने लगे।

### 151 के तहत भेजा गया जेल

इस पूरे मामले को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान पुलिस ने बताया कि नगर के काली पुतली चौक में शराब को लेकर विवाद कर रहे तीन लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई है। जहां उनके द्वारा यह बैग उन्हें कहीं मिलना बताया गया है।वही आरोपियों द्वारा शराब खरीद कर लाना बताया गया है। शराब के बंटवारे को लेकर ही उनके बीच में विवाद हुआ था और वह आपसी में गाली-गलौज कर मारपीट कर रहे थे।जिसके चलते धारा 151 के तहत कार्यवाही कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने झटके मैडल

## एक गोल्ड और दो सिल्वर मैडल लेकर जिले का बढाया मान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड और दो सिल्वर मैडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया है।इंदौर के पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित इस राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के पहले दिन 29 नवंबर शुक्रवार को सब जूनियर बालक 11 वर्ष आयु वर्ग कुमीते विद्या में ईशान सोनवाने ने सिल्वर मेडल तो, आदित्य राणा ने 13 वर्ष आयु में सिल्वर मैडल तो वही,करन चौधरी ने जबलपुर और इन्दौर के खिलाड़ी को हराते हुए गोल्ड मैडल बालक केडेट वर्ग में प्राप्त किया है। इसके अलावा इस राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में आदर्श गुप्ता ,विहान येलकर सहित 7 वर्षीय खिलाड़ी कु. त्विशा सोमनकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालाघाट जिले का नाम गौरवान्वित कर खेल और युवा कल्याण विभाग बालाघाट के, कराते सेंटर मुलना स्टेडियम को तीन पदक दिलवाया है।आपको बताए कि मप्र प्रदेश कराटे एसोसिएशन एवं प्रदेश अध्यक्ष चंद्रराव शिन्डे ,मप्र एसोसिएशन सचिव विनय यादव ,इन्दौर पब्लिक स्कूल प्राचार्य श्रीमती सुधा पांडे मेडम के मार्गदर्शन में उद्घाटन दिनांक 29 नवंबर 2024 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर पब्लिक स्कूल के परिसर , इन्दौर किया गया है जिसमें प्रथम दिवस 29 नवंबर को खिलाड़ियों ने बालाघाट को मैडल दिलाए हैं।



### खिलाड़ियों को मिल रही बधाई

खिलाड़ियों की इस उपलब्धी पर हर्ष व्यक्त करते हुए खेल कराते सेन्टर प्रवक्ता अजय ठाकुर द्वारा बताया गया कि खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में कराते कोच सजिन्द्र कृष्णन नेतृत्व में बालाघाट के 6 खिलाड़ियो ने राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे से एक गोल्ड एवं दो सिल्वर मैडल अर्जित किए है।ये सभी खिलाड़ी मुलना स्टेडियम के कराते सेन्टर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस अवसर पर बालाघाट जटाशंकर महाविद्यालय जिला क्रीड़ा अधिकारी अनिल झरवड़े ,जिला खेल प्रशिक्षक सुनीता सिद्दीकी, क्रिकेट कोच शशि वर्मा, जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे, वॉलीबॉल कोच मोहसिन खान, फुटबॉल कोच नईम खान, एवं रोटरी क्लब पदाधिकारी देवेंद्र सिंह चंदेल, जिला योग अध्यक्ष तपेश आसाटी ,पीटीआई हरीश धुवारे, जिला अध्यक्ष पीटीआई संघ राजेश बिसेन , पुरुषोत्तम लिल्हारे, आदिवासी विकास विरोध वरिष्ठ पीटीआई कमल तिलासे, अजय यादव पिपरिया, वीके उईके नयापुरा लालबर्रा, वरिष्ठ लिपिक केदारनाथ ठाकरे, एवं खेल प्रायोजक मयंक जैन, महेश माही चौहान,युवा समन्वयक राजेश बम्बूरे , श्रीमति ममता बिसेन, श्रीमती रितू परतें, खेमलाल वरकड़े, श्रीमती दिव्या सोलखे, जिला सिवनी कराटे सचिव आशुतोष शुक्ला ,कराटे संघ बालाघाट सचिव संतोष पारधी, नवनीत दुबे सी एम राईज स्कूल, छत्तर सिंह ठाकरे , हाकी कोच सलीम सिद्दीकी ,दीपक अवचट खेल विभाग सभी खेल संघो प्रतिनिधियो एवं बालाघाट खेलप्रेमियों ने अभिभावकों ने शुभकामनाएं दी है ।


# दो लोगों ने एक युवक को पुलिस वाले बताकर हाथ बुक्के से किये मारपीट

## काली पुतली चौक चुलबुल चाय दुकान के सामने हुई घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। काली पुतली चौक स्थित चुलबुल चाय दुकान के सामने दो लोगों ने अपने आप को पुलिस वाले बात कर एक युवक को पड़कर हाथ बुकको से मारपीट कर उसका सिर गुपचुप की दुकान में लगे कांच के फ्रेम में पटक दिए। यह घटना 30 नवंबर को 1.30 बजे हुई। मारपीट में घायल युवक विकास पिता सीताराम बिठले 25 वर्ष ग्राम अंसेरा थाना रामपायली निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास बिठले बूढ़ी बालाघाट में किराए से रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। 30 नवंबर को 1.30 बजे विकास बिठले अपने दोस्त विकास राज पांडे के साथ मोटरसाइकिल में मार्केट जा रहे थे। जिला अस्पताल के सामने विकास का दोस्त भूषण बघेल मिला उसने बताया कि कुछ लोगों ने उसके साथ गाली गलौज किए हैं ।तब तीनों काली पुतली चौक चुलबुल चाय दुकान के सामने पहुंचे जहां पर वही दो लोग मिले विकास ने उनसे बोला कि भूषण बघेल को गाली क्यों दी।तभी दोनों व्यक्तियों ने विकास बिठले को हम पुलिस वाले हैं बोलकर दोनों ने विकास बिठले को हाथ बुक्के से मारपीट किये और उसका सिर वही गुपचुप की दुकान में लगे कांच की फ्रेम में पटक दिए ।जिससे विकास बिठले के चेहरे मस्तक पर चोट आई और दोनों ने विकास बिठले को जान से मार डालने की धमकी दे दीं।बीच बचाव के बाद विकास बिठले को उसके दोनों दोस्तों ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल लाये। जहां उसका इलाज किया गया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मर्सकोले ने विकास बिठले का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट